सुप्रभात
रांची, गुरुवार
11.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 179



12 विश्वमित्र के रूप में आगे बढ़ रहा भारत

## न्यूज डायरी

### अनुच्छेद-370 पर पुनर्विचार याचिका

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद 370 के फैसले पर पुनर्विचार के लिए बुधवार को एक याचिका दाखिल की गयी है। नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी, पीपुल्स मूवमेंट, जम्मू-कश्मीर अवामी नेशनल कांफ्रेंस और सीपीआइएम के यूसुफ तारिगामी ने फैसले पर दोबारा विचार की मांग की है।

### सिसोदिया और सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 20 जनवरी तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने बुधवार को मामले के आरोपित सर्वेश मिश्रा को अंतरिम जमानत दे दी है। साथ ही, कोर्ट ने सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत लेने को कहा है।

### गांजे से बनी चॉकलेट बेचने में तीन धराये

**हैदराबाद।** चॉकलेट खाने के बाद छात्रों के द्वारा अजीब व्यवहार किये जाने की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई की और ओडिशा के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि एसओटी और कोथूर पुलिस ने संयुक्त रूप से रंगारेड्डी जिले के कोथुर औद्योगिक क्षेत्र में तीन दुकानों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने गांजे से बनी 8 किलोग्राम चॉकलेट के 42 पैकेट बरामद किये। पुलिस ने तीन सेल फोन भी जब्त किये हैं।

### हथेली काटने के मामले में 13 वर्ष बाद गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने 2010 में केरल में प्रोफेसर की हथेली काटने के मामले में मुख्य आरोपित सावद को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। यह पिछले 13 साल से फरार था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# रजरप्पा में सड़क हादसा तीन की मौत, 4 घायल

## बोलेरो ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, सभी घायल रिम्स में भर्ती

- बुधवार तड़के करीब तीन बजे हुई भीषण सड़क दुर्घटना
- सभी मृत व्यक्ति रामगढ़ थाने के चेटर गांव के रहने वाले थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़/रजरप्पा।** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर में बुधवार के तड़के करीब तीन बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये हैं। घायलों को रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) कर दिया गया। घायलों की हालत नाजुक बतायी जाती है। मृतकों में रीमा देवी, प्रशांत कुमार और बालो देवी शामिल हैं। सभी रामगढ़ थाने के चेटर गांव के रहने वाले थे। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

**दो की मौके पर ही मौत, तीसरे की रिम्स में :** जानकारी के अनुसार, चेटर गांव के लोग नये वर्ष में घूमने के लिए पारसनाथ जा रहे थे। तड़के 3:00 बजे के करीब बोलेरो ने एक खड़े ट्रक को सामने से टक्कर मार दी। इसमें दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। एक गंभीर रूप से घायल महिला की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। बताया गया कि दुर्घटना में घटनास्थल पर टेकलाल महतो की बहू और 2 वर्ष के पोते की मौत हो गयी, जबकि गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र महतो की पत्नी की रिम्स में मौत हुई।



दुर्घटना के बाद घायलों को रामगढ़ सदर अस्पताल लाया गया, जहां दो लोगों टेकलाल महतो की बहू और पोते को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में धर्मेंद्र महतो की पत्नी की मौत हो गयी। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम करने के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर, दुर्घटना की खबर चेटर गांव में पहुंचने के बाद लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी है।

## 16 विधायकों को स्पीकर ने अयोग्य नहीं माना, कहा

# शिंदे गुट ही असली शिवसेना

- राहुल नार्वेकर ने उद्धव गुट की याचिका खारिज की
- फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी पार्टी : राउत

**एजेंसी**

**मुंबई।** विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सुप्रीम कोर्ट में आदेश पर आखिरकार बुधवार को 16 विधायकों की अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज कर दी है। नार्वेकर ने शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य नहीं माना, बल्कि शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है। इधर, जैसे ही फैसले का आशय स्पष्ट हुआ, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट के समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। दूसरी ओर, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि पार्टी स्पीकर नार्वेकर के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी।

राहुल नार्वेकर ने बुधवार को 16 विधायकों की अयोग्य ठहराने वाली याचिका पर अपना निर्णय विधानमंडल में सुनाया। उन्होंने अपने फैसले में कहा कि तमाम सबूतों का अध्ययन करने के बाद वे इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि शिवसेना (शिंदे समूह) ही असली शिवसेना है। बहुमत के आधार पर एकनाथ शिंदे ही पार्टी के नेता हैं, इसलिए चीफ व्हिप भरत गोगावले की नियुक्ति सही है।

इसी तरह, विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के समय भी भरत गोगावले का ही व्हिप मान्य है। राहुल नार्वेकर ने कहा कि याचिका की सुनवाई के समय सुनील प्रभु वकील महेश जेठमलानी के प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सके थे। साथ ही, सुनील प्रभु की ओर से पेश किये गये कागज भी सही नहीं पाये गये थे। इन्हीं कारणों से एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज की गयी है।



### इन विधायकों पर लटकी थी अयोग्यता की तलवार

एकनाथ शिंदे, चिमनराव पाटिल, अब्दुल सत्तार, बालाजी किनिकर, तानाजी सावंत, यामिनी जाधव, संदीपन भुमरे, भरत गोगावे, संजय शिरसाठ, लता सोनावणे, प्रकाश सर्वे, बालाजी कल्याणकर, अनिल बाबर संजय रायमुलकर, रमेश बोरनारे और महेश शिंदे।

### क्या बोले विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर

राहुल नार्वेकर ने कहा कि सुनील प्रभु की याचिका पर सुनवाई के समय प्रस्तुत किये गये दस्तावेज से पता चलता है कि शिवसेना प्रमुख का चुनाव वोटिंग के आधार पर नहीं किया गया था। किसी भी पार्टी प्रमुख को अपने मन के आधार पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं रहता है। पार्टी प्रमुख के पास किसी को पार्टी से निकालने का अधिकार नहीं है, यह अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को है। इस मामले में एकनाथ शिंदे को नेता पद से हटाने का निर्णय शिवसेना राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नहीं लिया गया है। इसी वजह से एकनाथ शिंदे की ओर चीफ व्हिप के पद पर भरत गोगावले की नियुक्ति सही पायी गयी है।

# 158 प्रखंड घोषित होंगे सुखाड़ क्षेत्र

## सीएम की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में लिया गया निर्णय

- अधिकारियों को निर्देश, सहायता राशि के लिए केंद्र को भेजें प्रस्ताव
- 3500 रुपये प्रति किसान अनुग्रह राशि देने का भी निर्देश दिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में इस वर्ष भी कम बारिश की वजह से 17 जिलों के 158 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति है। झारखंड मंत्रालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आलोक में उपरोक्त सभी प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया कि इन सभी 158 प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने संबंधी प्रस्ताव तैयार करे। ताकि, उसे मंत्रिपरिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जा सके।

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिये प्रस्ताव भेजें। ताकि, उस राशि से सूखा प्रभावित किसानों को मदद की जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए समुचित कदम उठायें। उन्होंने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुखाड़ से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत के तौर पर 3500 रुपये प्रति किसान अनुग्रहित राशि देने को कहा। इसके अलावा, वैसे किसान जिनकी फसल कम बारिश से 33% तक क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें इनपुट अनुदान राशि मिलेगी।

बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबू बकर सिद्दीक और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।



**वैसे किसान जिनकी फसल कम बारिश की वजह से 33% तक क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें इनपुट अनुदान राशि का होगा भुगतान**

## 56 कैदियों को रिहा करने पर बनी सहमति

### ›› सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में लिया गया निर्णय

रांची। राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा किये जायेंगे। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 30वीं बैठक में 109 कैदियों की रिहाई के बिंदु पर समीक्षा के बाद यह सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों के मंतव्य पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जो कैदी जेल से रिहा किये जाते हैं, उनकी लगातार ट्रैकिंग और मॉनीटरिंग होनी चाहिये। इसके अलावा, उनके पुनर्वास की दिशा में भी पहल की जाये, ताकि वे मुख्य धारा में बने रहें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि जेल से जो बुजुर्ग कैदी रिहा रहा किये जाते हैं, उन्हें उनका परिवार अपनाने के लिए आगे नहीं आता है। ऐसे में इनको सरकार की यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से जोड़ा जाये। ताकि, उन्हें इस तरह के हालात में इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि रिहा होने वाले कैदियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, ताकि उन्हें जीविकोपार्जन की दिशा में सहूलियत मिल सके।

### अबतक 1831 कैदी हो चुके हैं रिहा

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक तक 1831 कैदियों की रिहाई हो चुकी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक 457 कैदियों के घर का जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों द्वारा सर्वे कराया जा चुका है। इनमें से 378 कैदियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। जबकि, अन्य कैदियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, विधि विभाग के प्रधान सचिव नलिन कुमार, पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक, जेल महानिरीक्षक उमाशंकर सिंह, न्यायिक आयुक्त अरुण कुमार राय, जेल एआइजी हामिद अख्तर और प्रोबेशनर अफसर चंद्रमौली सिंह उपस्थित थे।

# नौसेना को मिला पहला स्वदेशी यूएवी दृष्टि-10



- स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में होगा शामिल
- अदाणी डिफेंस ने हैदराबाद के यूएवी कॉम्प्लेक्स में किया है विकसित

**एजेंसी**


**नयी दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लांग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी नौसेना को सौंप दिया। इसे अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने हैदराबाद स्थित यूएवी कॉम्प्लेक्स में निर्मित किया है। हर्मीस यूएवी पर आधारित स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद यह यूएवी (अनमैंड एरियल वेहिकल) विकसित करके नौसेना को सौंपा जाना महत्वपूर्ण है।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज में पहले स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लांग एंड्योरेंस यूएवी की प्रगति का जायजा लेने और समीक्षा करने के लिए आपके बीच आना वास्तव में सम्मान और गर्व की बात है। दृष्टि-10 अनुबंध के बाद केवल 10 महीनों में अपने नाम के अनुरूप यह यूएवी दिन की रोशनी 'देख' चुका है। उन्होंने कहा कि समसामयिक दुनिया के तेजी से विकसित हो रहे और गतिशील तकनीक से जुड़े युद्धों में स्वायत्त प्रणालियों के महत्व पर जोर देने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम अपने घरों में बैठे-बैठे यूरोप और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्षों में उनके प्रभाव को देखते रहते हैं। इसके अलावा उत्तरी अरब सागर में हाल की घटनाएं इस तरह की प्रणालियों के आतंकवादियों के हाथों में पड़ने पर उत्पन्न होने वाली चुनौतियां दर्शाती हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## त्रेता युग की धरोहर दशरथ महल की वर्षों तक हुई अनदेखी

# रामलला की किलकारियों का साक्षी महल भी चमका




**रामलला आ रहे हैं...**

**एजेंसी**

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उसी सुकोमल राजपुष्प के कदमों की आहट एक बार फिर सुनने के पूर्व दशरथ महल का यह प्रांगण भाव विह्वल हो उठा है। उत्तर प्रदेश सरकार महल का जीर्णोद्धार करवा कर भव्य दिव्य रूप प्रदान करने में लगी हुई है।

चाहे वाल्मीकि रामायण हो, महान कवि तुलसीदास कृत रामचरित मानस हो या चलचित्र के आधुनिक रूपांतरण रामानंद सागर कृत रामायण ही क्यों न हो, रामलला के बाल्यकाल के सुलभ हठ, किलकारियां, हंसने-मुस्कराने, रोने-मनाने की लीलाओं का संबंध जिस महल के प्रांगण से था, त्रेतायुग से लेकर आज तक भी वह यथावत है। इसका रामनगरी में अपना एक अलग ही सम्मान, भाव और परिपाटी है। दशरथ महल के जीर्णोद्धार का कार्य करने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2021 में फैसला किया, जो आज अपनी पूर्णता की ओर हैं।

हम बात कर रहे हैं उसी दशरथ महल की, जहां माता कौशल्या की गोद में पैजनिया पहने ठुमक कर चलते सकल ब्रह्मांड के नायक अपने पिता से चांद पाने का हठ कर लेते हैं और पिता थाली में जल सजाकर दर्पण के रूप में चंद्रमा के प्रतिबिंब को रामलला के लिए साकार कर देते हैं। चंद्रमा को देख पल भर में राम का रुदन पुलकित किलकारियों में परिवर्तित हो गया, जिसकी प्रतिध्वनि से पूरा महल गुंजायमान हो उठता था। क्या माता-क्या पिता, क्या राजा-क्या प्रजा, पुलकित आह्लादित उस सुकुमार के दैदीप्य मुखमंडल पर अपना सब कुछ हार जाने वाली अयोध्या का साक्षी रहा यह खास महल तबसे लेकर अब तक विद्यमान है। इस महल ने त्रेतायुग में साकार राम को देखा और अब कलि काल में भी जल्द ही अपने प्रिय लला को पुनर्प्रतिष्ठित होने की घड़ी देखने वाला है। यह वही दशरथ महल है, जो 500 साल के पराभव काल के दौरान भी मौजूदा रामजन्म भूमि क्षेत्र पर श्रीराम के मंदिर होने के साक्ष्यों की गवाही देता रहा। वर्षों की उपेक्षा के बाद योगी सरकार के प्रयास ने इस महल रूपी मंदिर को गौरवशाली आभा प्रदान की है।

(शेष पेज 11 पर)



### 2017 के बाद का दशरथ महल

**लाइट की व्यवस्था :** यह दशरथ भवन की तरफ श्रद्धालुओं को भौतिक रूप से आकर्षित करती है। इसकी शोभा काफी विशिष्ट सज्जा से आभा प्रदान करता है।

**उत्कृष्ट साज सज्जा :** भवन का जीर्णोद्धार, चूना-सुर्खी से पुताई, चहारदीवारी का सुदृढ़ीकरण, पहले से खड़े स्ट्रक्चर को श्रद्धालुओं की आस्था के अनुरूप सुसज्जित किया गया। यहां श्रीराम के जीवन को चित्रित करते हुए वाल पेंटिंग, रामचरित मानस के दोहे लिखे हैं।

**सत्संग भवन :** यहां 80 फीसदी से अधिक काम हो गये हैं। 22 जनवरी तक यह पूर्ण हो जायेगा। इसके बाद यहां भजनानंदी कीर्तन-सत्संग कर श्रीराम के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित कर सकेंगे।

**प्रवेश द्वार :** पुराने वैभव को संरक्षित करते हुए आधुनिकता का समावेश किया गया है। लंबे समयावधि तक टिकाऊ रहने वाले पेंट-कोटिंग की परत चढ़ाने का कार्य चल रहा है।

**रैन बसेरा :** रैन बसेरा यहां बनकर तैयार है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल रहा है।

**यात्री सहायता केंद्र :** यहां आने वाले श्रद्धालुओं को यहां की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक महत्व, सांस्कृतिक योगदान व आध्यात्मिक महत्व के बारे में अवगत कराता है।

### बृज की संस्कृति के काल खंड की होगी पड़ताल

**भरतपुर।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआइ) अब भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली व लीलास्थली के रूप में दुनिया भर में पहचाने जाने वाले बृज क्षेत्र की संस्कृति और कालखंड की पड़ताल करेगा। एएसआइ की टीम ने डीग जिले के बहज गांव में बुधवार को एक ऐतिहासिक टीले का उत्खनन कार्य शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि इस टीले के उत्खनन से बृज क्षेत्र के इतिहास और कालखंड की महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। पुरातत्व विभाग के सुपरीटेंडेंट विजय गुप्ता ने बताया, खुदाई के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से अनुमति ली गयी है। यहां करीब दो से तीन महीने तक खुदाई कार्य किया जायेगा। यहां करीब 50 लोगों की टीम उत्खनन का कार्य कर रही है। विजय गुप्ता ने कहा, बहज गांव बृज क्षेत्र का ही हिस्सा है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक क्षेत्र है।

# प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जायेंगे खड़गे, सोनिया और अधीर

## निमंत्रण को किया अस्वीकार, कहा- यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का कार्यक्रम बताते हुए इसके निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण मिला था।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को एक बयान में कहा, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी ससम्मान निमंत्रण अस्वीकार करते हैं, जो कि स्पष्ट रूप से आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है। जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी को आयोजित होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि राम देश में लाखों लोगों की आस्था हैं। धर्म व्यक्तिगत विषय है। रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने राम मंदिर निर्माण को सालों से राजनीतिक परियोजना बनाया हुआ है। एक अधूरे निर्मित मंदिर का उद्घाटन स्पष्ट तौर पर राजनीति लाभ के लिए किया जा रहा है।



## आज हाजिर हो सकते हैं साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव

# बर्लिन अस्पताल मामले में आइएएस अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को इडी का समन

### गलत तरीके से जमीन खरीदने की इडी को मिली थी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आइएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को समन किया है। इडी ने उन्हें 12 जनवरी को तलब किया है। इसके पूर्व उन्हें 3 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। बताया जा रहा है कि बर्लिन हॉस्पिटल केस में प्रीति कुमार को समन किया गया है। गौरतलब है कि जमीन घोटाला केस में बर्लिन अस्पताल का मामला सामने आया था। इडी के अधिकारियों ने 5 दिसंबर को बर्लिन अस्पताल का सर्वे किया था। इस दौरान अधिकारियों ने बर्लिन हॉस्पिटल की जमीन भी मापी थी।

**5 दिसंबर को इडी ने दस्तावेजों की जांच की थी :** 5 दिसंबर को सर्वे के दौरान इडी के अधिकारी बर्लिन हॉस्पिटल के दस्तावेज खंगाल रही थी। अमीन से जमीन की नापी भी कराई गई थी। बता दें कि यह पूरा मामला रांची के बड़गाईं अंचल के खाता संख्या-54, प्लॉट नंबर-2711 की 12 कट्ठा जमीन से संबंधित है। दरअसल, इडी को जानकारी मिली थी कि जमीन गलत तरीके से खरीदी गई है। जमीन की खरीद मूल्य बाजार मूल्य से काफी कम थी। बताया गया कि आइएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार की खरीदी गई। इस जमीन में परचेजर के रूप में डॉ. नलिनी रंजन सिन्हा और उषा सिन्हा का जिक्र किया गया था। बाद में प्रीति कुमार और टीएम ठाकुर ने जमीन खरीद लिया। बाद में टीएम ठाकुर ने रजिस्टर डीड के जरिए जमीन सरेंडर कर दिया। बताया गया कि जमीन 1 करोड़ में खरीदी गई है जबकि इसकी वास्तविक कीमत कई करोड़ रुपये है। जमीन पर बर्लिन हॉस्पिटल का निर्माण कराया गया।

### आज हो सकती है साहिबगंज डीसी से पूछताछ



साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन के मामले में इडी साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ कर सकती है। इडी ने रामनिवास निवास यादव को इडी ने 11 जनवरी को इडी कार्यालय में हाजिर होने के लिए समन जारी किया था।

### इडी निवेश कुमार को रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ

**रांची।** ईडी पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के आर्थिक सलाहकार निवेश कुमार उर्फ राजवीर से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। ईडी ने ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में निवेश कुमार को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन देकर अनुमति मांगी है। बुधवार को आवेदन पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान निवेश कुमार की ओर से रिमांड वकील बीरेंद्र प्रताप ने पैरवी की। रिमांड मांगे जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि उसको एनआईए ने रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। ईडी के आवेदन में पूर्व में लिये गये पुलिस रिमांड का जिक्र नहीं है। पांच दिन की जगह दो दिन पुलिस रिमांड पर देने का आग्रह किया। वहीं, ईडी की ओर से उनके वकील ने कहा कि निवेश कुमार से पूछताछ जरूरी है। उसके पास से लेवी वसूली का राशि बरामद हुई है। जानकारी हो कि ईडी ने पिछले साल नवंबर महीने में दिनेश गोप के नजदीकी नौ लोगों के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग का केस किया है। इसमें निवेश कुमार का भी नाम शामिल है। मालूम हो कि छह जनवरी 2022 को धुर्वा बांध के पास से नक्सलरोधी अभियान में सुरक्षाबलों और पुलिस ने नक्सली संगठन पीएलएफआई के मुखिला दिनेश गोप के नजदीकी आठ लोगों को लेवी की 77 लाख रुपये की राशि के साथ धर दबोचा था।

# रांची में एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वॉयड टीम गठित सिटी डीएसपी के नेतृत्व में कसी जायेगी नकेल

### राज्य में बढ़ते रंगदारी के मामलों के लिए पुलिस ने बनाया एक्शन प्लान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची सहित आसपास के जिलों में हाल के दिनों में एक्सटॉर्शन के मामले बढ़ने पर पुलिस मुख्यालय ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय ने कहा कि रांची में रहने वाले कारोबारी को अगर रांची से बाहर धमकी मिल रही है तो उसकी सूचना रांची पुलिस के पास नहीं रहती है। ऐसे में पुलिस के द्वारा रांची में वैसे लोगों को सुरक्षा उपलब्ध करवा पाना मुश्किल भरा काम रहता है। इस तरह के मामलों में सुरक्षा में चूक होती है जिसकी वजह से हाल के दोनों कई कारोबारियों पर हमले हुए, जिसमें कुछ की मौत तक हो गई। ऐसे मामलों पर ब्रेक लगाने के लिए पुलिस के द्वारा प्रयास शुरू कर दिया गया है।

रांची डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को चतरा में धमकी मिल रही है और वहां के किसी थाने में उसके द्वारा मामला दर्ज करवाया गया है और वह व्यक्ति अगर रांची का रहने वाला हो, तो चतरा पुलिस की यह जिम्मेदारी होगी कि वह रांची पुलिस को भी इस मामले की पूरी जानकारी दें, ताकि रांची में स्थानीय थाने को अलर्ट किया जा सके।



**एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वायड का गठन :** राजधानी रांची में एक्सटॉर्शन की बढ़ती वारदातों पर ब्रेक लगाने के लिए एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वायड टीम का गठन किया गया है। पुलिस आदेश में यह बताया गया है कि विगत कुछ दिनों से यह देखा जा रहा है कि आए दिन अज्ञात अपराधियों के द्वारा व्हाट्सएप से वीडियो कॉल, मोबाइल कॉल, मैसेज तथा पत्र के माध्यम से किसी बड़े अपराधी और सक्रिय उग्रवादी के नाम पर जमीन कारोबारी, कोयला कारोबारी तथा अन्य से रंगदारी मांगी जा रही है। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी और जानलेवा हमले तक किए जा रहे हैं। ऐसे में राजधानी में ऐसे मामलों में लिप्त अपराधियों को चिन्हित कर गिरफ्तार के लिए एक एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का गठन किया जाता है।

**सिटी डीएसपी करेंगे टीम को लीड :** एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड को रांची के सिटी एसपी दीपक कुमार लीड करेंगे। वहीं, टीम के बाकी सदस्यों में डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद, अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार, सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार, रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महाथा, कांके थाना प्रभारी आभाष कुमार को शामिल किया गया है। सहयोग के लिये एसएसपी क्यूआरटी और टेक्निकल सेल के अफसरों और जवानों को शामिल किया गया है।

# कांके विधायक समरीलाल बनाम सुरेश बैठा मामले में आज भी होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट से उम्मीदवार रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर बुधवार को हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से अदालत को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को आरक्षण का लाभ उसी राज्य में मिलता है, जिसमें उसका जन्म हुआ है, समरी लाल के नामांकन के समय ही आपत्ति की गई थी और किसी भी गवाह ने अपने बयान में इस बात का समर्थन नहीं किया कि वे यहां के निवासी हैं। अब इस मामले में अदालत गुरुवार को सुनवाई करेगा।

बता दें कि 2019 विस चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया। जिसके बाद सुरेश बैठा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समरीलाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। इसके पीछे उन्होंने आधार दिया है कि समरी लाल की ओर से चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है। हालांकि जाति प्रमाण पत्र के मामले में समरी लाल को राहत मिल चुकी है।

# राज्यपाल से मिले ट्रेनी आइएफएस



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने उनसे संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नक्सली हिंसा में मारे गये चार लोगों के आश्रितों को एक-एक लाख का मुआवजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची, चाईबासा, गढ़वा और लातेहार जिले में नक्सली हिंसा में मारे गये लोगों के आश्रितों को मुआवजा मिलेगा। झारखंड गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इन चारों जिलों में मरने वाले चार लोगों के आश्रितों को अनुदान राशि के रूप में एक-एक लाख का मुआवजा प्रदान किया जायेगा।



**इनलोगों को मिलेगा मुआवजा :** चाईबासा जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में 16 अप्रैल 2021 को नक्सली हिंसा में मारे गये रामराई लुगुन के बेटे राजेश लुगुन, रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र में 4 सितंबर 2016 को नक्सली हिंसा में मारे गये मुकेश प्रधान की मां दयावंती देवी, गढ़वा जिले के रामकंडा थाना क्षेत्र में 17 नवंबर 2020 को नक्सली हिंसा में मारे गये नवीन कुमार के भाई प्रवीण कुमार और लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में चार अगस्त 2017 को नक्सली हिंसा में मारी गयी रीता देवी के पति अभिमन्यु सिंह को मुआवजा दिया जायेगा।

**कर्मी को सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिलने का मामला**

# बिस्कोमान के एमडी को 12 जनवरी को हाईकोर्ट में फिर हाजिर होने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कर्मी को सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिये जाने मामले में बुधवार को बिस्कोमान एमडी वर्चुअल रूप से हाईकोर्ट में उपस्थित हुए। न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने बिस्कोमान के मैनेजिंग डायरेक्टर को पुनः 12 जनवरी को वर्चुअली उपस्थित होने का निर्देश दिया। प्रार्थी को बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करने एवं मामले में जवाब दायर करने का भी निर्देश दिया। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान एमडी बिस्कोमान की ओर से कोर्ट में सशरीर उपस्थिति की बजाय वर्चुअल उपस्थित सुनिश्चित करने के लिए कोर्ट में पिटीशन दाखिल किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने एमडी को निर्देश दिया कि मामले में प्रार्थी को बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करें एवं अगली सुनवाई में जवाब दायर करें।

दरअसल, दुमका, बिस्कोमान में कार्यरत विजय बहादुर सिंह 31 अगस्त 2007 को सेवानिवृत्त हुए थे। बिस्कोमान की ओर से उन्हें कुछ अवधि का वेतनमान एवं सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया जा रहा था। हाई कोर्ट द्वारा मामले में बिस्कोमान को नोटिस जारी होने के बाद भी बिस्कोमान की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं हो सका था, जिस पर हाई कोर्ट ने पटना, एसपी को बिस्कोमान के एमडी को कोर्ट के समक्ष हाजिर करने का निर्देश दिया था।

# मोदी की गारंटी को लेकर योजनाओं का लाभ ले रहे हैं लाभुक : केके गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में मोदी सरकार की गारंटी वाला रथ हिनू और जोरार नामकुम में लगाई गई। इसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आवास योजना, विश्वकर्मा योजना से जुड़े जरूरत मंद लोग शिविर में आकर अपना फॉर्म भरा। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने केंद्रीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी जी जो बोलते है, वह करते हैं। मोदी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है।



यही कारण है अब तक देश में 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये हैं। इस अवसर पर सीमा शर्मा, वरुण साहु, बलराम सिंह, ललित ओझा, मनोज झा, कृष्णा महतो, प्रीति केशरी हिनू में लगाये गये शिविर में शामिल होकर लोगों को योजनाओं से जुड़ी बातों को बताया। जोरार नामकुम के कार्यक्रम में सुजीत शर्मा, पिंटु कुमार, अशोक गोप आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नशे के कारोबार में अफीम-डोडा मादक पदार्थ के 2386 मामले झारखंड में दर्ज

**5 वर्ष का ब्योरा**

### चतरा, रांची, जमशेदपुर, खूंटी, हजारीबाग और सरायकेला में दर्ज हुए सबसे अधिक मामले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पूरे देश में नशे के कारोबार का कॉरिडोर बना हुआ है। झारखंड से होकर अफीम-डोडा जैसे मादक पदार्थ देश के दूसरे हिस्सों खास कर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश होते हुए दिल्ली-मुंबई तक पहुंच रहा है। अफीम की खेती और इसकी तस्करी को लेकर झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र हमेशा से बदनाम रहा है। रांची, खूंटी, चतरा, हजारीबाग, लातेहार जिले में सबसे अधिक अफीम की खेती की जा रही है। एनडीपीएस एक्ट (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट) से जुड़े मामले की सीआईडी में समीक्षा हुई थी। पांच वर्ष तक के मामले में की गई समीक्षा में इस बात का पता चला है कि राजधानी रांची के लोअर बाजार, नामकुम, सुखदेवनगर समेत राज्य के दो दर्जन थानों में 20 से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं। वहीं इन पांच वर्ष 2019 से 2023 तक राज्य में एनडीपीएस एक्ट के तहत 2386 मामले दर्ज किये गये। इनमें सबसे अधिक राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना में 29, नामकुम थाना में 24, सुखदेवनगर थाना में 42, हजारीबाग जिले के सदर थाना में 21, कटकमसांडी थाना में 41, चौपारण थाना में 36, खूंटी जिले के खूंटी थाना में 35, सायको थाना में 36, अड़की थाना में 47, मुरहू थाना में 42, मारंगदाहा थाना में 62 चतरा जिले के सदर थाना में 118, कुंदा थाना में 84, लावालौंग थाना में 73, वशिष्ठनगर थाना में 61, राजपुर थाना में 34, प्रतापपुर थाना में 41, हंटरगंज थाना में 25, गिद्धौर थाना में 23 लातेहार जिले के बालूमाथ थाना में 28, जमशेदपुर जिले के मानगो थाना में 47, सीतारामडेरा थाना में 46, सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना में 61, गुमला जिले के गुमला थाना में 71 मामले बीते पांच वर्ष में दर्ज किये गये हैं।



अफीम की खेती के लिए झारखंड की मिप्ती और जलवायु काफी मुफीद है। जिसकी वजह से हजारों एकड़ जमीन पर इसकी अवैध तरीके से खेती की जा रही है। पहले इसके पीछे नक्सली हुआ करते थे लेकिन अब आम ग्रामीण भी इससे होने वाली मोटी कमाई की वजह से इसकी खेती से जुड़ गए हैं। पुलिस का मानना है कि इसके पीछे कुछ ऑर्गनाइज्ड गैंग भी काम कर रहे हैं। हालांकि पुलिस इसके खिलाफ जागरुकता अभियान भी चला रही है। पिछले पांच वर्ष में झारखंड में 2386 मामले दर्ज किये गये है। इनमें सबसे अधिक चतरा में 506, रांची में 278, जमशेदपुर में 255, खुंटी में 249, हजारीबाग में 179, सरायकेला में 128, गुमला में 126, पलामू में 90, लातेहार में 66, चाईबासा में 62, देवघर में 49, रेल जमशेदपुर में 46, गोड्डा में 43, सिमडेगा में 39, साहेबगंज में 37, धनबाद में 35, बोकारो में 35, गढ़वा में 31, रामगढ़ में 27, गिरिडीह में 26, कोडरमा में 16, दुमका में 16, पाकुड़ में 15, रेल धनबाद में 15, लोहरदगा में 9, जामताड़ा में 6 और एटीएस में 2 मामले दर्ज किये गये हैं।

# अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड के आरोपियों की जमानत पर हाई कोर्ट ने तीसरी बार किया इंकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा की हत्या के आरोपी अफसर आलम ऊर्फ छोटू उर्फ लंगड़ा और शोभराज महतो को बेल देने से हाईकोर्ट ने तीसरी बार इनकार कर दिया है। लंगड़ा ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद अदालत ने लंगड़ा की याचिका खारिज कर दी।

बता दें कि वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में कई लोगों को आरोपी है। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा के परिजनों की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार ने बहस की। इस केस में बहस के लिए अधिवक्ता हेमंत शिकरवार कोई फीस नहीं ले रहे हैं।

# हाईकोर्ट के अधिवक्ता सतीश कु सिंह रहस्यमय ढंग से लापता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सतीश कुमार सिंह लगभग 48 घंटों से लापता हैं। वह डोरंडा थाना क्षेत्र के साउथ ऑफिस पाड़ा के आनंदम अपार्टमेंट में रहते हैं। अधिवक्ता सतीश कुमार सिंह के लापता होने के बाद उनके परिजनों ने डोरंडा थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। जिसपर पुलिस जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक, सतीश सिंह किसी उपेंद्र नाम के व्यक्ति के पास पैसा लेने के लिए घर से करीब 4:30 बजे निकले, जिसके बाद करीब 6.30 बजे शाम उन्होंने घर पर फोन कर बताया कि वे हटिया में हैं और पैसा मिलते ही घर आ जाएंगे। लेकिन उसके बाद फोन ऑफ हो गया और वह अब घर नहीं लौटे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एनआइआरएफ के टॉप-50 में भी नहीं आती हैं राज्य की एक भी यूनिवर्सिटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में राज्य सरकार के आठ विश्वविद्यालय हैं। इनमें से एक भी विश्वविद्यालय नेशनल इस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के टॉप 50 में नहीं आते हैं। इन सभी विश्वविद्यालयों पर सरकार सालाना करोड़ों रुपए खर्च करती है। विश्वविद्यालय के कुलपति हर साल इसमें सुधार करने की बात करते हैं, लेकिन इनमें कोई सुधार नहीं होता है। यही कारण है कि राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय अपना स्थान नहीं बना पा रहे हैं। इतना ही नहीं एनआईआरएफ द्वारा तय मानकों को पर भी आठों विश्वविद्यालय खरा नहीं उतर पा रहे हैं।

### रैंकिंग के लिए पांच पारामीटर सेट

एनआईआरएफ ने रैंकिंग के लिए पांच पारामीटर सेट किया है। इसके आंकलन के बाद ही अंक दिया जाता है। इस अंक के आधार पर संस्थान की रैंकिंग होती है। यूजीसी नेक और एनआईआरएफ का विश्वविद्यालय के लिए कई मानक तय किए हैं। वहीं एंटी मानकों में सुविधा भी उपलब्ध करनी होती है। लेकिन टाइम मानकों के आधार पर सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जाती है। यही कारण है कि रैंकिंग में या ग्रेडिंग में ज्यादा अंक विश्वविद्यालय नहीं बना पाती है।

**एनआईआरएफ का पारामीटर**
- -टीचिंग, लर्निंग और रिसोर्स
- -रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस
- -ग्रेजुएशन आउटकम
- -आउटरीच और इन्क्लूसिविटी
- -उपलब्ध सुविधाएं

**शिक्षकों की कमी की है सबसे बड़ी वजह :** राज्य के विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर एसोसिएट प्रोफेसर और विश्वविद्यालय प्रोफेसर की भारी कमी है। इसी वजह से विश्वविद्यालय में शोध और शोध पत्र पब्लिश का कार्य बहुत ज्यादा या तय मानकों के आधार पर उतना नहीं हो पाता है। नतीजा विश्वविद्यालय अपनी रैंकिंग ठीक नहीं कर पाती है। कई ऐसे विश्वविद्यालय भी हैं, जहां विश्वविद्यालय प्रोफेसर है ही नहीं।

# वीर गाथा परियोजना के तहत झारखंड को तीन आयु वर्ग में मिले पांच पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वीर गाथा परियोजना के तहत वीरता पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। राज्य को तीन आयु वर्ग में पांच पुरस्कार मिले हैं। कक्षा 6 से 8 वर्ग में अमन महतो और रौनक राज को पेंटिंग में, कक्षा 9 और 10 वर्ग में प्रतिवा सेन को पेंटिंग, कक्षा 11 और 12 वर्ग में हर्ष द्विवेदी और सुशांत कुमार ने पेंटिंग में पुरस्कार हासिल किया है।

झारखंड ने वीर गाथा परियोजना 3.0 पुरस्कारों के लिए 72 प्रविष्टियां भेजी थी। छात्रों ने वीरता पुरस्कार विजेताओं पर कला, कविता, निबंध और मल्टीमीडिया जैसे विभिन्न मीडिया के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं को तैयार किया था, जिसे रक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। जिला व राज्य स्तर पर मूल्यांकन के बाद इन परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर के लिए भेजा गया था। राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर की समिति ने किया, जिसका गठन शिक्षा मंत्रालय ने किया था।




### राष्ट्रीय स्तर पर सुपर 100 का चयन

राज्यों से भेजी गयी प्रविष्टियों में टॉप 100 का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। इन्हें सुपर 100 कहा जाता है। वीर गाथा परियोजना 3.0 के 100 विजेताओं (राष्ट्रीय स्तर पर) को चार अलग अलग कक्षा वर्ग श्रेणियों में पुरस्कार दिया जाता है। इनमें कक्षा 3 से 5, 6 से 8, 9 व 10, 11 व 12 के लिए शीर्ष 25 बच्चों का चयन होता है। प्रत्येक विजेता को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10,000 रुपये कैश प्राइज और सर्टिफिकेट दिया जाता है।

### वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में 4098 प्रविष्टियां आयीं

वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.36 करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों ने भाग लिया था। छात्रों ने सशस्त्र बलों के अधिकारियों, कर्मियों की बहादुरी और बलिदान को सम्मान देने के लिए कवितायें, पेंटिंग, निबंध, वीडियो आदि के रूप में 4098 प्रविष्टियां भेजी। इनमें सर्वाधिक 720 प्रविष्टियां यूपी ने भेजी थी।

## स्पीड न्यूज

### एसडीओ के आदेश पर अतिक्रमण हटाया


**चैनपुर पलामु।** चैनपुर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर विवेकानंद चौक के समीप शिव मंदिर के जमीन पर दुकान एवं मकान बना कर अतिक्रमण कर रहे कार्य को अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर चैनपुर पुलिस ने बुधवार को रोक लगा दिया है। इधर प्रथम पक्ष के पांकी रोड निवासी देवव्रत राम एवं शिव पार्वती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष केदार शर्मा ने मंदिर के जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी से किया था जो कि पुलिस ने काम बंद करा दिया है। निर्माण करा रहे चैनपुर के ताली गांव निवासी नंदकिशोर तिवारी एवं बेलवा टीकर मेदिनीनगर निवासी मनोज सिंह को नोटिस के माध्यम से काम बंद करने की सूचना दिया गया था फिर भी उक्त जमीन पर धड़ल्ले से काम किया जा रहा था। नोटिस के माध्यम से दोनों पक्षों को 144 के माध्यम से उक्त जमीन पर नहीं जाने एवं शांति भंग नहीं करने की बात कही गई है। निर्धारित समय पर अनुमंडल पदाधिकारी के पास दस्तावेज के साथ दोनों पक्षों को उपस्थित होने को कहा गए हैं।

### खेल से हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है : कर्नल संजय



**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम हीरा सिकनी में युवा स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने खेल का शुभारंभ फीता काट कर किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि खेल से जातिवाद की भावना खत्म होती है और टीम भावना विकसित होता है। क्रिकेट में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है। खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। उदघाटन मैच पतरा कला पंचायत बनाम डंडीला पंचायत के बीच खेला गया। इस अवसर पर डंडीला पंचायत के उप मुखिया ललीता देवी मुखिया प्रतिनिधि सुमित राजा, वार्ड सदस्य विजेन्द्र यादव, पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, सत्यनारायण यादव, रमेश प्रजापति देवेन्द्र कुमार, बुलु प्रजापति, संतोष पासवान, उदेश कुमार, गनौरी रजवार सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

### चैनपुर : सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ को लेकर सीआरसी में बैठक



**चैनपुर।** सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर बुधवार को प्रखंड चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बसरिया कला संकुल में बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता संकुल साधन सेवी रविंद्र प्रसाद एवं राजेश प्रसाद तथा संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों को सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम की जानकारी दी गई बताया गया कि 11 जनवरी को सुबह 8:30 से 9:30 के पहले इंस्टाग्राम फेसबुक व्हाट्सएप या उन मीडिया सोशल मीडिया ग्रुप पर शेयर करने की अपील की गई। बताया गया कि बच्चों को स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के लिए सीटी बजाने से बच्चों में जागरूकता बढ़ेगी। जिससे विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी सिटी बजाने से बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी तो स्वेटर बच्चे स्कूल की ओर आना शुरू कर देंगे। मौके पर दशरथ सिंह, त्रिलोकी उरांव चिंता उरांव, संगीता कुमारी, सनी कुमार, नवल किशोर संतोष कुमार, अश्वनी चौबे, अश्वनी कुमार, सतीश तिवारी, पंकज चौबे विनय, अर्जुन सिंह, रघुवीर सिंह, शिवकुमार आदि उपस्थिति थे।

### हिट एंड रन कानून के विरोध में चालको ने किया प्रदर्शन, मुख्य मार्ग किया जाम




**विश्रामपुर (पलामू)।** केंद्र द्वारा प्रस्तावित हिट एंड रन कानून में किये गये संसोधन के विरोध में चालको ने बुधवार को रेहला बजरंगबली चौक व बेलचम्पा में टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही बी मोड़-गढ़वा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। स्थानीय पुलिस चालको को समझा बुझा जाम हटाने का प्रयास कर रही है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक एक तरफ से जाम लगा हुआ था। चालको का कहना था कि सरकार तत्काल प्रस्तावित इस कानून को वापस ले,नही तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेग। मौके पर दर्जनों चालक मौजूद थे।

### मोहम्मदगंज : सांसद बीडी राम 16 को सड़क का शिलान्यास करेंगे

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज से वाया पंसा,रानी देवा,अधौरा, हैदरनगर पथ का शिलान्यास 16 जनवरी दिन मंगलवार को समय-11 बजे पूर्वाह्न में भजनिया मोड़ पर सांसद वीडी राम के कर कमलों से संपन्न होना सुनिश्चित हुआ है। इस आशय की जानकारी देते हुए उपप्रमुख नगीना सिंह ने सभी से वहां पहुंच कर शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### बीपीओ ने कसियाडीह में बैठक की



**सतबरवा।** सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान को सफल बनाने को लेकर बीपीओ डॉ मनोज कुमार तिवारी ने बुधवार को सीआरसी रामवि कसियाडीह में बैठक की। बैठक में सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षक समेत प्रबंधन समिति तथा माता समिति के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान बीपीओ डॉ तिवारी ने कहा कि 11 जनवरी को सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान की शुरूआत की जाएगी। जिसमें विद्यालय के पोषक क्षेत्र में सुबह साढ़े आठ बजे से विद्यालय आने के समय में सिटी बजाया जाएगा। इस कार्यक्रम से बच्चे और अभिभावकों को जानकारी मिलेगी कि बच्चों को विद्यालय जाने का समय हो गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों का आधार तथा खाता का सत्यापन ईविद्या वाहिनी पर करना सुनिश्चित करें। अन्यथा संबंधित शिक्षकों का वेतन बंद करने के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखा जाएगा।

### सिटी बजाओ कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के हिसरा के मध्य विद्यालय में सीटी बजाओ कार्यक्रम का बैठक संकुल साधन सेवी कन्हैया तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक किया गया। जिसमें बच्चों की उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के तहत सीटी बजाओ और स्कूल बुलाओ को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में नावाडीह पंचायत के मुखिया दयानंद प्रसाद शिक्षक रविन्द्र कुमार रंजन मध्य विद्यालय हिसरा, विजय कुमार राम, करमा, संजय कुमार राम, राजीव प्रसाद,मनोज तिवारी, नीरज कुमार, मुरारी बैठा,नंदलाल यादव, पंकज कुमार, अनुप कुमार, सुनैना देवी, सऊद आलम आदि विद्यालय प्रभारी/शिक्षक बैठक में भाग लिए।

### सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली रैली



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखण्ड सरकार एवं जिला शिक्षा विभाग के निर्देश पर बुधवार को शहर के राज्यकृत कन्या मध्य विद्यालय और मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के छात्र-छात्राओं ने सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत रैली निकाली जो स्कूल से निकल कर शहर के पटेल चौक मधुशाला रोड गांधी चौक मुख्य बाजार होते हुए अपने अपने विद्यालय में समापन किया। प्रधानध्यापक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा आदेश किया गया था जिसके उपरांत आज यह रैली का आयोजित की गई हैं। मौके पर कन्हैया प्रसाद, राजेश गुप्ता, राजेश सिन्हा, अविनाश अम्बष्ठ आदि उपस्थित थे।

### विश्रामपुर : घायल दिव्यांग की मौत

विश्रामपुर पलामू। प्रखंड क्षेत्र के सिगसिगी बिचला टोला गांव निवासी दिव्यांग पारसनाथ चौधरी उम्र (68) की मौत मंगलवार की देर शाम मधुमक्खी के हमले से गई। सिगसिगी निवासी अनुज चौधरी ने बताया कि मंगलवार को पारसनाथ चौधरी गांव में ही पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे। जहां लगभग मधुमक्खियों ने उनपर हमला कर दिया जिससे उनकी मौत ऑन स्पॉट हो गई।

# जलाशय में भरे जायेंगे पानी, किसानों को होगा लाभ : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल को लेकर पानी की किल्लत का सामना लोगों को करना पड़ता है। जिस कारण लोग परेशान होते हैं। अल्पवृष्टि के कारण भी सिंचाई बाधित होता है। ऐसे सारी समस्या से निजात देने के लिए सरकार प्रयासरत्त है। सांसद बीडी राम ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता में कहा कि पलामू जिला में भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए 456.6261 करोड़ रूपये की योजना तैयार की गई है। वहीं पलामू प्रमंडल क्षेत्र वृष्टि छाया के रूप में प्रभावित है। जहां वार्षिक औसत वर्षापात 1163 मिल्यिन है। इसके लिए सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत बिहार में जल संसाधन विभाग द्वारा कई योजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन अल्पवृष्टि के फलस्वरूप इन योजनाओं द्वारा सृजित जलाशयों मे जल का भंडारण पर्याप्त नहीं हो पाता है। जिस कारण इन जलाशयों में जल का भंडारण कम होने के कारण सिंचाई क्षमता में काफी कमी आयी है। उन्होंने कहा कि अल्पवृष्टि के फलस्वरूप चिंहित जलाशयों में जल का भंडारण कम होने के कारण सिंचाई सुविधा प्रभावित होता है। वहीं इन क्षेत्रों में जनसंख्या में वृद्धि एवं क्षेत्र में हो रहे विकास कायों के कारण जल की मांग में वृद्धि हुई है। इस कारण जल की उपल्ब्धता के कारण सरकार विगत कई वर्षों से तलाश कर रही है। उतरी कोयल सोन नदी महत्वपूर्ण नदी है। जिसमें जल का अपेक्षाकृत उपलब्धता कम हो पा रहा है। वर्षा के समय अधिकांश जल बिना उपयोग के ही बह जाते हैं। वैसे जल को भूमिगत पाईप लाईन से लिफ्ट कर जिले के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में स्थित सिंचाई योजनाओं के जलाशों एवं अन्य जल निकायो जो वर्षा में भी भर नहीं पाते हैं । वैसे जलाशयों को भूमिग त पाईप लाईन से भरा जा सकता है। ताकि उसके क्षमता के अनुरूप सिंचाई सुविधा व पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से सोन, उतरी कोयल व औरंगा नदी से कुल 31.397 मिलियन क्यूवीक मीटर पानी लिफ्ट कर चिंहित जलाशयों को भरने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित योजना से चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज प्रखंड के जलाशय लाभांवित होंगे। राम ने कहा कि इस योजना का क्रिन्वयन वित्त वर्ष 2023-24 मे प्रारंभ कर दो वर्षों मे योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

# छतरपुर मामले में 13 लोग भेजे गये जेल

## मार्ग परिचालन अवरूद्ध न करें : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** वाहन चालकों एवं स्थानीय गामीणों द्वारा रन एंड हीट के विरोध में एनएच 98 बाईपास के उदयगढ़ मोड़ व सड़मा गांव के समीप मंगलवार को राष्ट्रीय राजपथ को जाम कर आवागमन प्रभावित किया गया था। जामकर्ताओं द्वारा आगजनित घटना को अंजाम दिया एवं सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त किया गया। पुलिस बल पर जानलेवा कर गंभीर रूप से जख्मी किया गया। इस मामले में छतरपुर प्रभारी चंद्रशेखर कुमार द्वारा 38 नामजद व सौ से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी की गई। इस मामले में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने छतरपुर पुलिस अधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया। छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर जामकर्ता को गिरफ्तार किया गया। इसमें प्रदीप कुमार यादव पिता स्व रामदास यादव, जीतेंद्र यादव पिता उदय यादव, लाल बाबू यादव पिता स्व सुरेश यादव, तीनों ग्राम चपरवार थाना पीपरा एवं प्रदीप कुमार सिंह पिता स्व बिरजु प्रसाद सिंह ग्राम उदयगढ़ थाना छतरपुर के निवासी हैं। इस मामले में एसपी रमेसन ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के निशानदेही पर अन्य लोगों को पकड़ा गया है। जिन्हें जेल भेज दिया गया है। जाम आंदोलन को लेकर अनुसंधान की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मार्ग परिचालन कदापि अवरूद्ध ना करें। सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से अफवाह ना फैलायें। मार्ग अवरूद्ध करने से बच्चे, महिला व वृद्ध समेत अन्य लोग प्रभावित होते हैं। इसमें सरकारी संपत्ति व राजस्व की हानि होती है। मार्ग अवरूद्ध करना एक जघन्य अपराध है।

# छतरपुर की घटना एक साजिश : पुष्पा देवी

पुलिस व सरकार की विफलताओं को दर्शाता है जानेलवा हमला : मनोज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** छतरपुर विस क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण मे नौडिहा प्रखड में निकले थे। जो अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ क्षेत्र से लौटने के क्रम में छतरपुर उदयगढ़ मोड़ के समीप अज्ञात हमलावरों ने विधायक व सांसद को निशाना बनाते हुए उनके वाहन पर अंधाधूंधं पथराव किया। इस हमले में वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। जबकि दो सुरक्षाकर्मी जवान जख्मी हो गये हैं। इस घटना में विधायक व सांसद बाल बाल बच गये। विधायक व पूर्व सांसद पर हुए जानलेवा हमला की निंदा लेग कर रहे हैं। इसे लेकर जनप्रतिनिधि ने परिसदन में प्रेस वार्ता कर पूरी घटना की जानकारी दी। विधायक पुष्पा देवी ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि यह घटना पूरी तरह से साजिश है। जब जनप्रतिनिधि इस सरकार में सुरक्षित नहीं है तो आम जनता अपने आप को सुरक्षित कैसे समझेंगे। उन्होंने कहा कि एके 47 से लैस बॉडीगार्ड की मांग सरकार से कई बार की लेकिन यह सरकार अभी तक देने में विफल साबित हो रही है। पुलिस भी सरकार के दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच सरकार उचस्तरीय कराकर दोषियों पर कार्रवाई करे। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि यह घटना सोची समझी साजिश के तहत घटी है। उन्होंने कहा कि पुलिस के वरीय अधिकारियों से बात करने के बाद ही क्षेत्र से लौट रहे थे। जिसमें पुलिस अधिकारी ने कहा कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि विधायक पर जानलेवा हमला छोटी बात नहीं है।

चालक आंदोलन के आड़ मे हमलावरो ने हमला किया है। प्रेस वार्ता में उदय शुक्ला, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अरबिंद सिंह, सीटू गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, वरूण दूबे, अशोक तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, शिव मिश्रा व अन्य मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्टेडियम में होगा

## झंडोतोलन पूर्वाह्न 9:05 बजे होगा


प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने को लेकर बुधवार को प्रशासनिक/पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। दबैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम मेदिनीनगर में आयोजित किया जाएगा। जहां मुख्य अतिथि सुबह 9:05 बजे झंडोतोलन करेंगे.परेड और झांकियों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये । साथ ही झांकियों को आकर्षण रूप देने की बात कही। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में पूर्वाहन 10:00 बजे, पलामू समाहरणालय में पूर्वाहन 10:20 बजे,पलामू क्लब मेदिनीनगर में पूर्वाहन 10:45 बजे और रेड क्रॉस भवन मेदिनीनगर में पूर्वाहन 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा। इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक, विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में आई.आर.बी,जिला बल,गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी आदि के टुकड़ी भाग लेंगे। बैठक में डीडीसी रवि आनंद, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, एसडीएम, एसडीपीओ, उप समाहर्ता, उप निदेशक सह सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

### हुरीटांड में सेविका व सहायिका का हुआ चयन




**पाटन पलामू।** प्रखंड के हुरी टांड़ में सेवीका एवं सहायिका का चयन किया गया चयन प्रक्रिया कि अध्यक्षता पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने किया सेवीका का चयन सोनी देवी पति अमीत पासवान एवं सहायिका के पद पर कबीता देवी पति रोहित भुइयां का किया गया। हुरी टांड़ में वर्षों से सेवीका सहायिका का चयन कुछ असमाजिक लोगों के कारण नहीं हो पा रहा था। जब जब चयन कि तिथि निर्धारित किया जाता था चयन के दौरान बाधा उत्पन्न कर चयन प्रक्रिया रद्द कर दिया जाता था। परन्तु पाटन बीडीओ के इस बात का संज्ञान आने के बाद तिथि निर्धारित कर सेवीका सहायिका का चयन कर दिया गया। बीडीओ ने बताया कुछ लोगों के द्वारा चयन के दौरान बाधा उत्पन्न करने का कोशिश किया गया लेकिन सभी को सख्ती दिखाते हुए चयन प्रक्रिया पुरा कर लिया गया।

# यूपीएस पिठारी में मेनू के अनुसार नहीं मिलता है भोजन

छात्रों को एक भी दिन नहीं मिला है रागी का लड्डू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना में सप्ताह में एक दिन रागी का लड्डू देने का प्रावधान किया गया है। परंतु पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती न्यू प्राथमिक विद्यालय पिठारी में छात्रों को भोजन में एक भी दिन रागी का लड्डू नहीं मिला है। जबकि इसके लिए विभाग द्वारा नवंबर 2023 में ही सभी विद्यालय को राशि उपलब्ध करा दी गई थी। बावजूद एमडीएम में विभागीय मेनू का पालन नहीं किया जा रहा है। बुधवार को प्राथमिक विद्यालय पिठारी में दोपहर 1:30 बजे शिक्षक अनुपस्थित थे। रसोईया पानपति देवी करीब एक दर्जन छात्रों को दाल चावल खिलाते देखी गई। भोजन में सब्जी नहीं होने की बात पर उसने कहा कि उसे जो मिलता है, वही बनाती है। कभी-कभी अंडा दिया जाता है। जबकि तीसरी कक्षा की ज्ञानती कुमारी, रीमा कुमारी, रूपा कुमारी सहित कई छात्रों ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई नहीं होती है। खाना में सिर्फ दाल चावल तथा कभी-कभी खिचड़ी मिलता है। उन लोगों को अंडा तथा लड्डू खाने के लिए नहीं मिलता है। इस संबंध में पूछे जाने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्जुन पाल ने बताया कि वे विद्यालय में एकमात्र शिक्षक हैं। मीटिंग में बीआरसी पिपरा गए थे। वहीं बीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि सभी विद्यालय को एमडीएम में प्रतिदिन मेनू का पालन करना अनिवार्य है। संबंधित विद्यालय के प्रचार्या का मानदेय तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है। साथ ही जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### नावाबाजार : तुकबेरा संकुल से सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**नावाबाजार पलामू।** प्रखंड अंतर्गत तुकबेरा संकुल में सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल संरक्षक डी डी ओ धर्मेंद्र दुबे व सीआरपी श्रीकांत पाण्डेय ने संयुक्त रूप से सिटी बजाकर किया। मौके पर तुकबेरा मुखिया विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम का अनुपालन आप सभी अपने विद्यालय पोषक क्षेत्र में कल अवश्य करें।

### मोहम्मदगंज : सीटी बजाओ अभियान को लेकर बैठक

**मोहम्मदगंज पलामू।** बीआरसी भवन में बुधवार को सिटी बजाओ बच्चों की उपस्थिति बढ़ाओ अभियान की सफलता को लेकर विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष, संयोजिका व एसएमसी सदस्यो की बैठक हुई। बैठक में अभियान की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की पश्चात सीआरपी अरविंद कुमार सिंह ने कई महत्वपूर्ण टिप्स दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के लोकप्रिय शिक्षक रामनारायण राम के पिछले दिन हुई असमायिक मौत पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर अनिल कुमार सिंह, कांति रमन सिंह, राकेश कुमार सिंह, ईस्तेयाक अहमद, राम नाथ राम समेत कई समिति अध्यक्ष मौजूद थे।

### राजद नेता के घर हुई चोरी की जांच में जुटी पुलिस


**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के बनसपति गांव निवासी राजद नेता रंजीत पासवान के घर मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने 8 हजार नगद, सोना व चांदी का आभूषण की चोरी कर ली। इस संबंध में राजद नेता ने हरिहरगंज थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी की दर्ज कराई है। सूचना के बाद थाना के एसआई प्रकाश गुप्ता, एएसआई संजय कुमार सिंह ने घटनास्थल पर जाकर छानबीन किया। बताया जाता है कि मंगलवार की देर रात घर के पीछे से अज्ञात चोर आंगन में घुस आया। पुलिस ने चोरों द्वारा फेके गए बक्सा व कपड़ा को घर के खेत में बरामद किया है।

### अतिक्रमण व गंदगी से परेशान है बरदाग के लोग

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के मधुबाना पंचायत अंतर्गत बरदाग गांव के लोग गलियों में हो रहे अतिक्रमण तथा गंदगी के कारण काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। गांव में नालियों का पानी निकालने का समुचित साधन नहीं होने के कारण गंदा पानी पीसीसी सड़क पर बहते रहता है। इससे ग्रामीणों के समक्ष आवागमन करने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी पिपरा को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया है। करीब डेढ़ सौ ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त दिए गए आवेदन में कहा गया है कि कुछ लोग गांव की गलियों का अतिक्रमण कर रास्ता पर नालियों का गंदा पानी बहाते हैं। इससे हमेशा आपस में नोंक-झोंक होते रहता है। तथा कई बार मारपीट की संभावना हो जाती है। ग्रामीणों ने बीडीओ से गांव की गलियों में हुए अतिक्रमण को मुक्त कराने तथा नाली का गंदा पानी निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। मांग करने वालों में रामाश्रय यादव, मुलायम यादव,भरत शर्मा,प्रदीप पासवान, सतेंद्र यादव,कमलेश यादव, राजकुमार यादव, यमुना सिंह, टुनटुन शर्मा, विनोद पासवान, रामचंद्र यादव, राजमोहन सिंह, सुरेन्द्र रजक, सीताराम यादव, रामचंद्र बैठा, अवधेश यादव, विकास पासवान, राजेन्द्र पासवान, सुनेश्वर यादव सहित सैंकड़ों लोग का नाम शामिल है।


# हुसैनाबाद प्रखण्ड परिसर, व्यापार मण्डल कार्यालय में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद,पलामू।** बुधवार को प्रखण्ड परिषर में व्यापार मण्डल कार्यालय में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, 20सुत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह, संसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, अखिलेश शर्मा, एनसीपी के विनय पासवान, मुखिया ओमप्रकाश राजवंशी,एवं पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव, एनसीपी नेता मनदीप राम, भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह, रामराज मेहता ने संयुक्त रूप फीता काट कर शुभारंभ किया। मौके पर सिंह ने कहा कि यह केंद्र खुलने से हमारे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रमुख ने कहा कि किसानों को बिचौलियों से बचना चाहिए और सरकार द्वारा निर्धारित कीमत में ही धान को बेचना चाहिए। कृष्णा बैठा ने भी संबोधित किया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव सुजीत मेहता, बलराम मेहता, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, बिमलेश पासवान, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, सम्मानित किसान धनंजय सिंह, रामचंद्र मेहता विश्वनाथ सिंह, जहेंद्र रजक अखिलेश सिंह, विजय सिंह धीरेंद्र रजक, गुड्डू रजक, शशिरंजन, दीपक मेहता एवं गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### भाजयूमो 12 को मनायेगा विवेकानंद की जयंती



मेदिनीनगर। भारतीय जनता युवा मोर्चा डालटनगंज विधानसभा की बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने किया। बैठक में झारखंड के प्रभारी दुर्गेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष पांडेय ने बताया कि 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा मोर्चा युवा दिवस के रूप में देश भर में मना रही है, इसको लेकर मंडल स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में दुर्गेश कुमार ने बताया कि युवा मोर्चा ही भारतीय जनता पार्टी का ब्रांड एंबेसडर है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता युवाओं के बीच जाकर केंद्र की मोदी सरकार के योजनाओं खासकर युवा हितों में हो रहे कार्यों को बतलाने का काम करें। बैठक का संचालन मोर्चा महामंत्री श्वेतांक गर्ग एवम धन्यवाद ज्ञापन विपुल गुप्ता ने किया। बैठक में प्रशांत तिवारी, सौरव पांडेय, सुदेश्वर चौधरी, ज्योति सिंह, पप्पू, सतीश, प्रभात सिंह, आनंद, शिवकुमार, अमन, अनुराग, गोलू सिंह, प्रदीप, अशोक राम, अभिमन्यु सिंह, हरेंद्र कुमार, शशांक रंजन, विक्की आदि मौजूद थे।

# डीएवी के छात्र दो स्वर्ण, दो रजत एवं दो कांस्य पदकों के साथ आये वापस, ढोल-नगाड़े एवं फूल-मालाओं के साथ हुआ स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** डीएवी के छात्र डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का परचम फहराकर वापस आए। ये सभी छात्र डीएवी फरीदाबाद, सोनीपत और फरीदाबाद गए थे।

भारतोलन में सफल छात्रों में 14 वर्ष आयु वर्ग में आदर्श कुमार 96 किलो भार वर्ग में तथा 19 वर्ष आयु वर्ग में आर्यन कुमार 67 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किये। 17 वर्ष आयु वर्ग में आयुष दुबे ने 96 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में 17 वर्ष आयु वर्ग में साहिल राज, कुंवर सिंह एवं दक्ष कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

400 मीटर रिले रेस में विद्यालय की बालिकाएं आरती, रोशनी, एकता एवं राखी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 1000 मी स्केटिंग में 17 वर्ष आयु वर्ग में शिवम कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि इन छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय के ध्वज को ऊंचा करने का काम किया है। कठिन परिश्रम और सतत अभ्यास से हमारे बच्चों ने यह पहचान बनाई है। खेल के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास होता है। अनुशासन आपसी तालमेल व समन्वय की समझ प्राप्त कर विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं। इसी हेतु यह त्रिस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।उन्होंने सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामना दी। इन छात्रों के साथ शिक्षक करण सिंह, खेल शिक्षक विक्रम राय, मयंक सिंह एवं शिक्षिका काजल गई थी। रेलवे स्टेशन परिसर में स्वागत करने स्वयं प्राचार्य डॉ जी एन खान, शिक्षक सी एश पांडे, तुषार घोष, एस मैती, अभिषेक पांडे, एके पांडे, कन्हैया राय, नितिन राज एवं प्रवीर पात्रा के साथ उपस्थित थे।

## एसडीएम और कार्यपालक पदाधिकारी ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान : गंगवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमण्डल पदाधिकारी आशीष गंगवार और कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी ने संयुक्त रूप से जपला छतरपुर रोड मुख्य सड़क में अवैध रूप से सड़क किनारे अतिक्रमण को हटवाया एवं सैकड़ो दुकानदारों को जल्द से जल्द सड़क के डिवाइडर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का चेतावनी दिया। इस सबन्ध में गंगवार ने मीडिया को बताया कि पूर्व में नगर पंचायत कार्यालय से ऐसे अतिक्रमणकारियों को नोटिश दिया गया था लेकिन लगातार इनके द्वारा मनमानी रूप से अपने अपने दुकान व प्रतिष्ठान के सामने अवैध रूप से इंक्रोचमेंट किया गया हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह से सड़क या सरकारी जमीन पर अवैध रूप से व्यसायिक सामाग्री रखना या बेचना तथा उपयोग करना कानूनी रूप से गलत हैं ऐसे लोगों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा एक सवाल के जबाब में उन्होंने यह भी कहा कि जनता द्वारा शहर में मुख्य बाजार में भी अतिक्रमण की शिकायत मिली हैं बहुत जल्द बाजार में भी यह अभियान चलेगा। इधर अधिकारियों के इस कार्य से लोगों में खुशी हैं बहुत से लोगो का कहना हैं जपला मुख्य बाजार में स्थिति और भी भयावह हो गया हैं अंबेडकर चौक से गांधी चौक में टेम्पू ठेला और दो पहिया वाहन भी घुसना मुश्किल है वंही कपड़ा व्यसायिक हो या अन्य व्यवसायिक उनकी दुकानदारी बन्द से जिससे आर्थिक प्रभाव भी पड़ रहा हैं। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी, नगर प्रबंधक राकेश सिंह थाना प्रभारी समीर तिर्की दल बल के साथ एवं नगर पंचायत के कर्मी मौजूद थे।

# सिल्ली एक महत्वपूर्ण जगह है जो झारखंड को दिशा निर्देश देती है : शैलेन्द्र कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मुरी।** सिल्ली किता में सिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा सह बन भोज कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व 20 सूत्री कार्यक्रम उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा कि सिल्ली एक महत्वपूर्ण जगह है जो पूरे झारखंड को एक दिशा निर्देश देती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वनाथ महतो और संचालन रघुवर महतो ने किया। आगे श्री कुमार ने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी को जिताना है और भारत को और विकसित भारत की ओर ले जाना है। घर-घर जाकर विकास के कार्यक्रम को जनता तक बताना है 2047 के विकसित भारत के लिए आज की बैठक ऐतिहासिक दिन होगा। लोकसभा में उम्मीदवार कोई भी हो लेकिन वोट फूल छाप में ही देना है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बनमली महतो ने कहा कि बैठक में हम लोग इकट्ठा विकसित भारत के गहन चिंतन और मनन के लिए हुए है। मोदी का मूल मंत्र है कि कैसे भारत को विकसित बनाया जाए। इसके लिए सबको शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है जो ध्यान दिया वही आगे बढ़ा है लेकिन आज तक कांग्रेस ने वासी को वरगलाया है इससे हमें सावधान होने की जरूरत है। किता में वन भोज कार्यक्रम विकसित भारत के कार्यक्रम विषय पर रखा गया था। सबसे पहले वरिष्ठ बीजेपी के सदस्य परशुराम महतो ने कार्यक्रम के ऊपर बोला। फिर पूर्व अध्यक्ष साधु महतो, राहे के बीस सुत्रीय अध्यक्ष जोहार महतो, परशूराम महतो, सृष्टि धर महतो, रधुवीर महतो, ठाकुर दास महतो ने विकसित भारत सह वन भोज कार्यक्रम के ऊपर दो शब्द बोले। मौके पर हरिहर महतो, महतो, सृष्टि धर प्रजापति, नितीश कुमार, समेत बीजेपी के नए पुराने सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन वासुदेव महतो ने किया।

# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड में बुधवार को टांगर और और तरंगा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शामिल हुए। इस मौके पर श्री टोप्पो ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजना की जानकारी लोगों को देना है। केंद्र सरकार द्वारा बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन जानकारी के अभाव में जनता इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही है। केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है। इस तरह के आयोजन करके योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की जो योग्य व्यक्ति है उनको योजनाओं का लाभ जरूर दिलाए। कार्यक्रम में एलइडी वाहन के माध्यम से केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये जिससे देश विकसित होने की राह पर है। सन्नी टोप्पो ने केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें मुख्य रूप से केसीसी लोन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, बीमा योजना हैं। इस मौके पर बी पी ओ गुंजन कुमार, मुखिया पूनम उराईन, टांगर मुखिया देवांती उराइन, बीजू पाड़ा मंडल अध्यक्ष सतानंद सिंह, सतीश शाह, शफीक अंसारी, सोनी तबस्सुम, विजय महतो, विशेषर महतो, सुखनंदन नायक, मुकेश उरांव, चरवा उरांव, विवेक कुमार, हफीजुर रहमान सहित अन्य मौजूद थे।

## खलारी प्रखंड कार्यालय करकट्टा में मनाया जायेगा दिशुम गुरु का 80 वां जन्मदिन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड कमेटी का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान व संचालन कलम रिजवी ने किया। बैठक में हर साल के भांति इस वर्ष भी माननीय दिशुम गुरु वीर शिबू सोरेन जी का 80 वां जन्मदिन 11 जनवरी को प्रखंड कार्यालय करकट्टा में मनाने का निर्णय लिया गया। गुरु जी का जन्मदिन के अवसर पर बुजुर्ग असहाय लोगों को कमल दिया जाएगा। अथवा खीर भोजन देकर विदाई किया जाएगा। गुरु जी का जन्मदिन कार्यक्रम 10:30 बजे से शुरू किया जायेगा। वही इस बैठक में पार्टी को मजबूत करने के बारे में भी चर्चा कर जिला कमेटी के सभी विंग का गठन किया गया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओ को पदाधिकारी से आग्रह किया गया कि पार्टी के कार्य में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मौके पर मुकेश यादव, सुभाष चंद्र प्रसाद, महेंद्र चौहान, अजय मुंडा, गौतम यादव, रोहित यादव, विक्की मुंडा, प्रेम केसरी, शंभू दास, मोहम्मद इस्लाम, हैदर खान, गौरव कुमार सिंह, चितरंजन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## कमड़े से बाइक की चोरी

**रातू।** कमड़े सरनाटोली में बुधवार को अपराधियों ने दीपक कुमार गुप्ता की सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल जेएच 01 डीके 2808 की चोरी कर ली। गाड़ी उनके घर के बाहर खड़ी थी। घटना करीब 2 बजे की है। श्री गुप्ता सुबह नाश्ता कर काम से निकले। खाना खाने के लिये 1:30 बजे लौटे। बाइक खड़ी कर अंदर गये। आधे घंटे बाद निकले, तो गाड़ी गायब थी। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# रोटरी क्लब मिड टाउन एवं राज हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** जागृति विहार संस्था के अंतर्गत जागृति विहार परिसर में रोटरी क्लब रांची मिड टाउन एवं राज हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम के द्वारा जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान लगभग सौ लोगों को चिकित्सकों ने चिकित्सीय सलाह एवं दवाईयां भी दी गई। वही स्वास्थ्य शिविर के अतिरिक्त जरूरतमंद लोगों के बीच गरम कपड़ों एवं शॉल का वितरण किया गया। अथवा जागृति विहार के द्वारा संचालित विद्यालय के बच्चों के बीच खाद्य सामग्री एवं पठान पाठन सामग्री का वितरण किया गया। रांची से आए चिकित्सकों की टीम एवं मिड टाउन के सदस्यों ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। जागृति विहार के सचिव राजेश प्रशांत ने उन्हें संस्था द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। श्री राजेश प्रशांत के अनुसार भविष्य में भी शिविर का आयोजन होता रहेगा। रांची लौटने के क्रम में टीम के सदस्यों ने दुल्ली स्थित सर्व धर्म स्थल का भ्रमण किया एवं प्रशंसा की। मौके पर डॉ. नीलम संजीव एवं उनके टीम के सदस्यगण, रोटरी क्लब मिडटाउन के अध्यक्ष मंजू गंभीर, सचिव भूपिंदर सिंह जग्गी, कोषाध्यक्ष दीप्तेश नवल एवं अन्य सदस्यगण, संस्था के सचिव राजेश प्रशांत, लूसी बारा, मीना कुमारी, काशीनाथ, सलोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## नीलांबर पीतांबर की पुण्यतिथि पर बड़की टांड में मेला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** जंग-ए-आजादी के महानायक, झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलांबर पीतांबर की पुण्यतिथि के अवसर पर बड़की टाँड़ में मेला का आयोजन किया गया। मेला में दूरदराज से लपरा, मायापुर, खलारी, राय, डुमरो, कल्यानपुर, बेंती, पिपरवार सहित अन्य जगहों से सैकड़ो की संख्या में खरवार भोगता सहित अन्य समाज के व्यक्तियों का हुजूम रहा। इस दौरान मेला टाँड़ में स्थापित वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर के लगे प्रतिमा पर लोगो ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद कर आत्मसाथ किया। वही मेला में देखा गया कि जगह जगह से आये भोगता समाज के खोड़हा टीमों ने पारंपरिक ढोल मंदार के थाप पर गीत गाकर नृत्य कर झूमे। वही मेला में कई आकर्षक खेल खिलौने, मिठाईयां, साज सज्जा की आकर्षक स्टॉल लगी हुई थी। मेला की सुरक्षा के दृष्टि से खलारी पुलिस मुस्तैद दिखी।

## गांव में खेल की बुनियाद रखी जा रही है : सुदेश महतो



गांव के चयनित खिलाड़ी को सम्मानित करते विधायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के सरेयाद मैदान में बुधवार को खेलो सिल्ली अभियान का शुरूआत किया गया। अभियान के शुरूआत के अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव के हर खिलाड़ी को उनके रुचि के के अनुसार ट्रेनिंग दिया जायेगा। अभियान के तहत गांव में खेल की बुनियाद रखी जायेगी। जिसे जो खेल में रुचि है ओ आगे आये सारी व्यवस्था मुहैया करायी जायेगी। मैदान ओर संसाधन उपलब्ध होगा। इस दौरान गलऊ पंचायत के 276 खिलाड़ी ने अपने प्रतिभा को प्रदर्शन किए। दौड़, फुटबॉल, बॉलीबॉल, कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। सभी खिलाड़ी को किट बैग दिया गया। मौके पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश महतो, अंतराष्ट्रीय कोच प्रकाश राम, संजय सिद्धार्थ, श्याम महतो, सुषेन प्रमाणिक, मीरा महतो, सावना महली, सहित सभी पंचायत के खेल प्रभारी मौजूद थे।

## सांसद ने अपने सांसद मद से कई योजनाओं का शिलान्यास किया



**अनगड़ा।** सांसद संजय सेठ ने बुधवार के प्रखंड के सिरपा में पीसीसी सड़क बीसा और सिमलिया में शमसान शेड तथा गोन्दली पोखर तालाब में छठ घाट सीढ़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर गोन्दली पोखर में एक सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि पांच सौ साल की लम्बी लड़ाई के बाद आगामी 22 जनवरी को महामानव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों राम मन्दिर का उद्घाटन होने जा रहा है। सभी से अपील है कि उस दिन अपने घर आंगन पर दिया जला कर दीपावली मनाएं। इससे पूर्व लोक सभा स्थित गांव टोला मुहल्ला के सभी मन्दिरों की साफ सफाई कर पुष्प वर्षा की जाएगी। पूर्व विधायक रामकुमार पहान के आग्रह पर गोन्दली पोखर तलाब के चारो ओर पेवर बलॉक रास्ता बनाने एंगल और लाईट लगाकर उसका सुन्दरीकरण करने का आश्वासन दिया। सांसद ने यह काम दुगार्पूजा से पहले कर लेने का लोगों से वादा किया। मौके पर जिप सदस्य अनुधारा मुन्डा, मुखिया दुर्गा पहान, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, कामेश्वर महतो, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सुकर साहू, विशेश्वर चौधरी, देवनाथ महतो, शकर केशरी, मनोज चौधरी, कामेश्वर महतो, नरेश साहू, राजेन्द्र महतो, सिकन्दर अन्सारी, रामसाय मुन्डा, हिमालय चौधरी, नीलकठ चौधरी, चरण देव तूल्य नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेगे पांच सौ साल का इन्तजार के बाद मस्जिद को तोड़ने मे गैता चलाने का काम मैने भी किया था सभी लोगी को धन्यवाद देते हैं।

## दीनदयाल रोजगार मेला का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड मुख्यालय में झारखंड लाइवलीहुड सोसाइटी के सौजन्य से दीनदयाल रोजगार मेला का आयोजन किया गया। विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक ने मेला में उपस्थित सभी बच्चे बचिच्यो एवं प्रशिक्षक को संबोधित करते हुए कहा कि आज पढ़ाई के साथ-साथ हुनर का भी प्रशिक्षण करना जरूरी है। आपको कंप्यूटर का प्रशिक्षण, ड्राइविंग का प्रशिक्षण, सिलाई, आचार बनाने एवं और अन्य चीजों की प्रशिक्षण दी जा रही है। आप प्रशिक्षण प्राप्त करें और स्वयं एक कुशल रोजगार युक्त व्यक्ति बने। इस अवसर पर मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, एस पी एम शमा परवीन समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**कोर्ट नोटिस**

न्यायलय,
अवर न्यायाधीश प्रथम, लातेहार
मूल वाद संख्या 13/16
इस्लाम मियां वगेरह...... वादी गण
बनाम
त्रिवेणी प्रसाद वगेरह.....प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम 1. मदन साव 2. शिव साव 3. गुलेश्वर साव सभी के पिता स्व प्रमेश्वर साव, सभी ग्राम बारियातू. पोस्ट बारीखाप थाना बालूमाथ जिला लातेहार, एतद द्वारा आप सबों को सूचित किया जाता है की वादी के द्वारा मूल वाद संख्या 13/16 दायर किया गया है जिसकी सूचना आप सबों को नजारत एंव निबंधित डांक के द्वारा दी गई परन्तु आप सब वादी के दावे का जवाब देने के लिए इस न्यायलय में उपस्थित नहीं हुए।
बजरिये इस नोटिस के स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06-02-2024 को उपस्थित होकर अपना-अपना पक्ष रखें अन्यथा इस वाद में एक पक्षीय कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

## सडक दुघर्टना में पिता की मौत,बेटी गंभीर

मंगलवार रात लगभग साढे दस बजे थानाक्षेत्र के महुवाटोली में हुई सडक दुघर्टना में डोरण्डा मनीटोला के रहनेवाले मुनवा उरांव की मौत हो गयी। जबकि उनकी बेटी सरिता कच्छप की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक के बेटे अषवन कच्छप ने बताया कि उनके पिता रिंगरोड स्थित सरनाटोली में लकडज्ञ ढाबा नामक होटल चलाते है। मंगलवार रात लगभग साढे दस बजे वे अपनी बेटी सरिता के साथ अपने घर लौट रहे थे उसी दौरान अभिसेक टोप्पो नषे की हालत में अपनी कार संख्या जेएच01ईडी 2538 से लापरवाही से चलाते हुए मुनवा की स्कूटी को ठोकर मार दी। जिससे दोनो बाप बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को स्थानीय लोगों के द्वारा मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सुबी मुनवा की हालत गंभीर देख उसे राज अस्पताल भेज दिया गया। जहां मुनवा की मौत हो गयी।

## जेयूटी और एमिटि करेंगेंयुनिवर्सिटी इंडस्ट्री गवर्नमेंट समिट 2024 का आयोजन

नामकुम संवाददाता



झारखण्ड टेक्नीकल युनिवर्सिटी एवं एमिटि युनिवर्सिटी के माध्यम से युनिवर्सिटी इंडस्ट्री गवर्नमेंट समिट 2024 का आयोजन आगामी 28 एवं 29 जनवरी को किया जाएगा। बुधवार को कुलपति डा डीके सिंह ने जेयूटी में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उक्त जानकारी दी। डा सिंह ने बताया कि इसका उद्देष्य अकादमिक, उद्योग और सरकार के सहयोग से उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के गुणवत्ता को बढ़ाना तथा तकनीकी क्षेत्र में शोध एवं स्टार्टअप के मदद से झारखण्ड एवं देश को विकसित कराना है। उन्होने बताया कि यह समिट विधार्थियों एवं शिक्षकों के स्किल को डेवलप करने के साथ साथ एंटरप्रेन्योरशिप, नव विचार के माध्यम से युवाओं को सशक्त करना है। झारखण्ड युनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी के वाइस चांसलर प्रो. डीके सिंह ने बताया की डा सिहं ने कहा कि इंडस्ट्री बताएगी कि उसकी जरूरत क्या है,उसके अनुसार हम क्यूरिकूलम डीसाईन करेंगें और रिर्सच प्रमोटकरेंगें तभी ऐसे छात्र निकलेंगें जो आज समय की मांग के अनुसार काम कर पाऐगें और राज्य का नाम रौशन करेंगें। इस कार्यक्रम के माध्यम से रिसर्च एवं एंटरप्रेन्योर के मार्ग को और अधिक सशक्त कर पाएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर एमिटी युनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. अशोक श्रीवास्तव ने आगेर्नाइजिंग कमेटी एमिटी युनिवर्सिटी एवं झारखण्ड युनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी को शुभकामनाएं दी और कहा की यह कार्यक्रम निष्चित तौर पर विकसित झारखण्ड-विकसित भारत को अधिक सशक्त करेगा। प्रेस कांफ्रेस में परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड प्रौद्योगिकी विष्वविधालय के संयोजन में संपन्न हुई जिसमें प्रो. डीके सिंह, कुलपति प्रो. स्नेह कुमार, प्रो. निशांत कुमार एवं प्रो. एजीपी कुजूर सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## राहे में मनाया गया नीलांबर-पीताम्बर जयंती

**राहे।** प्रखंड के कोकरोडीह में स्थित नीलांबर-पीताम्बर चौक में खारवार जनजाति के भोगता समाज के तत्वाधान में नीलाम्बर-पीताम्बर जयंती मनाई गयी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड प्रभारी संजय सिद्दार्थ शामिल हुये। सभी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। मौके पर समारोह में प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, उपाध्यक्ष सह पाहान मनोरंजन भोगता, सचिव प्रमोद सिंह, हलधर पाण्डेय, राजेश सिंह, प्रधान भोगता, बाबूलाल भोगता, गिरिधारी भोगता हरेकृष्ण भोगता, पवन भोगता, गिरिधारी भोगता भोगता समेत भोगता समाज के सभी लोग मौजूद थे।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
**Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi**
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. 3015 Date: 09.01.2024

Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites EOI from interested bidders for selection of **Group Term Insurance Plan** for employees of Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of Quotations : **31.01.2024 till 12:00 Noon.**
For eligibility criteria and other details, please visit website : http://www.jscb.gov.in

Sd/-
CEO, JSCB Ranchi

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**
सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाष: 06525—225835 फैक्स: 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

पत्रांक : 25 (समग्र) दिनांक: 08.01.2024

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के विज्ञापन संख्या 1185(समग्र) के आलोक में जिले के सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में पूर्णकालिक शिक्षिका के रिक्त पदों पर पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन किया जाना है। उक्त के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर गठित जिला स्कुटनी समिति द्वारा आवेदनों की स्कुटनी कर स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची तैयार की गयी है। जिसे अवलोकन हेतु NIC Simdega के अधिकारिक बेवसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी सूची में अंकित सूचना/डाटा का अवलोकन करते हुए दावा आपत्ति आवेदन साक्ष्य सहित दिनांक 18.01.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते है।
निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त किसी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 315605 Primary Education (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग डी०भी०सी० मंदिर के सामने,**
ईमेल: eedwsd.hazaribagh@gmail.com

**हजारीबाग जिला स्तरीय जल जॉच प्रयोगशाला में बाहरी (General Public) हेतु जल–जॉच शुल्क**

| क०सं० | विशेषता | व्यक्तिगत लागत (रूपये में | पैकेज लागत (रूपये में |
|---|---|---|---|
| 1. | गंध (Odour) | 1.00 | 50-00 |
| 2. | रंग (Colour) | 1.00 | |
| 3. | पी०एच (pH value) | 1.00 | |
| 4. | पूर्णतः घुले हुए ठोस पदार्थ (TDS-Total Dissolved solids) | 1.00 | |
| 5. | गंदलापन (Turbidity) | 5.00 | |
| 6. | पूर्ण क्षारीयता (Total Alkalinity) | 20.00 | |
| 7. | पूर्ण खारापन (Total Hardness) | 20.00 | |
| 8. | अवशिष्ट क्लोरीन (Residual Chlorine) | 1.00 | |
| 9. | क्लोराइड (Chloride) | 50.00 | 50.00 |
| 10. | सल्फेट (Sulphate) | 50.00 | 50.00 |
| 11. | आयरन (Iron) | 50.00 | 50.00 |
| 12. | पूर्ण आर्सेनिक (Total Arsenic) | 100.00 | 100.00 |
| 13. | फ्लोराईड (Fluoride) | 50.00 | 50.00 |
| 14. | नाइट्रेट (Nitrate) | 50.00 | 50.00 |
| 15. | पूर्ण कोलिफार्म बैक्टीरिया (Total Coliform Bacteria) | 10.00 | 100.00 |
| 16. | ई कोली या थर्मोटोलरेंट कोलिफार्म बैक्टीरिया (E. Coli or Thermotolerant coliform bacteria) | 100.00 | 100.00 |

जिला स्तरीय जल जॉच प्रयोगशाला में जाकर अपने जल गुणवता की जॉच आज ही करवाएँ अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रयोगशाला रसायनज्ञ (मोबाईल सं०– 8434462726) से सम्पर्क किया जा सकता है।
निवेदक :– पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR315636 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

# आदिवासी छात्र संघ ने हसदेव जंगल उजाड़ने का किया विरोध

- पीएम और सीएम का जलाया पुतला
- केंद्र के खिलाफ जमकर नारेबाजी
- पहचान मिटाने का लगाया आरोप



पीएम और सीएम का पुतला जलाते छात्र।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** आदिवासी छात्र संघ ने छत्तीशगढ़ के हसदेव जंगल की कटाई पर कड़ा एतराज किया है। संघ के छात्रों ने काठीटांड़ चौक में विरोध प्रदर्शन करते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव सोय का पुतला जलाया और केंद्र की भाजपानीत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ के प्रखंड अध्यक्ष रोशन तिग्गा ने कहा कि हसदेव में लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं, सरकार इसे तत्काल बंद करें और खनन व जंगलों की कटाई का विरोध कर रहे आदिवासियों पर दर्ज फर्जी मुकदमा वापस लिये जायें। उन्होंने जोर देकर कहा कि वन्य प्राणियों का संरक्षण हम सबों की जिम्मेदारी है।

### राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की चेतावनी

केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण व वन्य जीवों की सुरक्षा के नाम पर सालाना अरबो खर्च करती है। इसके बावजूद हजारों हेक्टेयर में फैले हसदेव के जंगलों को खनन के नाम पर बर्बाद किये जा रहे हैं। श्री उरांव ने इसे लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी। प्रखंड सचिव अमित तिग्गा ने भी अपनी बातें रखी। मौके पर अनुज तिर्की, रमेश मुंडा, रोहित खलखो, अजित खलखो, मंगल उरांव, अजय तिग्गा, संदीप उरांव, संगम उरांव, सूरज तिग्गा, उत्तम तिग्गा, दीपक उरांव, दीपक महादेव व मनीष उरांव आदि मौजूद थे।

# निजीकरण की समझ

हम जिस विनिवेश या निजीकरण की शोर से परेशान है वह मात्र शोर ही है या उसमें कुछ विकास कर पाने का दम भी है। सच यह है कि सभी सरकारों का यह एक शोर है जिससे वे अपनी निजीकरण की पॉलिसी को मजबूत होते रहने का दावा करना चाहता है। सही में किसी विनिवेशीकरण का देश में बोलबाला होगा ऐसा सोचना बेईमानी है। बैंक जिसे अपनी परिसंपत्ति मानते रहे हैं असल में वे इनकी देनदारियां हैं। मसलन, इन बैंकों की तमाम जगहों पर शाखाएं हैं जो आज के तकनीक-संचालित बैंकिंग दौर में गले का फंदा ही साबित होती हैं। उनके कर्मचारियों के मामले में भी यही बात लागू होती है। इन बैंकों के करीब 80 फीसदी कर्मचारियों की उस समय कोई जरूरत ही नहीं रह गई है जब कृत्रिम मेधा (एआई) पहले ही काम को अंजाम देने लगी है।

वैसे भारतीय सरकारी और निजी बैंक विगत पांच वर्षो में लगातार मजबूत हो रहें हैं। वैश्विक स्तर पर भारतीय बैंक शीर्ष देशों की तरह मजबूत हो गये हैं। आरबीआई इस बात को अरसे से समझता रहा है और यही कारण है कि वर्ष 1994 के बाद गठित विभिन्न समितियों की तरफ से इनकी बिक्री के बारे में दी गई अनगिनत सलाहों को दरकिनार करते हुए उसने एक बैंक के दूसरे बैंक में विलय को ही वरीयता दी है। सच तो यह है कि बैंकों को बेचने के अलावा कोई और विकल्प कभी रहा ही नहीं है। कल्पना करें कि अब सेल जैसी कंपनियों को जो हर दिन तकनीकी के मामले में पिछड़ती जा रही है वहां और कुछ निजीकरण की संभावना शेष है क्या? निजीकरण और विनिवेश के सूक्ष्म अतंर और लाभ हानि को समझने की आवश्यकता है जिस पर भ्रम की स्थिति अधिक है और स्पष्टता का अभाव है। आज वैश्विक स्तर पर निजीकरण का परिणाम है कि देश का जीडीपी दुनिया के शीर्ष पर है।

# अयोध्या का आर्थिक विकास

राम मंदिर निर्माण के साथ ही आर्थिक क्षेत्र में अयोध्या ने ऊंची छलांग लगायी है। उत्तर प्रदेश में बीते साल फरवरी में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में जहां अयोध्या को 49000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले वहीं निर्यात के मोर्चे पर भी रामनगरी को भारी सफलता मिली है। बीते एक साल में विभिन्न क्षेत्रों में अयोध्या से 254 करोड़ रुपये की वस्तुओं की निर्यात किया गया है। इससे पहले वर्ष 2021-22 में अयोध्या से 110 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ है। इस तरह वर्ष 2022-23 में अयोध्या से होने वाले निर्यात में 150 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक अयोध्या से होने वाला निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

अयोध्या से वर्ष 2022-23 में क्राफ्ट पेपर व पेपर बोर्ड 44.56 करोड़ रुपये का तो पोस्टर पेपर 1.7 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया है। इसी अवधि में आयुर्वैदिक दवाएं 3.18 करोड़ रुपये की बाहर भेजी गई है तो 2.76 करोड़ रुपये के उबले चावल का निर्यात किया गया है। इसके अलावा वुड पल्प बोर्ड का निर्यात 3.12 करोड़ रुपये का तो बेकरी मशीनरी 3.24 करोड़ रुपये मूल्य की बाहर भेजी गयी है। यह काल अयोध्या के सर्वांगीण विकास का है। इस बार नौ क्षेत्रों में अयोध्या जिले ने निर्यात के अपने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गौरतलब है कि वैश्विक निवेशक सम्मेलन में भी अयोध्या को भारी-भरकम निवेश प्रस्ताव मिले थे। साथ ही इस शहर में होटल व गेस्ट हाउस बनाने के लिए देश-विदेश की नामी कंपनियों से प्रस्ताव मिले हैं। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अयोध्या में 40 मेगावाट का संयंत्र बीते एक साल में ही बन कर तैयार हुआ है। अब अयोध्या दुनिया में एक बड़ा पर्यटन, धार्मिक स्थल हो गया है। एक अनुमान है कि 22 जनवरी के बाद तीन लाख लोग प्रतिदिन अयोध्या आयेंगे।

# महंगाई से त्रस्त 17 करोड़ परिवार जनों के राम



राम भगवान इसलिये थे क्योंकि वे कल्याणकारी राजा थे, मानवीय, चरित्रवान और पराक्रमी थे। भव्य मंदिर बनना भारतीयों का सौभाग्य है। हमारे देश में इस शब्द का अर्थ हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है क्योंकि आज भी हमारे देश में मध्यम, निम्न मध्यम व गरीब वर्ग की जनसंख्या लगभग 100 करोड़ है। अब गुजरात के गरीब और झारखंड के गरीब का अंतर इतना समझ लें कि गुजरात का गरीब मासिक 20 हजार कमाता है झारखंड का पांच हजार यह उदाहरण समझने के लिये हैं। इसलिए यह वर्ग प्रभावित होने का अर्थ देश का प्रभावित होना माना जाता है। हाल में महंगाई की वजह से जनता परेशान हैं और इस बार लगातार बढ़ते दामों और गिरती आय का डबल डोज एक साथ लग रहा है। यदि अब व्यापारी वर्ग की बात करें तो व्यापार की हालात भी पहले से बहुत नाजुक बनी हुई हैं। बाजार में काम इतने कम हो चुके हैं कि कंपनी के खर्च भी निकल नहीं पा रहे और कई व्यापारी ने अपने धंधे तक बंद कर दिए। वे अब बेरोजगारों की श्रेणी में आ चुके हैं।

अब बजट और चुनाव सर पर है लेकिन बजट का महत्व देश में पहले आयकर कम होने से था अब पेट्रोलियम के मूल्यों के बढ़ने घटने से है। वैसे पेट्रोलियम के मूल्य अब दूसरे गणित में फंस गया है। एक तबका कहता है कि देश में इनकम टैक्स देने वाले बहुत कम है? यह भ्रम भी चलता है। डायरेक्ट टैक्स और इन डायरेक्ट टैक्स समझने में जिंदगी बीत सकती है। लेकिन देश में टैक्स है जमकर कुछ मामलों लगभग 50 प्रतिशत तक। उपर से दान दक्षिणा का पराक्रम अलग से।

देश का गणित जो आज आप भी अंदाज लगा सकते हैं ऐसे समझिये। सवा करोड़ ड्राइवर परिवार समेत छह करोड़ पच्चीस लाख लोग सरकारी ड्राइवर छोड़ सब परेशान, एक करोड़ सिक्यूरिटी मैन पांच करोड़ परिवार के लोग, दस करोड़ किसान सरकार आकड़ा पचास करोड़ लोग परेशान क्या मैंने सौ करोड़ भारतीय को परेशान बताया तो गलत कहां है? यह गणित मेरे जैसा सामान्य बुद्धि का व्यक्ति समझ सकता है तब देश के मंत्री, प्रशासनिक अमला फैला और नीति निर्धारकों ने क्या आख पर पट्टी बांध रखा है। हां, रखा है कैसे समझते हैं।



-मनोज शर्मा

> एक राजा था उसकी प्रजा आकाल से पीड़ित थी और कर भी कसाई की तरह लेता राजा क्रूर और राक्षस था। प्रजा त्रस्त थी। यह कहानी आज पुरानी है क्या? सरकार को आर्थिक विशेषज्ञों के पैनल के साथ इस बार गरीब व मध्यम वर्ग की सुध लेते हुए बजट बनाना होगा। राष्ट्रवाद का मुद्दा काम करेगा लेकिन महंगाई की चोट उन्हें कई बार लग चुकी है।

इसके अलावा एक फील्ड ब्वॉय ने बताया मुझे तनख्वाह के अलावा कंपनी से दो रुपये लीटर प्रति किलोमीटर के हिसाब से पेट्रोल खर्च मिलता है, लेकिन जब से लेकर अब तक पेट्रोल का भाव तीस रुपये लीटर बढ़ चुका लेकिन कंपनी अधिक पैसे बढ़ाने को तैयार नही हैं और जो कंपनी के काम से बाहर जाता हूं उस वजह से मेरी तनख्वाह से पेट्रोल लग जाता है। अब बच्ची का एक किलो दूध जिसमें 16 सौ रुपये लगते थे उसे आधा किलो किया है। यह सौ करोड़ की पीड़ा है।

ईंधन के दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा महंगाई बढ़ती है यदि इसे सरल भाषा में एक उदाहरण के रूप में समझें तो हिमाचल से दिल्ली किसी सब्जी के ट्रक का किराया पच्चीस हजार हैं और डीजल के दाम बढ़ने से वह किराया तीस हजार रुपये हो जाता है तो जो सब्जी 50 रुपये किलो थी वह सीधा 60 रुपये किलो हो गई। एक चीज से ही बहुत सारी चीजें प्रभावित होती हैं। ईंधन का दो बढ़ने से खाने पीने की आपूर्ति का खर्च बढ़ता है जिससे अन्ततः महंगाई बढ़ती है। भारत हाल ही में बेंट क्रूड का भाव कम है जिसकी वजह से पेट्रोल-डीजल के मौजूदा रेटों में लगभग 8 से 10 रुपये तक का भाव कम हो सकता है लेकिन इस ओर सरकार न जाने किस वजह से ध्यान नही दे पा रही। बता दें कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें तय करने में अहम भूमिका इंटरनेशनल मार्केट में बेंट क्रूड के भाव के आधार पर तय होती है। यदि इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड के दाम कम हो जाते हैं तो पेट्रोल-डीजल के दाम पर भी गिर जाते हैं। हालांकि बेंट क्रूड की कीमतों कम होने का बाद उस देश की मर्जी पर भी तय होता है कि वह दाम कम करें या न करें। हमारे देश में केंद्र के बाद राज्य सरकारें भी अपना टैक्स लगाते हुए रेट में बदलाव कर सकती हैं। इस ही वजह से हमारे देश में हर राज्य में पेट्रोल व डीजल का रेट अलग-अलग होता है। सरकार को त्वरित प्रभाव से पेट्रोल व डीजल के दामों में कटौती करनी चाहिए। जिन देशों में पेट्रोल सबसे महंगा है, उन देशों की सूची में हमारा देश 58वें नंबर पर आता है हालांकि कभी-कभी एक-दो पायदान ऊपर नीचे होता रहता है। बीते वर्ष मई तक भारत में पेट्रोल की कीमत 1.31 डॉलर प्रति लीटर पहुंच गई थी जिससे कई शहरों में सौ रुपये प्रति लीटर तक रेट पहुंच गया । यदि हम अपने पडोसी देशों पाकिस्तान,नेपाल और भूटान में पेट्रोल हमारे यहां से सस्ता बिकता है। भारत सरकार इस पर गौर करे। बीते दिनों वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टेक्सटाइल पर जीएसटी 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने की घोषणा की थी लेकिन बाद में कई राज्यों और इंडस्ट्री के आग्रह करने के बाद फैसला वापस लेना पड़ा। चूंकि क्लोदिंग आवश्यक वस्तु में शामिल है और इस पर होजरी मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ने जीएसटी बढ़ाने के फैसले पर चिंता जताई थी। होजरी मैन्युफैक्चरर अनुसार कपड़ों पर जीएसटी बढ़ने आम आदमी प्रभावित होता और एमएसएमई सेक्टर को भी इससे नुकसान होता चूंकि देश के कपड़ा उत्पादन में असंगठित क्षेत्र का 80 प्रतिशत से ज्यादा का योगदान है। इससे बुनकर सबसे ज्यादा प्रभावित होत सकते थे। पुलिस रिकार्ड के अनुसार अधिकतर छिनतई व चोर अच्छे परिवार और शिक्षित थे।

एक राजा था उसकी प्रजा आकाल से पीड़ित थी और कर भी कसाई की तरह लेता खूब मारता राजा क्रूर और राक्षस था। प्रजा त्रस्त थी। यह कहानी आज पुरानी है क्या? राम दशरथ नंदन राम और रामचन्द्र जिन्होंने संसार को एक न्यायी राजा दिया जिसके काल में कोई काल कलवित न हुआ इस अंतर को समझें तब बजट बने और इसी रास्ते पर देश चले।(लेखक पत्रकारिता विभाग रांची विवि से जुड़ें हैं।)

## खास बात

### अनंत संभावनाओं वाली हमारी हिंदी

डॉ ऐश्वर्या झा

**हिंदी** के वैश्विक भाषा के रूप में प्रचार प्रसार के लिए पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित किया गया था जहां 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दिन विश्व हिंदी दिवस मनाने की अधिकारिक घोषणा वर्ष 2006 में हुई थी, जिसके बाद हर साल 10 जनवरी को, विश्व हिंदी दिवस मनाया जाने लगा। संयुक्त राष्ट्र की शैक्षिक और सांस्कृतिक एजेंसी यूनेस्को के अनुसार, विश्व में 7,000 से अधिक भाषाएं हैं जिसमें भारत की 1635 मातृभाषाएं व प्रमुख 22 भाषा को आधिकारिक मान्यता प्राप्त है। हिंदी हिंदी समूह भाषियों की अनुमानित संख्या सौ करोड़ से भी अधिक है। वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के इथोनोलॉज को मानें तो 61.5 करोड़ से अधिक लोग हिंदी भाषी हैं,जो संख्या के आधार पर विश्व में तीसरा है। पहले स्थान पर अंग्रेजी (113.2 करोड़), चीन की मैंड्रेन भाषा (111.7 करोड़) हैं। भारत एक बहुभाषी देश है, संसार में 20 ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं हैं जिसमें हिंदी (तीसरे), बंगाली भाषा (सातवें ), उर्दू (11वें), मराठी(15वें), तेलगू (16वें) एवं तमिल भाषा (19वें ) स्थान पर है। अह्लरङ्ग फॉ - योगेश कुमार सोनी का लेख : महंगाई पर अंकुश की जरूरत देश में आपसी संवाद का सबसे सरल माध्यम हिंदी है। कुछ साल पूर्व तक ये लगता था कि ये आमजन के दिल की भाषा तो हो सकती है, किन्तु अच्छे रोजगार के लिए तो अंग्रेजी ही जरूरी है। अंग्रेजी के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबदबे का मुख्य कारण इस भाषा के व्यवसाय या टेक्नोलॉजी से जुड़ाव है। आज के समय में किसी भी भाषा की जीवंतता सिर्फ बोलने वालों की संख्या से नहीं बल्कि भाषा का रोजगारोन्मुख होना भी जरूरी है। आज भाषा को केवल किताबी साहित्य तक ही सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि इसके दायरे से कुछ भी अछूता नहीं है। जो भाषा रोजगार नहीं दे पाती, वह बोझ बनने लगती है। सदियों की गुलामी से जकड़ी मानसिकता और मैकाले की शिक्षा नीति से ऐसा लगने लगा था कि हिंदी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा, ऐसा नहीं हुआ ।

# लंका पर चढ़ाई

## धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**अंह** की जो दुनिया होती है उसी को जलाना होता है। जब तक नहीं जलाया जाता है तब तक सीता का काम नहीं होगा। एक ओर जब संयोग होता है तो दूसरी ओर वियोग होता है।

जस संयोग वियोग जैसे तत अक्षर दुई आही। रटत अंदर भेंट गुरु ते मंत्र अजपा माही।

अजपा उस प्रेम को कहते हैं जो बिना जपे हमेशा याद किया जाता है और गुरु से भंट हो जाती है। कब? जब संयोग वियोग एक साथ जुटते हैं गुरु की दुनिया में जुटते तो कायागढ़ लंका की दुनिया जल जाती है। हनुमान जी जब सीता से भेंट किये राम का काम कर आए तो कायागढ़ लंका जलाने में समर्थ हुए।

**युद्ध के लिये प्रस्थान**

हरिष राम तब कीन्ह पयाना।
सगुन भए सुंदर सुभ नाना।।

जब सीताजी की खोज हो चुकी तब प्रसन्नता की बात थी। सभी लोग हर्ष से भर गये थे। हनुमानजी ने रावण को काफी छति भी पहुंचायी थी। उसके बल को भी देखा था और उसके सभी रास्तों की जानकारी हासिल कर ली थी। हनुमान जी लंका से इतनी सूचना ले आये थे जिसके आधार पर आगे की योजना बनायी जा सकती थी।

सुग्रीव देर किये वगैर चारों ओर खबर भेज दिये और विभिन्न सैनिकों को जो उनकी सेना में एक से एक बलवान थे सबको इकट्टा किया। हजारों सैनिकों को लेकर श्रीराम से आदेश मांगा कि अगर आप आज्ञा दें तो हम सब श्रीलंका के लिये प्रस्थान करें।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**हम** फिर आ रहे हैं अपनों के बीच,
अन्याय और अहंकार के विरुद्ध - ह्यन्याय की ललकार लेकर।
सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक, मिलने तक।
-राहुल गांधी

## आपके ट्वीट

न्यायिक सेवा में होते हुए भी जस्टिस एल पी एन शाहदेव जी ने झारखण्ड आंदोलन को बिना किसी दल के बंधन में बंधे हुए अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। जस्टिस एल पी एन शाहदेव जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।
– हेमंत सोरेन





**श्री अयोध्या** धाम में 22 जनवरी का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम, दुनिया के अंदर जहां कहीं भी सभ्यता और संस्कृति को कुचला गया होगा, उनके लिए एक आस है, एक नया विश्वास है...
-योगी आदित्यनाथ

# राम मानस हैं राम गीता भी हैं , राम हैं शांति , राम संहारक भी हैं

डॉ हराधन कोईरी

**भारतीय** साहित्य में राम का चरित्र भरा पूरा है। सभी कवि अपनी काव्यात्मक प्रतिभा से राम के शील,शक्ति और सौंदर्य को अपने अपने ढंग से देखने,समझने का प्रयास किया है। कविवर निराला ने भी 'राम की शक्ति पूजा' के माध्यम से राम को नये भाव-बोध के साथ के देखने का प्रयास किया है। उन्होंन राम को युगीन संवेदना के अनुकूल पूरी तरह से समय-सापेक्ष और मानवीय धरातल पर खड़ा किया है। निराला के राम सामान्य मनुष्य की तरह विषम परिस्थित में दुखी एवं निराश होते हैं। यथा -

मित्रवर,विजय होगी न समर,
अन्याय जिधर,हैं उधर शक्ति !कहते छल-छल
हो गए नयन, कुछ बूँद पुनः ढलके दृगजल।

रावण के साथ युद्ध करने के क्रम में जब पहली बार राम को कठिन परिस्थित का एहसास होता है,तब उनका मन कौंधने लगता है और वे कहते हैं -

है अमानिशा उगलता गगन घन अंधकार, खो रहा दिशा का ज्ञान; स्तब्ध है पवन-चार। निराला के राम तुलसी के राम जैसे निर्विकार नहीं है। उनका एक रूप आधिदैविक है और दूसरा सहज मानवीय। कविवर निराला इस ओर इशारा करते हुए लिखते हैं-

स्थिर राघवेन्द्र को हिला रहा फिर-फिर संशय अर्थात वे जितने दृढ़ चेता हैं,उतने ही शंकालु भी। पूरी कविता में राम की इसी आशा-निराशा के द्वंद्व को दिखाया गया है। राम को उदास देख विभीषण इसका कारण पूछते हैं। राम मन्द स्वर में उत्तर देते हैं कि समर में हमें विजय न मिलेगी। यह नर-वानर का राक्षस से युद्ध नहीं रहा। रावण के आमंत्रण पर महाशक्ति उसकी सहायता के लिए उतरी हैं। यह कहते-कहते राम के नेत्र छलछला उठते हैं। जाम्बवान उन्हें धैर्य देते हुए कहते हैं कि आप भी आराधना का उत्तर दृढ़ आराधना से दीजिए और शक्ति का पूजन कीजिए। जब तक सिद्धि की प्राप्ति न हो जाए तब तक युद्ध छोड़ दीजिए। तब तक युद्ध का संचालन अन्य वीर करते रहेंगे। सुग्रीव आदि एक स्वर से इस सुझाव का समर्थन करते हैं। राम तत्काल ही शक्ति की आराधना करने लगते हैं। वे हनुमान को देवीदह नामक सरोवर से जाकर एक सौ आठ कमल पुष्प ले आने का आदेश देते हैं। हनुमान प्रभात से पूर्व ही कमल फूल ले आते हैं। रात्रि का अवसान होता है। सूर्य की प्रथम किरण फूटती है। युद्ध भूमि में कोलाहल होने लगता है किन्तु राम मन को एकाग्र किए आराधना में मग्न हैं। इसी प्रकार पाँच दिन बीत गए। छठे दिन उनका मन आज्ञाचक्र पर पहुँच गया। भगवती को कमल पुष्प अर्पित करते हुए राम एक ही आसन पर अडिग बैठे रहे। आठवें दिन एक इंदीवर शेष रह गया और मन सहस्त्रार को पार करने की प्रतीक्षा करने लगा है। तब दो पहर रात बीतने के बाद साक्षात भगवती दुर्गा राम की परीक्षा लेने के लिए पूजा का अन्तिम पुष्प उठा ले गयीं। हाथ बढाने पर राम को जब फूल न मिला तो उनका हृदय अस्थिर हो उठा। आसन छोड़ने से असिद्धि होगी यह सोच वे अपने को धिक्कारने लगे- धिक जीवन को जो पाता ही आया विरोध,धिक साधन जिसके लिए सदा ही किया शोध जानकी ! हाय,उद्धार,प्रिये का हो न सका । तभी उनके मन में विचार आया कि बचपन मेरी माँ मुझे कमल नयन कहती थीं, ऐसा सोच कर जैसे ही अपने दक्षिण नेत्र को अर्पित करने के लिए ब्रह्मशर उठाये, देवी ने उनका हाथ थाम लिया और युद्ध में विजयी होने का आशीर्वाद देती हुई राम के शरीर में विलीन हो गयीं-

साधु , साधु ,साधक धीर,धर्म-धन धन्य राम !
कह लिया भगवती ने राघव का हस्त थाम।
होगी जय,होगी जय,हे पुरुषोत्तम नवीन !
कह महाशक्ति राम के वदन में हुई लीन।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सबका हो विश्वास

**सबका** साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मंत्र होना चाहिए। सरकार अपने नागरिकों को सबल बनाने के लिए गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास करे। बिहार ही नहीं, देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। **-रोहित शर्मा, रांची**

### मिलावट और त्योहार

**त्योहारों** के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार, खासतौर पर मिठाइयों में, ज्यादा जोर पकड़ता है। इसके लिए आम लोगों को जागरूक होना चाहिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट के मुख्य कारण एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है। दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाता। **-शिवकुमार, गढ़वा**

# एक युवा सन्यासी जिसने युवाओं को जगाया

## युवा दिवस

प्रशांत झा

**स्वामी** विवेकानंद की याद में भारत में प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। आज भारत की युवा ऊर्जा अंगड़ाई ले रही है और भारत विश्व में सार्वधिक युवा जनसंख्या वाला देश माना जा रहा है। स्वामी विवेकानंद धर्म को मानते थे लेकिन धार्मिक कर्मकांड और पौराणिक व्याख्यानों को महत्व नहीं देते थे। अपने गुरू के मार्गदर्शन में उन्होंने लोगों को यह संदेश दिया कि ईश्वर है, बल्कि संसार के हर प्राणी की आत्मा में बसता है। उन्होंने लोगों को धर्म में आस्था बढ़ाने के लिए कर्मकांड से दूर रहकर पूर्ण समर्पण और त्याग का मार्ग दिखाया। 19 वीं शताब्दी में वे सबसे बड़े ऐसे आध्यात्मिक संत के रूप में उभरे, जिन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी के बल पर जन-जागृति फैलाई। संघर्ष करने के लिए स्वामी जी ने कहा था कि इस बात की चिंता मत करो कि स्वर्ग और नरक है या नहीं। इस बात की भी चिंता मत करो कि आत्मा का अस्तित्व है या नहीं। इस झगड़े में भी मत पड़ों कि विश्व में कोई अविनाशी सत्ता है या नहीं पर संसार हमारे क्षेत्रों के सम्मुख है और वह कष्टों से भरा है। उनकी मान्यता थी कि मानव मात्र भी बुद्ध के समान संसार में प्रविष्ट हों और सांसारिक कष्टों को कम करने के लिए संघर्ष करें अथवा उसी प्रयत्न में मर जाए. अपने को भूल जाएं, यही पहला पाठ जीवन में सीखना चाहिए, तत्पश्चात विचार लें कि चाहे आप आस्तिक हैं या नास्तिक, द्वैतवादी हैं या अद्वैतवादी प्रत्येक के लिए एक ही पाठ अनिवार्य है और वह है अपने संकीर्ण अहम् को समाप्त करके विराट आत्मा का निर्माण करना। स्वयं का अच्छा या बुरापन दूसरे की दृष्टि से मत नापो, ऐसा करना अपने मन की दुर्बलता दिखाता है। मनुष्य कैसा है, यह आंकलन वह स्वयं करे तो सही होगा। 1 मई 1893 में उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना करके युवाओं को एक नया मंत्र दिया।

19 वीं सदी के अंतिम दशक में भारत के साथ ही अमरीकी युवाओं में भी उनकी छवि एक प्रेरणा पुरूष के रूप में उभरी। स्वामी विवेकानंद कुशाग्र बुद्धि के व्यक्ति थे। अपनी ओजस्वी वाणी, महान व्यक्तित्व और पूर्वी व पश्चिमी सभ्यताओं, संस्कृति के बारे में गहरे ज्ञान ने उन्हें भारत के अलावा विश्व के अन्य देशों में भी महान व लोकप्रिय बना दिया। अपनी तेज बुद्धि के बल पर वे किसी भी विषय पर बिना रूके घंटों भाषण दिया करते थे। सिर्फ एक बार पढ़ने के बाद ही उन्हें सैकड़ों पत्रों की पुस्तक कंठस्थ याद हो जाती थी। उनकी चार प्रमुख कृतियां ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग और राजयोग हैं। यह स्वामी जी के वाक शैली का ही प्रभाव था जिसके कारण एक विदेशी महिला ने उनसे कहा - मैं आपसे शादी करना चाहती हूं। विवेकानंद ने पूछा - क्यों देवी ? पर मैं तो ब्रहाचारी हूं। महिला ने जवाब दिया - क्योंकि मुझे आपके जैसा ही एक पुत्र चाहिए, जो पूरी दुनिया में मेरा नाम रौशन करे और वो केवल आपसे शादी करके ही मिल सकता है।

विवेकानंद ने कहा- इसका और एक उपाय है। विदेशी महिला ने पूछा- क्या ? तो विवेकानंद ने मुसकुराते हुए कहा - आप मुझे ही अपना पुत्र मान लीजिए और आप मेरी मां बन जाइए। युवाओं के यह प्रेरणास्त्रोत मात्र 39 वर्ष की अल्पायु में 1902 में सबको छोडकर चले गए लेकिन आज भी युवाओं और कर्मयोगियों में अपनी वाणी की शक्ति से अमर है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में अक्षत कलश का वितरण



**कुजू।** महावीर मंडल कुजू बस्ती द्वारा श्रद्धालुओं के बीच अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश का वितरण बुधवार को किया गया। इस दौरान मंडल के सदस्यों ने राम भजन करते हुए कुजू चौक, कुजू बस्ती, कुंदरियाबांध, डटमा मोड़ के घर-घर जाकर अक्षत का वितरण किया। साथ ही आगामी 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी दिया। मौके पर यमुना पांडेय, श्रवण शाह, रवि पांडेय, वीरेंद्र करमाली, सूरज साहू, शुभम साहू, सुमित साहू, सुजीत साहू, सागर ठाकुर, चंदन ठाकुर, अंशु ठाकुर, संजम साहू, आलोक साहू, राजेंद्र केशरी अभिषेक साहू लल्ला, पवन साहू, सुजल साहू, नकुल साहू, अंकित केशरी, श्याम केशरी , अजय केशरी , राजेंद्र केशरी , सुजल केशरी , सनी केशरी , सुरज केशरी , अभिषेक केशरी, शेखर साहू सहित कई लोग शामिल थे।

### उज्जवला फाउंडेशन ने बांटा चूड़ा-तिलकुट



कुजू। बोंगावार फोरलेन स्थित जेपी रेस्टोरेंट सभागार में मकर संक्रांति के मौके पर उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों के बीच बुधवार को चूड़ा तिलकुट एवं चीनी का वितरण किया गया। साथ ही कंबल का वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति व संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष वीना कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि व भाजपा वरिष्ठ नेता सुखदेव सोनी शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि संस्थान गरीब असहाय एवं निर्धन लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सांसद जयंत सिन्हा द्वारा मिले 101 कंबल सहित मकर संक्रांति पर्व के मौके पर चूड़ा, चीनी तिलकुट वितरण किया जा रहा है। मौके पर संस्था के सचिव आशा कुमारी, अनिता कुमारी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, मन्सरी देवी, मालती देवी, मीना देवी, किरण देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, सविता देवी, बिंदू देवी, लवली देवी, सीमा देवी, पूनम देवी समेत कई सदस्य मौजूद थे।

### अयोध्या से आया अक्षत वितरित



**कुजू।** न्यू कॉलोनी हनुमान मंदिर से कुजू पूर्वी पंचायत के सयान महिला समिति के नेतृत्व में अयोध्या से आये अक्षत को घर-घर देकर निमंत्रण दिया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा कलश का विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र के श्री राम चौक, केबीगेट, मुरपा, कुजू कोलियरी का गाजे-बाजे के साथ भ्रमण करते हुए घर-घर जाकर अक्षत देते हुए आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया। मौके पर मुखिया ललिता देवी, उप मुखिया कुमारी नीलम, विश्व हिंदू परिषद के छोटू वर्मा, विनोद जयसवाल, रेखा देवी, नरेश महतो, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, तेजनाथ महतो, जयनंदन पटेल, अवधेश कुमार, पंचित महतो, महेश महतो आदि मौजूद थे।

### 22 जनवरी को मनायें दीवाली : मनोज गिरि



**कुजू।** दिगवार में बुधवार को भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि की अध्यक्षता में विकसित भारत सकंल्प यात्रा रथ के पहुंचने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मोदी की गारंटी की गाड़ी की उपस्थिति में मौजूद लोगों के बिच केन्द्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओ की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की लाभकारी योजनाओ का ज्यादा से ज्यादा परिवारो को लाभ पहुँचाने का निवेदन किया गया। मौके पर मनोज गिरी द्वारा राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ग्रामीणो से दिपावली मनाने और घरो में दीप जलाने एंव स्वचछता बनाए रखने का आग्रह किया गया। मौके पर प्रभारी सह पार्टी के उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाह, अर्जुन यादव,अरुण कुमार कुशवाह, दिनेश कुशवाह, चंदन कुशवाहा, गणेश सिंह, अशोक कुशवाह, चेतलाल महतो, बुद्धदेव महतो, पारस महतो, रामधनी महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### हड़ताल पर रहे शिक्षकेतर कर्मी

दारू। झारखंड वत्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर बुधवार को बीड़ीजेजे इंटर महविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। प्रचार्य भुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के द्वार अनुदान की राशि में बढ़ोतरी को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया था।शिक्षा विभाग के द्वारा गठित कमेटी के अनुशंसा को एक वर्ष तक रोक कर रखा है।उस पर कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की गई है साथ ही साथ मंत्री परिषद की सहमति विभाग के द्वारा नही लिया गया है। वित्त रहित संघर्ष मोर्चा की मांग है कि मुख्यमंत्री जी स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को अभिलंब संलेख वित्त विभाग एवं विधि विभाग से कराकर कैबिनेट में सहमति के लिए अविलंब भेजने का आवश्यक आदेश दे।

# चौपारण में अफीम तस्करों ने वनकर्मियों पर किया हमला

## कई घायल, ट्रैक्टर और बाइक क्षतिग्रस्त

**धारदार हथियारों से लैस 150 लोगों ने किया हमला : वनपाल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** लगातार अफीम की फसलों को वन विभाग के द्वारा नष्ट किये जाने से बौखलाए अवैध कारोबार में संलिप्त लोगो ने वन वन कर्मियों पर मामला बोल दिया जिससे कई वन कर्मी घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को चोरदाहा पंचायत के ग्राम ढोढ़ीया में प्रभारी वनपाल अयूब अंसारी के नेतृत्व में अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने गयी टीम पर गांव के लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें वनपाल अयूब अंसारी सहित वनरक्षी श्रवण कुमार मेहता, कुलदीप कुमार महतो, वनकर्मी राज कुमार सिंह, केशर सिंह खरवार व राजदेव यादव सहित अन्य सभी घायल हैं। जिसमें राजदेव यादव को बुरी तरह



पीटा गया है। हमलावरों में रामसेवक गंझू पिता मोहन गंझू, दर्शन गंझू पिता विपत गंझू, कैलू गंझू पिता करम गंझू, कुलेश्वर गंझू पिता सहदेव गंझू, उमेश गंझू पिता महरी गंझू, संचित गंझू पिता टेकन गंझू, गणेश गंझू उर्फ छोटन गंझू पिता महरु गंझू, बलदेव गंझू पिता धनु गंझू, ठुपा गंझू पिता लखन गंझू, चनों गंझू पिता लखन गंझू व कारू सिंह पिता धनपत सिंह सहित करीब 150 पुरुष, महिला व बच्चे शामिल थे।

तस्कर यहीं नहीं रुके उन्होंने फसल नष्ट कर रहे वनकर्मी, ट्रैक्टरों को व वनकर्मियों के बाइकों को लाठी, सबल, फरसा, गंडासा, चाकू, व बांस के फराठिओं से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद जान बचा कर भागे वनकर्मियों ने किसी तरह दो ट्रैक्टरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया जबकि एक ट्रैक्टर उन लोगों ने पकड़ रखा है। उक्त जानकारी देते हुए वनपाल अयूब अंसारी ने बताया कि हमारी टीम आज किसी तरह से जान बचा कर भागी।हम प्रशासन से सहयोग लेकर पुनः कार्रवाई करेंगे।

# भाजपा को हजारीबाग से उखाड़ फेंकना लक्ष्य: बेदिया

### ढोठवा मुखिया जय प्रकाश केसरी झामुमो में हुए शामिल

### झामुमो के कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर पहुंचे झारखंड परिवहन प्राधिकार का सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि भाजपा जनविरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सूबे में अनेक जनकल्याणकारी कार्य संचालित कर उनकी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया है। क्षेत्रीय पार्टी ही क्षेत्र का विकास कर सकता है। जिला संयोजक मंडली सदस्य कमल नयन सिंह ने कहा कि भाजपा काल में



महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर है। हेमंत सरकार द्वारा संचालित अबुआ आवास एक उपलब्धि है। राजा मोहम्मद ने कहा कि कटकमसांडी प्रखंड में यह पहला कार्यकर्ता सम्मलेन है, जिसमें हजारों की संख्या मे लोगों की उपस्थिति झामुमो के प्रति प्रेम दशार्ने का काम किया है। कार्यक्रम को नीलकंठ महतो, यासीन खान, संजय गुप्ता, इजहार अंसारी, निसार अहमद, जयप्रकाश केसरी, कुमारी श्रीति पांडेय, इरशाद आलम, मो. ताहिर, कमाल कोरैशी, गेस्ट मो. मुमताज, संजय सिंह, मुकेश साहू, अर्जुन प्रसाद साहू, साहिद उर्फ राजा खान, वीरेंद्र राणा, सरफराज अहमद, कमरू जमा खान, शादाब हाशमी, मुकेश रावत, राजेंद्र राणा, महेश विश्वकर्मा सहित ने संबोधित किया।

### पप्पू प्रसाद बने युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष



**बड़कागांव।** कांग्रेस प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष आनंद कुमार ने चंदौल पंचायत के डूंडीटांड़ निवासी पप्पू प्रसाद को प्रखंड कमेटी में कांग्रेस युवा मोर्चा का प्रखंड उपाध्यक्ष में मनोनीत किया इस संबंध में आनंद कुमार ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि पप्पू प्रसाद का पार्टी में निष्ठा एवं समर्पित भाव को देखते हुए उक्त पद पर मनोनीत किया गया है। कामना करता हूं कि आगे भी इसी तरह निष्ठा पूर्वक पार्टी संगठन के लिए काम करते रहेंगे। मनोनयन पत्र पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के हाथों पप्पू प्रसाद को सौंपा गया।

### मनीष जायसवाल करेंगे पूजन सामग्री वितरित

**कटकमसांडी।** प्रखंड के पंचायत कंडसार में और कटकमसांडी स्थित चटी में कटकमसांडी भाजपा पूर्वी मंडल और पश्चिमी मंडल , जीवन प्रसाद मेहता और रीतलाल यादव के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि कटकमसांडी प्रखंड के तमाम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांवों में जितने मंदिर है सभी मंदिरों में सदर विधायक मनीष जयसवाल के सौजन्य से पूजन सामग्री दिया जाएगा। ताकि आगामी आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव गांव तक हर एक मंदिर में पूजा पाठ कर के एक अलग तरीके से इतिहास कायम हो सके। बैठक में विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, कंडसार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, गदोखर मुखिया नरयान साव, पाबरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजीत रजक, लुपूंग पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि,युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुमन रॉय, दीपक मेहता,महामंत्री राकेश कुमार सिंह , बीरेंद्र कुमार बीरू, बाझा पंचायत के मुखिया लीलो सिंह भोक्ता सहित लोग उपस्थित थे।

### सदर विधायक से कार्यकर्ताओं ने की बीडीओ की शिकायत

दारु। सदर विधायक मनीष जायसवाल बुधवार को देवदयाल कुशवाहा स्मृति भवन मे झुमरा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण राणा ने किया। बैठक में अयोध्या मे राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का जायजा लिया। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दारु प्रखंड के बीडीओ मनीष कुमार की कार्यशैली की शिकायत की। कार्यकताओं ने बीडीओ पर विकाश कार्य को ठप्प करने का आरोप लगाते हुए कहा की बीडीओ कोई भी नई योजना स्वीकृत नही कर रहे है। सांसद विधायक मद से हुई योजना राशि का भी भुगतान नही किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि उपायुक्त से मिलकर इस बारे मे बात किया जायेगा।

### अडाणी फाउंडेशन ने की सेना और पुलिस बहाली की शुरूआत

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने प्रखंड के युवाओं के लिए सेना बहाली प्रशिक्षण के पहले बैच की शुरूआत कर दी है। खनन परियोजना कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में स्क्रीनिंग के दौरान सफल पाए गए 30 युवा मौजूद थे।मौके पर मुख्य अतिथि बड़कागांव इन्स्पेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है। इस ट्रेनिंग सह कोचिंग से प्रखंड के युवाओं को काफी लाभ मिलेगा।

थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने इसे बेहद अच्छा प्रयास बताया। युवाओं को मिला निःशुल्क ट्रेनिंग किट, छह महीने का होगा कोर्स। बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट में हरली, गाली,बलोदर,सुकुल खपिया,साढ़, शिवाडीह,ढेंगा और महुगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया था। मौके पर उपमहाप्रबंधक संजय कुमार,उपमहाप्रबंधक (सुरक्षा) पुण्डरीक मिश्रा,सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह,सीएसआर उपप्रबंधक मोहित गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ के उपायुक्त ने मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को ईवीएम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 10 जनवरी से 28 फरवरी तक ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त एवं जिले के वरीय अधिकारियों ने म्डेमोंसट्रेशन का जायजा भी लिया।

पूरे जिले में डेमोंसट्रेशन हेतु दो ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर एक समाहरणालय एवं एक अनुमंडल




कार्यालय में स्थापित किए गए हैं। वहीं लोगों को ईवीएम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दो ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन है। जिसमें एक वैन पूरे रामगढ़ जिले के सभी बूथों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगी तथा एक सिर्फ पतरातू तथा मांडू प्रखंड के बूथों को कवर करेगी।

मौके पर उप विकास आयुक्त रामगढ़, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अंचल अधिकारी पतरातू, आईटी मैनेजर सहित उपस्थित थे।

# राष्ट्र और समाज के आधार स्तंभ हैं शिक्षकः सुदाम मरांडी

### ओड़िशा के शिक्षा मंत्री ने रजरप्पा डीएवी पब्लिक स्कूल का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को ओड़िशा के शिक्षा सह राजस्व मंत्री सुदाम मरांडी पहुंचे। विद्यालय प्राचार्य बीपी राय ने मंत्री, पत्नी और साथ आए लोगों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक क्षेत्रों में उपलब्धियों का जिक्र किया। प्राचार्य ने शिक्षकों और बच्चों से मंत्री को मिलवाया।

मंत्री ने कहा कि झारखंड में डीएवी स्कूल, रजरप्पा प्रोजेक्ट का नाम बहुत सुना था। अतः शिक्षण के क्षेत्र में हो रहे नित्य नए परिवर्तन की जानकारी लेने के लिए मैंनें इस स्कूल को चुना। वे विद्यालय की सुव्यवस्था, अनुशासन




और शैक्षणिक स्तर से बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के शिक्षक बहुत ही योग्य और अनुभवी हैं। पठन-पाठन के तौर तरीके बहुत ही सुंदर हैं। ऐसी ही शिक्षण व्यवस्था से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने उड़ीसा के स्कूलों में भी इसी तरह की शैक्षणिक व्यवस्था के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की बात कही। मंत्री ने कहा कि यदि बच्चे देश के भविष्य हैं तो शिक्षक राष्ट्र और समाज के सशक्त आधार स्तंभ हैं। यही कारण है कि शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहा जाता है। शिक्षक के बिना किसी क्षेत्र में सफलता हासिल करना असंभव है।

मंत्री ने झारखंड, ओड़िशा बंगाल की संस्कृति और इससे जुड़े कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्य बताए। विद्यालय प्राचार्य ने मंत्री और उनकी धर्मपत्नी को स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मंत्री ने प्राचार्य को शिक्षकों के साथ ओड़िशा आने का निमंत्रण भी दिया।

## एक नजर में

### विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव से मिले श्रीनगर के विस्थापित



**बरही।** बरसोत पंचायत के श्रीनगर ग्राम के विस्थापितों का प्रतिनिधिमंडल विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव से मिले। विस्थापितों के प्रतिनिधि मंडल ने अपर सचिव से मिलकर जल्द से जल्द श्रीनगर का मामला भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को भेजने का आग्रह किया।बतातें चले कि श्रीनगर गांव जिस जमीन पर बसा हुआ है, वह सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार अधिसूचित वन भूमि में हैं। श्रीनगर को अधिसूचित वन भूमि से नोटिफाई करने का कार्य भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा ही किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव से मिलकर अपनी रिपोर्ट भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को जल्द से जल्द भेजने का आग्रह किया ताकि उनको श्रीनगर जमीन का मालिकाना हक मिल सके। इस सम्बंध में विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के स्तर से इस मामले का निदान होना सम्भव प्रतीत नही हो रहा है चुकी उक्त जमीन अधिसूचित वन विभाग की चिन्हित है। केंद्र सरकार द्वारा ही मामले का हल निकाला जा सकता है। जिसे लेकर वह विभाग के अपर सचिव से मुलाकात कर एक रिपोर्ट भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से करने का अनुरोध किया किया गया है।

### बरही में डीलर संघ ने दिया वनभोज



**बरही।** जवाहर घाट स्थित वन विश्रामागार में प्रखंड डीलर संघ ने दिया वनभोज। वनभोज में प्रखंड के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव, एफसीआई के पुरुषोत्तम सिंह सहित प्रखंड के दर्जनों पीडीएस दुकानदार शामिल हुए। वनभोज में डीलरों से जुड़ी कई प्रकार के समस्याओं पर चर्चा हुई। अंत में सभी ने वन भोज का लुत्फ उठाया। मौके पर डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पंडित, सचिव सुखदेव साव, नंदकिशोर साव, बरूण साव, गणेश साव, राजेंद्र साव, जगदीश उराव, मनुलाल प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद यादव, दिलावर हुसैन, गीता देवी, विधा देवी, लखन राम, जयनाथा प्रसाद, प्रमेश्वर यादव, किशोर कुमार, छोटेलाल राम, सुनीता देवी, शकुंतला देवी, रेखा देवी, देवांति देवी, सनफुल देवी, अब्दुल कयूम, अर्जुन राम, बासुदेव प्रसाद, रामलाल यादव, अरुण कुमार, राजदेव यादव, निशांत कुमार, समशद आलम, संतोष केशरी, लालाधारी यादव, नंदकिशोर प्रसाद, रविंद्र यादव, चंदेश्वर रविदास, अरुण कुमार सिंह, बद्री यादव सहित कई डीलर संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### एसडीओ ने किया वीवीपैट प्रदर्शन का उद्घाटन



**बरही।** चुनाव आयोग के निर्देश पर बरही अनुमंडल परिसर में ईवीएम व वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र का एसडीओ पूनम कुजुर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर एलआरडीसी अजय भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलखो के साथ अन्य कर्मी भी मौजूद थे। एसडीओ ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ईवीएम व वीवी पैट के बारे में आम लोगों को जानकारी मुहैया करानी है। एसडीओ पूनम कुजुर ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से ईवीएम व विवि पैट द्वारा कार्य करने की बताया। सेंटर पर वर्किंग डे में आकर कोई भी व्यक्ति इसके कार्य करने की प्रक्रिया की जानकारी ले सकता है, यहां मौजूद एक्सपर्ट सारी जानकारी उनतक उपलब्ध करायेंगे ताकि वोटिंग के वक्त उन्हें कोई परेशानी न हो। सेंटर पर आए लोगो को कर्मी ईवीएम मॉडल से डेमो प्रदर्शित करेंगे। मौके पर प्रधान सहायक किशोर कुमार, सहायक तुलसी श्रीवास्तव, संजय कुमार तिग्गा, सन्नी कुमार, निशांत कुमार, संजीत कुमार, प्रमोद कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### झामुमो के पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल

**कटकमसांडी।** विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा एवं पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव के समक्ष बाझा पंचायत के झामुमो के पंचायत अध्यक्ष हीरामन यादव ने बीजेपी का दामन थामा। हीरामन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री, और मनीष जयसवाल द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो से प्रभावित होकर बीजेपी का दामन थामा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव,अजीत दास,सुंदर मुंडा,लीलो सिंह भोक्ता, अरविन्द यादव, कृपाल सिंह, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अनुदान को लेकर हड़ताल पर शिक्षा कर्मी

**चरही।** वित्तरहित अनुदानित राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा के शिक्षा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। प्राचार्य देवनाथ सिंह ने बताया कि इंटर कॉलेज,हाई स्कूल,संस्कृत विद्यालय और मदरसा के लिये सरकार के द्वारा अनुदान की राशि में बढ़ौतरी के लिये अनुशंसा किया गया था।लेकिन एक वर्ष तक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा लटकाए रखा है।जिसको लेकर वित्तरहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आवाहन पर राजीव गांधी इंटर महाविद्यालय में पठन-पाठन को बंद कराते हुए मुख्य गेट पर ताला लगा कर हड़ताल किया गया।जिस कारण छात्र-छात्राओं पढ़ाई-लिखाई के कार्य ठप रहे।इस मसले का हल तत्काल नहीं किया गया तो पुनः हड़ताल किया जाएगा।जिसकी सारी जबावदेही विभाग और सरकार की होगी।

### मेडिका रांची ने लगाया निशुल्क हेल्थ कैंप

दारू। कोल्ड स्टोर झुमरा में बुधवार को निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगा। कैंप का उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया। हृदय रोग, नेत्र रोग, जनरल चिकित्सा एवं सर्जरी, कैंसर रोग, हड्डी रोग, एमरजैंसी मेडिसिन, न्यूरो सर्जरी, फिजियोथैरेपी, डाइट इत्यादि के डॉक्टर शामिल हुए। कैंप में विभिन्न पंचायत से सैकड़ो लोग इलाज के लिए आए जिसमें लोगों का ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल, हार्ट बीट का जांच हुआ इसके बाद स्पेशल डॉक्टर द्वारा बीमारियों का जांच किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर श्याम देव फिजिशियन ,डॉक्टर निर्मल कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ ,डॉक्टर निर्मल कुमार ,डॉक्टर रोहित सेंगर फिजिशियन, डॉक्टर विजय श्री आहार विशेषज्ञ , डॉक्टर दीपक कुमार हृदय रोग विशेषज्ञ, क्यू डॉक्टर अनिध अनुराधा नेत्र विशेषज्ञ ,डॉक्टर सुरेश एम ऑकोलॉजी , कई नर्स तथा विभिन्न पंचायत के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनायें कार्यकर्ता : मुनेश्वर साहू

>> गुमला में जिला भाजपा की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला भाजपा गुमला की आवश्यक बैठक बुधवार को पालकोट रोड स्थित उत्कल पॉइंट में हुई। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री व मोर्चा के सभी जिलाध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित थे। मौके पर प्रदेश मंत्री श्री मुनेश्वर साहू ने आगामी 22 जनवरी को पूरे जिला में अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप मनाने का आह्वान किया।

साथ ही संगठन की मजबूती के लिए बुथ के कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों का संस्कृतिक गुलामी का पटाक्षेप आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से होने जा रहा है। इसके साक्षी हम सभी भारत वासी बनेंगे। जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि 22 जनवरी को पूरे देश में दिवाली मनायी जायेगी।

सभी मंदिर में पूजा पाठ भजन कीर्तन कर एलईडी लगाकर हमें प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री भारत सरकार के द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत दबे-कुचले पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए 18 श्रेणी के लोगों को लाभ दिया जा रहा है। जिसको ज्यादा से ज्यादा गांव घर पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार करके लोगों को लाभ दिलाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता करे।

## पीएम विश्वकर्मा योजना से दबे-कुचले पिछड़े वर्ग के लोगों को दिलायें लाभ : अनूप



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी।

### ये भी थे उपस्थित

बैठक में भूपन साहू, निर्मल गोयल, अनीता बड़ाइक, प्रतिमा देवी, जगनारायण सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, दिनेश्वर प्रसाद, रामावतार भगत, विजय सिंह पिंटू, मनोहर बड़ाइक, कामेश्वर प्रसाद, दिनेश सिंह संतोष सिंह, शैल मिश्रा, चितरंजन मिश्रा, शंभू सिंह, कौशलेंद्र जमुआर जोगिंदर सिंह, मनोहर राय, अजीत विश्वकर्मा, हरिहर प्रसाद, हरिहर प्रसाद श्याम किशोर पाठक, केदार साहू, गोपाल गोप, सुमित महली, अमर पांडे आदि उपस्थित थे।

## ईमानदारी से कार्य करने की अपील

जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोर्चा के सभी जिला अध्यक्ष प्रदेश संगठन के द्वारा दिए गए कार्य को ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक पूरा करें। साथ ही सभी मंडल अध्यक्ष पूरे उत्साह के साथ आगामी लोकसभा के चुनाव की तैयारी में लग जाए और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो लक्ष्य दिया है। अगर लोकसभा चुनाव में 400 लोकसभा सीट जीतकर मोदी जी के हाथ को मजबूत करना है। बैठक को जिला उपाध्यक्ष लालमोहन साहू, प्रदीप प्रसाद, जिला महामंत्री सतनारायण पटेल, मिसिर कुजूर ने भी संबोधित किया एवं कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आगामी 25 जनवरी तक विभिन्न पंचायत में किया जा रहा है। जिसमें ज्यादा लोगों को विकसित भारत संकल्प का संदेश पहुंचाने का सरकार की जो योजना है उसमें सहयोग कर सफल बनायें। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष श्री बालकेश्वर सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री जगनारायण सिंह ने किया।

## स्पीड न्यूज

### एसपी-पदाधिकारियों को मिला अक्षत



**गुमला।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत व निमंत्रण कार्ड बुधवार को जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी के बीच विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वितरित किया। इस दौरान एसपी हरविंदर सिंह, पीएचडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सदर अस्पताल गुमला के उपाधीक्षक अनूपम किशोर, गुमला थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित कई अन्य पुलिसकर्मी को श्री राम चरित्र पत्रक देकर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया। 21 और 22 जनवरी को भव्य दीपोत्सव मनाने के लिए आग्रह भी किया गया। मौके पर अजय सिंह राणा, मुकेश सिंह, आलोक गुप्ता, मनोज वर्मा, रविंद्र सिंह, मुन्ना बड़ाईक, रवि नायक, विजय उरांव भी थे।

### ब्राउन शुगर के साथ एक धराया, जेल



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा पतराटोली से पुलिस ने 14 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ उत्तम साहू नामक युवक को गिरफ्तार किया। ब्राउन सुगर की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए आंकी गयी है। बुधवार को एसपी हरविंदर सिंह ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खोरा में एक युवक अवैध रूप से नशीले पदार्थ की बिक्री करता है। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा छापेमारी कर युवक को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर 14 ग्राम ब्राउन शुगर, मोबाइल व एक तौलने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन भी बरामद की गयी। छापामारी दल में एसडीपीओ मनीषचंद्र लाल,थाना प्रभारी बिनोद कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पति-सौतन पर प्रताड़ना का आरोप

**सिसई।** पुसो थाना क्षेत्र के नरगिस खातुन ने महिला थाना में अपने पति अफरोज अंसारी और सौतन तब्बसुन खातुन पर मारपीट करने व प्रताड़ित करने की लिखित शिकायत दर्ज करायी है। नरगिस ने कहा है कि उसका विवाह दिसंबर 2013 में मुस्लिम रीति–रिवाज के तहत मांडर थाना क्षेत्र के नावाताड़ के अफरोज अंसारी के साथ हुआ था। 10 वर्षों तक वैवाहिक जीवन खुशहाली पूर्वक बीता। लेकिन एक वर्ष पहले मेरा पति गैर तरीके से लोहरदगा जिला के भंडरा गांव निवासी तलाकशुदा हउवा अंसारी की बेट्टी तब्बसुन को रख लिया। तब से मेरा पति मुझे रखने से इंकार कर रहा है। दोनों मिलकर प्रताड़ना करते हुए मारपीट करते हैं। वहीं नरगिस खातुन ने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है।

### बचपन प्राइमरी स्कूल में कई प्रतियोगिता

**गुमला।** बैंक कॉलोनी व ओल्ड डीएवी कैंपस स्थित बचपन प्राइमरी स्कूल में विश्व हिंदी दिवस बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्रों ने एक साथ मिलकर हिंदी भाषा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की शिक्षिका यशोदा कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह भाषा हमारी संस्कृति और विरासत का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने हिंदी भाषा पर आधारित स्वरचित कविताएं, गीत और कहानी प्रस्तुत किये और कई प्रतियोगिताएं हुईं।

### 12 को होनेवाले कन्वेंशन में गुमला से लोहरदगा जायेंगे झानद सदस्य

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल (झानद) की संयुक्त लोकसभा स्तरीय पार्टी के पदाधिकारियों को लेकर 12 जनवरी 2024 को लोहरदगा जिला मुख्यालय में होनेवाली कन्वेंशन में गुमला जिला से भी जिला स्तरीय पदाधिकारी भाग लेने लोहरदगा जायेंगे। कन्वेंशन में आगामी लोकसभा चुनाव को देख 28 फरवरी को लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के गुमला जिला मुख्यालय में जन संसद कार्यक्रम की लोकसभा स्तरीय 12 को होनेवाली कन्वेंशन में गुमला से भी पदाधिकारी लोहरदगा जायेंगे। कन्वेंशन में पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

### मातृत्व वंदना के लिए लगा विशेष कैंप



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड कार्यलय परिसर में बाल विकास परियोजना ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना के लिये विशेष कैंप का लगाया। जिसमें गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं और बच्चों का बैंक पासबुक व आधार कार्ड में त्रुटि का निराकरण किया गया। जिसमें त्रुटिकरण के लिये लगभग 60 आवेदनों का सुधार किया गया तथा नया पंजीकरण के लिए करीब 70 आवेदन जमा लिया गया। वहीं महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने जनकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना केंद्र सरकार का गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिये महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के मध्यम से गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य और पोषण के लिये 5000 रु दिया जाता है। मौके पर शांति उरांव, रजनी देवी, पूनम मिंज, टिंकी देवी, शांता मिंज, सुषमा उरांव, अंजनी उरांव, सुमन्ती उरांव, यशोदा कुमारी, शहनाज बानो समेत प्रखंड की सभी सेविकाएं थीं।

### प्रस्तावों की समीक्षा को लेकर बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को जिला के तीन प्रखण्डों किस्को, पेशरार और सेन्हा प्रखण्ड के अंतर्गत पीवीटीजी ग्रामों के संपूर्ण विकास एवं उत्थान हेतु प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा हेतु बैठक समाहरणालय सभागार में की गयी। जिसमें जिला के तीन प्रखंडों में से पेशरार प्रखंड के 29 गांव, किस्को प्रखंड के 17 गांव और सेन्हा प्रखंड के एक गांव में पेयजल, बिजली, सड़क, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, चिकित्सा केंद्र, नेटवर्क सुविधा और वन पट्टा वितरण से संबंधित सर्वे के अनुसार प्राप्त आवेदन व प्रस्ताव की समीक्षा की गयी।

# नक्सल गतिविधियों व नक्सल समर्थकों पर रखें नजर : एसपी

## इंस्पेक्टर से डीएसपी में प्रोन्नत बैजु उरांव को एसपी ने किया सम्मानित

- एसपी की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस लाइन गुमला में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में एसपी ने नक्सल गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश देते हुए नक्सली समर्थकों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही।

उन्होंने लंबित कांडो का त्वरित गति से निष्पादन का सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया। साथ ही मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाने पर जोर देते हुए कहा कि नशीले पदार्थ की जकड़ से समाज को छुटकारा दिलाना है। जिसके लिए जागरूकता अभियान भी थाना प्रभारी अपने स्तर से चलायें।

उन्होंने कहा कि गश्ती दल मुसतैदी के साथ क्षेत्र में भ्रमण करें और अपराध नियंत्रण में अपनी भूमिका निभायें। उन्होंने थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने को कहा। बैठक में एसपी ने पिछले महीने हुए अपराध, यूडी, लंबित वारंट आदि कांडो के निष्पादन की समीक्षा की। बैठक के उपरांत पुलिस निरीक्षक से डीएसपी के पद पर प्रोन्नत बैजू उरांव को पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया विकास आनंद लागुरी ने बैच पहनाकर सम्मानित किया।



इंस्पेक्टर से डीएसपी बने बैजु को सम्मानित करते एसपी।

# ईवीएम मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर डीसी ने किया रवाना



वैन को रवाना करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची के निदेश पर जिला के सभी प्रखंडों में ईवीएम-वीवीपैट के प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम हेतु बुधवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दो ईवीएम मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम 10 जनवरी से 28 फरवरी तक जिला के सभी मतदान केंद्र क्षेत्रों आयोजित होगा। पहले दिन दोनों वाहनों को किस्को और पेशरार प्रखण्ड के मतदान केंद्र क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। मोबाईल वैन द्वारा संबंधित ग्राम/ टोला एवं संबंधित मतदान केंद्र/ हार्ट बाजार/ पंचायत भवन में डेमोंस्ट्रेशन किया जायेगा। अभियान के दौरान नागरिकों को ईवीएम मशीन, मतदान प्रक्रिया, वीवीपैट आदि के बारे विस्तार से व्यवहारात्मक जानकारी दी जायेगी। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, डेमोंस्ट्रेशन के लिए प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर व निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

### मारपीट को लेकर दोनों पक्षों ने कराया मामला दर्ज

**कैरो।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे गांव में दो लोगों के बीच मारपीट को ले दोनों तरफ से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामला दर्ज किया गया है। जिसके तहत दिनेश साहू पिता रूपन साहू ने गांव के ही पंकज साहू व नीरज साहू दोनों पिता उपेंद्र साहू के ऊपर मारपीट कर घायल करने का मामला दर्ज कराया है। वहीं पंकज साहू पिता उपेंद्र साहू ने संजय साहू पिता दिनेश साहू व दिनेश साहू पिता रूपन साहू के ऊपर मारपीट का मामला दर्ज कराया है। कैरो थाना द्वारा अलग–अलग कांड संख्या 3 व 4/24 भादवि की धारा 341, 323, 504, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

### नक्सली घटना पर अंकुश लगाने की मांग की

**लोहरदगा।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि सेरेंगदाग माईंस क्षेत्र में कई हाईवा, पानी टैंकर और बॉक्साइट ट्रक को नक्सलियों के द्वारा मंगलवार को आग के हवाले कर दिया गया। जिससे कि क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। इस घटना के बाद बॉक्साइट खनन कार्य बाधित हो गया और कई माइंस के कार्य बंद हो जाने के कारण ट्रकों का परिचालन थम गया है। जिससे कि क्षेत्र का विकास का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। यह झारखंड सरकार की नाकामी को दशार्ता है जो कि इस तरह का घटना को अंजाम दिया गया। श्री सिंह ने सरकार एवं पुलिस प्रशासन से इस पर अंकुश लगाने की मांग भी की।

# सतकोनवा में माओवादी घटना के खिलाफ मामला दर्ज

## गुमला एसपी के नेत्तृत्व में एक टीम गठित, करेगी जांच

- माओवादी संगठन के द्वारा सतकोनवा में वाहनों की गई आगजनी के खिलाफ घाघरा थाना में मामला दर्ज
- पुलिस कांड के उदभेदन को लेकर चला रही है एरिया डोमिनेशन व सर्च ऑपरेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के द्वारा सेरेंगदाग सतकोनवा में आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद कंपनी के मैनेजर के बयान पर घाघरा पुलिस ने प्राथमिक दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि 9 जनवरी की रात्रि लगभग 1:30 बजे घाघरा थाना क्षेत्र के सतकोनवा पिकेट में अज्ञात भाकपा माओवादी दस्ता के द्वारा सेरेंगदाग माइंस क्षेत्र अंतर्गत भैंसबथान माइंस में खनन कार्य में लगे बीकेबी कंपनी के तीन हाईवा, एमटू कंपनी के एक हाईवा, डॉल्फिन कंपनी के एक हाईवा, एक पिकअप गाड़ी व हाफ डाला बॉक्साइट गाड़ी कुल 7 गाड़ियों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया।

सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक गुमला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस उपाधीक्षक(अभियान) मनीष कुमार व थाना प्रभारी घाघरा अमित कुमार चौधरी सैट व सीआरपीएफ 158 की टीम शामिल थी। टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही एरिया डोमिनेशन तथा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। घटनास्थल पर उपस्थित कर्मचारियों से पूछताछ एवं प्रत्यक्ष दर्शनों का बयान लिया गया। जिसमें घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई है। अग्रतार कार्रवाई की जा रही है। पूरे घटना में प्रथम दृष्टि यह घटना भाकपा माओवादी संगठन के रविंद्र गंझू के दस्ते के द्वारा किया जाना प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में घाघरा थाना में प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूरे मामला में 17 सीएलएक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की कारवाई जारी है। साथ ही आसपास के सभी क्षेत्र में गुमला जिला बल, लोहरदगा जिला बल तथा सीआरपीएफ 158 के द्वारा सघन सर्च ऑपरेशन तथा एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है। कांड में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## डीडीसी और एसी ने हरी झंडी दिखाकर वैन को किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- चुनाव से संबंधित जन जागरूकता के उद्देश्य से मोबाइल डिमॉन्सट्रेशन वैन अभियान की हुई शुरुआत



**गुमला।** लोकसभा चुनाव के निमित जन जागरूकता के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर में डीडीसी हेमंत सती एवं जिले के वरीय अधिकारियों ने तीन मोबाइल डिमॉन्सट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखा कर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया। उक्त वैन जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में तिथिवार भ्रमण कर जिला वासियों को ईवीएम एवं वीवीपीएड के प्रयोग की जानकारी देगी। डीडीसी ने बताया कि उक्त उक्त वैन का मुख्य उद्देश्य है ग्रामीणों को चुनाव के दौरान ईवीएम एवं वीवीपीएडी के इस्तेमाल से संबंधित जानकारी देना ताकि चुनाव में कठिनाई न हो।

### पेड़ से टकरायी बाइक सवार युवक की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के आदर पौड़ी सरना के समीप मंगलवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर नागाडीह का राजू दास (26) अपने दोस्तों के साथ बाइक से नेतरहाट घूमने जा रहा था। इसी दौरान तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। हादसे में राजू की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जिसके बाद उसके दोस्तों ने घाघरा थाना में इसकी सूचना दी। जिसके बाद घाघरा पुलिस ने शव बरामद किया।

## आजसू पार्टी की नगर कमेटी का हुआ विस्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला आजसू पार्टी नगर कमिटी की एक बैठक आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक के समीप संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता लोहरदगा आजसू नगर कमेटी के अध्यक्ष अशोक साहू ने की । बैठक में सँगठन विस्तार एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के पश्चात आजसू पार्टी नगर कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर मीर आरिफ छोटू, राजन मेहता, संदीप भगत, राजकुमार यादव, गुड्डुस प्रसाद गुप्ता उर्फ बैजनाथ गुप्ता एवं नगर उपाध्यक्ष के पद पर मेराज खान, जावेद खान, रिंकू खान, रिजवान अंसारी, रिंकू अंसारी, तोहिद कुरैशी, मोहम्मद राजन, अहरम खान, फिरोज खान, प्रदीप नायक, आयुष गोयल एवं प्रधान सचिव के पद पर कुमार अभिषेक आदि भी थे।

### अयोध्या पैदल यात्रा पर निकले युवाओं का स्वागत



**लोहरदगा।** रांची जिला के बेड़ो प्रखण्ड के खुखरा चंदकोपी गांव के पांच युवा लड़के लाल आकाश नाथ शाहदेव, लाल कर्ण नाथ शाहदेव, बीरेंद्र यादव, संजीत उरांव, पंकज महतो बुधवार को पैदल ही अपने गांव से भक्ति की नगरी अयोध्या में प्रस्तावित 22 जनवरी को अयोध्या में बने भव्य राम लला मंदिर उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए निकल पड़े। बुधवार दोपहर बाद कैरो पहुंचने पर प्रखण्ड भाजपा कमेटी ने अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। साथ ही पानी का बोतल देकर सम्मानित किया गया और सभी राम भक्तों को राम लाला दर्शन के लिए सुभकामना देते हुए कैरो से भाजपा कार्यकताओं ने विदा किया। मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि खुखरा गांव से कैरो होते हुए ये लड़के बड़े ही श्रद्धा के साथ राम लला मन्दिर के उद्घाटन सह प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए पैदल निकल चुके है। ये काम बड़े ही प्रेरणादायक है। जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि आज भी सच्चे श्रद्धालुओ की कमी नही है। करीब 2000 किमी की दूरी पैदल तय कर 22 जनवरी तक अयोध्या पहुंचना बड़ी हिम्मत और श्रद्धा का काम है।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, ग्रामीणों ने सिसई में किया एनएच 43 को घंटों जाम

- जामकर्ता वाहन चालक अभियुक्त की गिरफ्तारी व दस लाख मुआवजे की कर रहे थे मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** थाना क्षेत्र के छारदा रोड बांस टोली निवासी 35 वर्षीय गीता उरांव का सड़क दुर्घटना में हुए मौत के बाद बुधवार को बांस टोली के आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएन 43 को सिसई मुख्य मार्ग में घंटो जाम कर दिया। जामकर्ता दुर्घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी व मुआवजा की मांग कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार मृतका गीता उरांव छारदा रोड से अपने घर जा रही थी। इसी दौरान स्कुटी सवार ने उसे धक्का मार दिया। जिसे वह घायल हो गई। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल सिसई लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद गांव के आक्रोशित ग्रामीण मृतका के शव को वाहन से लेकर सिसई मुख्य मार्ग में रखकर रोड जाम कर दिया।

इधर, जाम के कारण सड़क के दानों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोग दुर्घटना कर वाहन के साथ भागने वाले लोगों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना पर सिसई पुलिस घटनास्थल पहुंची और जामकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन जामकर्ता मांगों पर अड़े रहे।





दुर्घटना के बाद सड़क पर जमे लोग और एनएच 43 पर बैठकर रोड जाम किये ग्रामीण।

# अक्षत और निमंत्रण पत्र बंटे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** इन दिनों जिले भर में अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम जोरों पर है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अक्षत वितरण कार्यक्रम को लेकर जिले के विभिन्न दलों में खासा उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु अयोध्या से आये पूजित कलश एवं अक्षत के साथ सदर प्रखंड के मुंदो तथा ईरगांव में महावीर स्थान आदि देवस्थानों पर देवी देवताओं को निमंत्रित किया गया।तथा शोभा यात्रा को ढोल नगाड़े के साथ प्रारंभ किया गया। जिसमे सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। आगामी 22 जनवरी दिन सोमवार को गांव की महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा कर पवित्र जल से गांव के मंदिरों जलाभिषेक किया जायेगा। वहीं ग्रामीणों के द्वारा अखंड हरी कीर्तन का भी आयोजन किया जाना है। अक्षत वितरण कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम,राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की आदि नारों के साथ सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उत्साह के साथ शामिल हुए।अयोध्या से पूजित अक्षत एवं श्री राम जी की मंदिर का कैलेंडर के साथ घर घर निमंत्रित किया गया। इस दौरान सदर प्रखंड क्षेत्र के अक्षत वितरण संयोजक तथा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार दसौंधी ने कहा कि 22 जनवरी जिस दिन रामलला के प्राण प्रतिष्ठित का कार्यक्रम है। उस दिन राज्य सरकार से उन्होंने मांग की है की सरकारी तथा गैर सरकारी सभी संस्थाओं को अवकाश घोषित करें।



अक्षत वितरण करते लोग।

# कोडरमा और झुमरीतिलैया शहर में पिंक पेट्रोलिंग की होगी शुरुआत

## सड़क छाप मजनुओं पर लगाम लगाने के लिए एसपी की पहल, महिला पुलिस बाइक पर सवार होकर करेंगी गश्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में अब राह चलते लड़कियों और महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले कि खैर नही होगी, ऐसे सड़क छाप मजनुओं पर लगाम कसने के लिए एसपी अनुदीप सिंह द्वारा नई पहल की शुरुआत की जा रही है। बताते चले कि स्कूल, कॉलेजों के आस पास अथवा चौक चौराहों पर सड़क छाप मजनुओं के द्वारा स्कूल, कॉलेज आने जाने वाली छात्राओं पर फब्तियां कसने का शिकायत मिलने के बाद एसपी ने इसे गम्भीरता से लिया है और इस पर लगाम लगाने के लिए पिंक पेट्रोलिंग की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। पिंक पुलिस पेट्रोलिंग में महिला पुलिस को शामिल किया जाएगा, जो मोटरसाइकिल पर सवार होकर झुमरीतिलैया शहर और कोडरमा के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों



और आस पास के क्षेत्रों में न केवल गश्त करेंगी बल्कि सड़क छाप मजनुओं को तत्काल हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगी। इस सम्बंध में एसपी ने बताया कि स्कूल, कॉलेज आने जाने वाली छात्राओं पर कुछ आवारा किस्म के लड़कों के द्वारा फब्तियां कसने का शिकायत मिला है, इससे छात्राओं की स्थिति असहज हो जाती है, ऐसे में इन सड़क छाप मजनुओं से निपटने के लिए पिंक पेट्रोलिंग की व्यवस्था एक सप्ताह के अंदर किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। पिंक पेट्रोलिंग में महिला पुलिस को शामिल किया जाएगा, जो बाइक पर सवार होकर झुमरीतिलैया शहर के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व कोचिंग सेंटरों के अलावे जिला मुख्यालय के आस पास के स्कूल कॉलेजों पर विशेष निगरानी रखेंगे, साथ ही चौक चौराहों और आस पास के क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखने का काम करेंगे।

## विभागीय उपेक्षा का शिकार बना कोडरमा का श्मशान घाट



**कोडरमा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतगर्त जयनगर रोड के समीप स्थित श्मशान घाट सरकारी उपेक्षा के कारण जीर्णशीर्ण अवस्था में है, आलम यह है कि श्मशान घाट में एक ओर गंद्गी का अंबार लगा हुआ है तो दूसरी ओर श्मशान घाट में बनाये गए शेड बिना छत के अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है। यहां तक कि श्मशान घाट में न तो बिजली की उचित व्यवस्था है और न ही पानी की, ऐसे में स्थानीय लोगों को शव जलाने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूरे मामले को लेकर सूचना अधिकार मंच के सचिव आरके बसन्त ने नगर प्रशासक को आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## नियुक्ति पत्र वितरण सह परिसंम्पति वितरण कार्यक्रम आयोजित

**चतरा।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता बुधवार को चतरा समाहरणालय सभाकक्ष में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण सह परिसंम्पति वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री के समाहरणालय परिसर में आगमन पर उपायुक्त अबू इमरान ने पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री भोक्ता ने झारखंड आवासीय विद्यालय कान्हाचट्टी व मयूरहंड में 22 रिक्त सीट के विरुद्ध नव चयनित 19 शिक्षिका व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 14 रिक्त सीट के विरुद्ध 01 नव चयनित शिक्षिका कुल 20 चयनित शिक्षिका के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इसके उपरांत आत्मसमर्पण किए नक्सलियों के परिजनों को भूमि पट्टा स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लाभुकों को चेक आदि का वितरण किया। तत्पश्चात माननीय मंत्री श्री भोक्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** डीपीएस स्कूल पितीज के खेल मैदान में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय के संचालक जितेन्द्र चन्द्रवंशी व प्रधानाध्यापक उन्नी कृष्णन ने दिप प्रज्वलित व फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। संबोधन में चन्द्रवंशी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चे संयम और अनुशासन सीखते है और खेल की भावना का विकाश होता है। साथ ही सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवम मंगल भविष्य की कामना की। विद्यालय के कॉर्डिनेटर अशोक पंडित ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल पीतीज में प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का अयोजन किया जाता है। इस वर्ष तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 60 मीटर रेस, 80 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, जेवलिन थ्रो (भाला फेंक), शॉटपुट थ्रो (गोला फेंक), डिस्कर्स थ्रो (चक्का फेंक), लम्बी कूद, ऊँची कूद, कब्बड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शेक रेस, म्यूजिकल चेयर, योग एवं अन्य कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है प्रतियोगिता (4) चार ग्रुप सिधुकान्हू हाउस, बिरसा मुंडा हाउस, महात्मा गांधी हाउस, सुभाष चन्द्र बोस हाउस के छात्र छात्राओ के बीच होगा। खेलकूद आयोजन में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रंजन कुमार, सुमित कुमार ने मुख्य निर्णायक के रूप में कार्य कर रहे है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्कूल को आरओ वाटर प्यूरीफायर भेंट किया

**इटखोरी।** इटखोरी प्लस टू केवी हाई स्कूल में चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड फाइनेंस कंपनी द्वारा आरओ वाटर प्यूरीफायर प्रदान किया गया। इस अवसर पर समस्त स्कूल परिवार की तरफ चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड फाइनेंस कंपनी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड फाइनेंस कंपनी ने स्कूल को वॉटर फिल्टर प्रदान किया है। इससे बच्चों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सकेगा। इस मौके पर चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के रीजनल मैनेजर आरिफ रजा, यूनिट मैनेजर सलाहुद्दीन सिद्दीकी, शाखा प्रबंधक शंभू कुमार, सह शाखा प्रबंधक संतोष कुमार, विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार एवम छात्र श्रुति कुमारी, रिमझिम पांडे, मोनिका कुमारी, मनीषा कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

## साउथ प्वाइंट को हराकर जवाहर नवोदय जूनियर वर्ग के फाइनल में

### सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा सेमीफाइनल में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को 19 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश किया। जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक कुमार गुप्ता के 39 रनों की बदौलत पांच विकेट खोकर 97 रन बनाए। साउथ प्वाइंट की ओर से शाहिद ने दो विकेट लिया।

जवाबी पारी खेलने उतरी साउथ प्वाइंट ने शेखशाजी के 20 रन की बदौलत निार्रित ओवर में आठ विकेट खोकर 78 रन ही बना सकी। जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से अभिषेक ने तीन विकेट हासिल किया। जबकि सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने बीएनटी संत मैरी को 30 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नंदन के 34 और सीटू के 21 रनो के सहयोग से सभी विकेट खोकर 120 रनो का स्कोर खड़ा किया।



खिलाड़ियों से परिचय करते डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार

बीएनटी संत मैरी की ओर से राजवीर ने चार विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम नीरज के 30 रन के सहारे छह विकेट खोकर 90 रन ही बना सकी। ज्ञान निकेतन की ओर से हेमंत ने दो विकेट झटके। मैन अफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के अभिषेक और ज्ञान निकेतन के नंदन को डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, नवनीत दुबे, शिक्षक सुाीर कुमार, दिव्य रंजन ने प्रदान किया। मौके पर अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपायाय, रणजीत तिवारी, मनीष, अनिल कुमार, ाीरज, प्रिंस खान, प्रिंस दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

## असहाय व गरीबों के बीच कंबल वितरण

**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत सचिवालय में बुधवार को बढ़ती ठंड को देखते हुए असहाय व गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। झारखंड सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए कंबल को मुखिया बेबी देवी एवं उप मुखिया समलेश रावत ने पंचायत के 100 गरीबों को वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं, वैसे लोगों को जरूरत पड़ने पर चिन्हित कर कंबल दिया जाएगा। मौके पर पंचायत सेवक अजीत सिंह, ब्रजेश चन्द्रवंशी, अनिल राम, रानी, सुन्दर देवी, उर्मिला देवी, तेतरी देवी, रानी कुमारी सहित वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों की बैठक संपन्न



बैठक करते स्वयंसेवक

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों की बैठक भवनाथपुर शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। इस दौरान संघ के पूर्व अयक्ष निरंजन पाठक ने कुछ कारणों से अपने पद का त्याग किया। तत्पश्चात भवनाथपुर प्रखंड के सभी स्वयंसेवकों की सहमति से ओम प्रकाश आर्य को अयक्ष चुना गया। जबकि संजय ठाकुर को सचिव, अभिषेक गुप्ता को कोषायक्ष बनाया गया। बैठक में संघ को मजबूती से चलाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## बीती रात्रि हाथियों ने मचाया उत्पात

**मेराल।** प्रखंड के बनाजांग गांव में बीती रात्रि हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने रामगति विश्वकर्मा के घर को तोड़ दिया। घर में रखे धान को भी खा गये। साथ ही खेत में लगे गेहूँ के फसल को रौंद डाला।

## राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं सरकारी भूमि के अतिक्रमण के रोकथाम को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, वाद निबंधन एवं सरकारी भूमि के अतिक्रमण के रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिले में सरकारी भूमि के अतिक्रमण के रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने समीक्षा के क्रम में कहा सरकारी भूमि के अतिक्रमण से संबंधित निरंतर शिकायत प्राप्त हो रही है। प्राप्त शिकायतों के आलोक में जांच कर नियमसंगत कार्रवाई करें और आगे कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी भूमि का अतिक्रमण ना हो। सभी अंचल अधिकारी इसका खास ख्याल रखें।



अपर समाहर्त्ता ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में निर्देशित करते हुए कहा कि वित्तिय वर्ष समाप्ति की ओर है। राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत जल्द से जल्द पूर्ण करें। अंचल की समीक्षा में म्यूटेशन, सक्सेसन म्यूटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर- संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की गई। अभियान मोड में लंबित वाद का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्त्ता गौतम सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिनीता कुमारी, संबंधित कार्यालय प्रधान, अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित स्थानीय झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नरसिंह मुर्मू एवं महादेव मांझी द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–912/23 2. आवेदक–लालधारी मुर्मू , पिता–स्व0 जागु मुर्मू<br>3. ग्राम–असवा तिलैया, गोसाईबलिया , पोस्ट–गोसाईबलिया , थाना–उरीमारी , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–913/23 2. आवेदक–मुरलीधर दाँगी, पिता–नीरू महतो<br>3. ग्राम–साढ , पोस्ट–साढ , थाना– बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में बातौर। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–914/23 2. आवेदक–कौलेश्वर रविदास , पिता–गोर्वधन रविदास<br>3. ग्राम–साढ , पोस्ट–साढ , थाना– बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पेट में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–915/23 2. आवेदक–हरिशंकर प्रसाद , पिता–स्व0 मुरलीधर दाँगी<br>3. ग्राम–साढ , पोस्ट–साढ , थाना– बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–916/23 2. आवेदक–प्यारे राम पासवान , पिता–सुगन राम<br>3. ग्राम–साढ , पोस्ट–साढ , थाना– बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–917/23 2. आवेदक–अरविन्द महतो , पिता–स्व0 झरी महतो<br>3. ग्राम–साढ छपरेवा , पोस्ट–साढ , थाना– बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–918/23 2. आवेदक–प्रदीप कुमार , पिता–स्व0 तिलानाथ सिंह कुशवाहा<br>3. ग्राम–गोविन्दडीह , पोस्ट–बड़कागांव , थाना– बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–919/23 2. आवेदक–महावीर महतो , पिता–देवकी महतो<br>3. ग्राम–हेवई , पोस्ट–हेवई , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–897/23 2. आवेदक–जितमन राम , पिता–जयनारायण महतो<br>3. ग्राम–बड़की पोना , पोस्ट–बड़की पोना , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट मे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित स्थानीय झारखण्ड आन्दोलनकारी बदरी सिंह एवं चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–149/23 2. आवेदक–अशोक कुमार सिंह , पिता–स्व0 नागेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–नया मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–152/23 2. आवेदक–युगल ठाकुर , पिता–स्व0 बाढो ठाकुर<br>3. ग्राम–खजांची मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–150/23 2. आवेदक–प्रेम शंकर सिंह , पिता–राम प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–नया मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–153/23 2. आवेदक–अर्जुन सिंह , पिता–रामेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–टोंगरी मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–154/23 2. आवेदक–कामेश्वर ठाकुर , पिता–स्व0 बलदेव ठाकुर<br>3. ग्राम–नया मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–158/23 2. आवेदक–कैलाश सिंह , पिता–स्व0 शिव धनी सिंह<br>3. ग्राम–खजांची मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–151/23 2. आवेदक–नरेश सिंह , पिता–स्व0 बसंत सिंह<br>3. ग्राम–नया मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–156/23 2. आवेदक–चमेली देवी , पति–स्व0 छेदी सिंह<br>3. ग्राम–बावली मोहल्ला , पदमा पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–147/23 2. आवेदक–राम कृष्ण सिंह, पिता–तुलसी सिंह<br>3. ग्राम–टोंगरी मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–155/23 2. आवेदक–सुरेश रविदास , पिता–गुहिल रविदास<br>3. ग्राम–पिंडारकुन , पोस्ट–गोरिया करमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–872 2. आवेदक–मो0 कामिल , पिता–स्व0 बली अहमद वारसी<br>3. ग्राम–महावत मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–881 2. आवेदक–राम कुमार सिंह , पिता–कैलाश सिंह<br>3. ग्राम–खजांची मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–870 2. आवेदक–विजय बारी , पिता–स्व0 रामेश्वर बारी<br>3. ग्राम–खजांची मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–878 2. आवेदक–छेदी ठाकुर , पिता–स्व0 रूपलाल ठाकुर<br>3. ग्राम–बावली मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–877 2. आवेदक–अशोक सिंह , पिता–स्व0 अयोध्या राम<br>3. ग्राम–कविराज मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–880 2. आवेदक–गौतम सिंह , पिता–स्व0 मुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–बावली मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–874 2. आवेदक–गोपाल सिंह, पिता–स्व0 परमेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–टोंगरी मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–873 2. आवेदक–मो0 फहीम खान, पिता–स्व0 सलीम खान<br>3. ग्राम–महावत मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–875 2. आवेदक–जयलाल सिंह , पिता–स्व0 दशरथ सिंह<br>3. ग्राम–बावली मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–879 2. आवेदक–ललन सिंह , पिता–स्व0 माहो सिंह<br>3. ग्राम–बावली मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में दाहिना तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–876 2. आवेदक–श्रवण कुमार सिंह , पिता–स्व0 भुवनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–बावली मोहल्ला, पदमा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–582 2. आवेदक–उर्मिला देवी , पति–बद्री सिंह<br>3. ग्राम–टोंगरी मोहल्ला , पदमा पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–159/23 2. आवेदक–राजूराम , पिता–रामचंद्र राम<br>3. ग्राम–टोंगरी मोहल्ला , पदमा पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री फागु बेसरा , प्रेमचन्द गुप्ता, मो0 कयूम, परमेश्वर प्रसाद कुशवाहा एवं रवि सिंह द्वारा आयोग के माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–889/23 2. आवेदक–सूर्यदेव मांझी , पिता–बुधन मांझी<br>3. ग्राम–खरिका , पोस्ट–बेड़म , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–890/23 2. आवेदक–प्रेमचन्द महतो , पिता–जानकी महतो<br>3. ग्राम–बेड़म , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–891/23 2. आवेदक–बालेश्वर फालो यादव , पिता–स्व0 फालो यादव<br>3. ग्राम–बड़ा डहरभंगा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ आँगूठा में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–892/23 2. आवेदक–देवा यादव , पिता–स्व0 टहल यादव<br>3. ग्राम–बड़ा डहरभंगा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–सर के उपर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–893/23 2. आवेदक–इन्दु महतो , पिता–स्व0 खिरी महतो<br>3. ग्राम–बेरही , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में जख्म का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–894/23 2. आवेदक–संतोष कुमार गुप्ता , पिता–स्व0 रामबाबु साव<br>3. ग्राम–टाटीझरिया , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–895/23 2. आवेदक–प्रयाग यादव , पिता–खेमन गोप<br>3. ग्राम–टाटीझरिया , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया आँख के बगल में कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–896/23 2. आवेदक–सहदेव प्रसाद कुशवाहा , पिता–स्व0 मुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–केसड़ा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–आंगो , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया जांघ में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–897/23 2. आवेदक–खिरोधर महतो , पिता–स्व0 उदी महतो<br>3. ग्राम–केसड़ा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–आंगो , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ के आँगुली में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 315659Home(23-24)#D

स्पीड न्यूज

## जिला स्तरीय मुखिया संघ की बैठक संपन्न

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के माको डाक बंगला में बुधवार को सुभाष सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मुखिया संघ की बैठक सम्पन्न हुई। जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष ने इस बैठक में भाग लिया। सभी 10 प्रखंड के मुखियाओं के द्वारा सर्वसम्मति से पारित कर जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह गारु मुखिया, सचिव आशीष सिंह मोरवाई मुखिया, उपाध्यक्ष सुनीता देवी जालिम मुखिया, कोषाध्यक्ष सोनामनी देवी मारांगलोया मुखिया को बनाया गया। वही अमित कुमार बरला पेसर मुखिया को मीडिया प्रभारी एवं संजय उरांव पांडेयपूरा मुखिया को संरक्षक पद के लिए प्रस्तावित किया गया। वहीं संघ के द्वारा निर्णय लिया गया कि ऑफिसर शाही को खत्म करना है। अपने पंचायत को अच्छी तरह से विकास करना है। वही मुखिया संघ के संरक्षक संजय उरांव ने बताया कि जिला संगठन नहीं होने के कारण बहुत कठिनाईया होती थी। इस समस्या को लेकर संगठन का विस्तार किया गया। पंचायत में जो भी समस्या आती है। उस समस्या को निदान के लिए संगठन का विस्तार किया गया है। पंचायत की समस्याओं को समाधान के लिए साथ ही जिला स्तर एवं प्रदेश स्तर पर अपने समस्याओं को रखने के लिए संगठन बनाया गया है। इस मौके पर सभी प्रखंड के मुखिया मौजूद थे।

## लोकसभा आमचुनाव -2024 के मद्देनजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार एवं अनुमंडल कार्यालय लातेहार के सभागार में निर्वाचन से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर (एएलएमटी)को प्रशिक्षण दिया गया। अनुमंडल कार्यालय लातेहार के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. परवेज एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार ने पोलिंग पार्टी के कार्यों एवं दायित्वों तथा मतदान के दिन पोलिंग बूथ में आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे एएलएमटी को प्रशिक्षण दिया। समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे के द्वारा मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के विभिन्न पहलुओं पर एएलएमटी को विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट से संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों के बारे जानकारी दिया। अंचल अधिकारी बालूमाथ तृप्ति विजया कुजूर ने निर्वाचन व्यय के मॉनिटरिंग, मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी के कार्य, पेड न्यूज इत्यादि के बारे में जानकारी दिया।

## मनिका हाई स्कूल में भव्य क्रिकेट टूनार्मेंट 12 जनवरी से

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के खेल के मैदान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी से 26 जनवरी तक भव्य क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। वहीं इस वर्ष विजेता टीमों के लिए इनाम में बढ़ोतरी की गई है जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता टीम को 25000 नगद कप एवं मेडल और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उपविजेता टीम को 15000 नगद कप एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं क्रिकेट टूनार्मेंट कमेटी के अध्यक्ष अमरदीप कुमार व सचिव पवन राय ने बताया कि टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के लिए प्रवेश शुल्क 1500 रखे गए हैं जो भी खिलाड़ी इस टूनार्मेंट में हिस्सा लेना चाहते हैं वे 933423318 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं यह सीधा जाकर कमेटी के सदस्यों से मिलकर अपना प्रवेश शुल्क भर सकते हैं।

## बालूमाथ के हाई स्कूल में फुटबाल मैच खेलेंगे नाइजीरिया देश के फुटबॉल खिलाड़ी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के मैदान में आगामी 12 जनवरी को भाजपा की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एकदिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है। जिसमें पुरुष मुकाबले में हजारीबाग और धनबाद के टीम के बीच मैच होगा ।जिसमें धनबाद की टीम की ओर से दो विदेशी खिलाड़ी मारियो और मार्क भी खेलेंगे। वही दूसरा मुकाबला बालिका वर्ग में लातेहार बनाम लोहरदगा के बीच खेला जाएगा। वही मैच के तैयारी का जायजा लेने पूर्व एमएलसी सह भाजपा नेता प्रवीण सिंह पहुंचे। इस दौरान उनके साथ शैलेश सिंह, रविन्द्र सिन्हा, रवि सिंह, अजय सिंह, मो.जुनैद, संजय कुशवाहा समेत कई लोग थे । मौके पर बोलते हुए प्रवीण सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य है कि स्थानीय स्तर के खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित कर उन्हें आगे बढ़ाना। आगे योजना है कि गांव-गांव में एक फुटबॉल क्लब बनाना है, फिहलाल हम लोग प्रयास करेंगे कि यहाँ का सीसीएल स्थानीय खिलाड़ियों को सीएसआर फंड के तहत प्रोत्साहित करें ।आगे उन्होंने बताया की प्रदर्शनी मैच में बालूमाथ के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

### ट्रकऑनर एसो. के लोगो ने हिल्डाल्को प्रबंधन व प्रशासन को दिया सामुहिक आत्मदाह का अल्टीमेटम

# सामुहिक आत्मदाह के अल्टीमेटम की सूचना के बाद वार्ता करने पहुंचे विधायक वैद्यनाथ राम, आंदोलन कराया समाप्त


कंपनी के अधिकारी, ट्रक ऑनर व मजदूरों से वार्ता करते विधायक व अन्य।

➲ आंदोलननत ट्रक ऑनरो व आंदोलन के कारण बेरोजगार हुये मजदूरों की सुनी फरियाद, प्रबंधन में तत्काल समस्या का निराकरण निकालने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सेरंगदाग चलने वाली ट्रको को दुसरे साइडिंग में समायोजन करने की मांग को लेकर विगत 6 दिनो से टोरी साइडिंग में कांटा कार्या को बाधित कर आंदोलन पर डटे झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसो. के द्वारा मांगो पर विचार नहीं होने की स्थिति में गुरूवार 11 जनवरी को सामुहिक आत्महाद का अल्टीमेटम हिल्डाल्को प्रबंधन व जिला प्रशासन को दिया गया है। सामुहिक आत्महाद का अल्टीमेटम दिये जाने की जानकारी मिलने के बाद लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम टोरी साइडिंग पहुंचकर आंदोलन कर रहे ट्रक ऑनरो व ट्रक ऑनरो के आंदोलन के कारण बेरोजगार हुये मजदूरों लोडिंग-अनलोडिंग मजदूरों की फरियाद को सुना। सेरंगदाग चलने वाले ट्रकों के ऑनरो ने बताया कि प्रबंधन के द्वारा उन्हे 3 वर्षो छलने का काम किया जा रहा है। सेरंगदाग माईंस के बंद होने के कगार पर पहुंचने के कारण वहां से जुड़े ट्रक ऑनर भुखमारी के कगार पर है। प्रबंधन के द्वारा कुछ माह पूर्व ट्रको को दुसरे खादाम में समायोजन किये जाने के आश्वासन दिया था लेकिन हिल्डाल्को प्रबंधन का आश्वासन सिर्फ छलावा साबित हुआ है। समस्या सुनने के बाद विधायक वैद्यनाथ राम साईडिंग इंचार्य आरएन पांडेय को वरीय अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल ट्रक ऑनरो की समस्या का सामाधान निकालने का निर्देश दिया साथ हीं निराकरण नहीं निकलने की स्थिति में ट्रक ऑनरो व मजदूरों को साथ लेकर आंदोलन की भी चेतवानी दी। विधायक ने कहा सभी ट्रक ओनरो को भरोसा देते हुये कह कि किसी भी ट्रक मालिक के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, अगर कंपनी बात नहीं मानती है, तो पुनः मजदूर ट्रक मालिक के साथ इसी प्रांगण में हम सब लोग मिलकर कंपनी का कांटा भी बंद करेंगे और उनका रेक भी लोड नहीं होने देंगे और कंपनी को बाध्य कर देंगे कि वह बंद पड़े ट्रकों को परिचालक किसी दूसरे माइंस में करें। इधर विधायक के आश्वासन के बाद ट्रक ऑनरो ने अपना आंदोलन वापस ले लिया। साइडिंग इंचार्ज आरएन पांडेय ने विधायक को भरोसा दिया कि बुधवार की रात हीं प्रबंधन के वरीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर समस्या को सुलझाने का प्रयास किया जायेगा।

### 6 दिनो से घर चुल्हा कैसे जला कोई देखने वाला नहीं है : मजदूर

इस दौरान हिन्डाल्को टोरी साइडिंग से जुड़े लगभग एक हजार मजदूरों की समस्या को लेकर मजदूरों के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक वैद्यनाथ राम से मुलाकात की। मजदूरों ने कहा कि ट्रक ऑनरो के हड़ताल व प्रबंधन के अड़ियल रवैये की मार हम मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। टोरी में कांटा बाधित कर आंदोलन किये जाने के कारण कामकाज ठप है। साइडिंग से जुडे लगभग एक हजार गरीब मजदूर परिवार के घरों में चुल्हा कैसे जलेगा इसे कोई देखने वाला नहीं है। मजदूरों व ट्रक ऑनरो की समस्या को सुनने के बाद विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि सभी लोगो के समन्वय से हीं कोई भी कंपनी चलती है, यह प्रबंधन को समझना होगा। कंपनी से जुडे लोगो की हितो की रक्षा हो व रोजगार चलती रहे यह बेहद जरूरी है। मजदूर व ट्रक ऑनरो को इसमें एक जुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सीतमोहन मुडा, बिस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, झामुयुमो जिला उपाध्यक्ष रंजीत उरांव, राजकुमार साहू, मोङ इजहार, मो. सरफराज, बबलू राही, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसो. रितेश अग्रवाल जॉनी, संजीव कुमार, संतोष साहु, मो. एकराम, अर्जुन वर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, मिजू मियां, राजकिशोर सिंह, मंटू केसरी, जय किशोर सिंह,, भानू कुमार, अजय बैठा, सुरेन्द्र यादव, मजदूरो की ओर से रूकशाना खातुन, विशुन साव, जगदीश लोहरा, विहारी साव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रामेश्वर गुप्ता के निधन पर चंदवा में शोक की लहर

**चंदवा।** रामेश्वर प्रसाद गुप्ता धर्मशाला के निमार्ता व गायत्री मंदिर के मुख्य ट्रस्टी सह भूमि दाता समाजसेवी रामेश्वर प्रसाद गुप्ता (92) का निधन लंबी बीमारी के बाद मंगलवार की रात्रि हो गया। बुधवार को देवनद-दामोदर तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। नाती रेवांश ने मुखाग्नि दी। बता दें कि स्व. रामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने गायत्री शक्ति पीठ मंदिर और गुप्ता अतिथि भवन का निर्माण कराया था। उनके निधन पर पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद, प्रेमशंकर भगत, सत्येंद्र प्रसाद साहू, राजेश चंद्र पांडेय, केशव लाल चावड़ा, लाल प्रदीप, अशोक सिंह जाडेजा, निर्मल शर्मा, निर्मल भारती, महेंद्र साहू, अवध पाठक, जीवन विश्वकर्मा, सुधीर प्रसाद, अजय कुमार, राजकुमार जायसवाल, प्रमोद कुमार, प्रभाकर मिश्रा, संजीव आजाद, अमित गुप्ता, सतीश प्रसाद, अजय जायसवाल, जमुना जायसवाल, राजेंद्र यादव, दीपक भगत, राजेश सावंड़िया, विजय कुमार समेत कई लोगो ने शोक प्रकट किया है।

## जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का हड़ताल समाप्त

**बारियातू।** प्रखंड के पीडीएस डीलर (जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों) की हड़ताल मंगलवार को खत्म हो गई। खाद्य प्रशंस्करण और उपभोक्ता मामले के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ वार्ता के बाद फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया। जानकारी देते हुए जनवितरण प्रणाली दुकान के प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद व सचिव नार्सींघ प्रसाद सिंह ने बताया कि हम सभी दुकानदार कमीशन में बढौतरी, कोविड कॉल का बकाया राशी का भुगतान,ईपोश मशीन में 2जी के जगह 4जी सीम, गुजरात के तरज पर तीस हजार रुपये मानदेय निर्धारित करने, अनुकम्पा पर राज्य सरकार के सकारात्मक रूख को बदलने, पूर्व कि भांति लागू रखने, ईपोश से वेट मशीन का कनेक्शन हटाने सहित अन्य मांगो को लेकर बीते एक जनवरी से हड़ताल पर थे।प्रदेश कमेटी ने राजय सरकार के साथ वार्ता कर अपनी मांगो को रखा जिस पर राज्य सरकार ने अधिकांश जायज मांगो को अविलंब बहाल करने की बात कही। जिसके बाद प्रदेश व जिला कमेटी के निर्देश पर हम सभी डीलर आज दस जनवरी को हड़ताल समाप्त कर नियमित कार्य में वापस लौट गए हैं। मौके पर उदय प्रसाद, महेश पासवान, कुंवर प्रसाद, मो शोएब आलम, उमेश प्रसाद, गणेश राणा, दिवाकर सिंह, राजेन्द्र सिंह, गौरी सिंह, दया देवी, रामपदारत सिंह, सागर सिंह सहित कई डीलर मौजूद थे।

### बारियातू खेल स्टेडियम में विराट शिव गुरु महोत्सव का हुआ आयोजन

# लातेहार व चतरा जिले के कई प्रखंडो से जुटे शिव गुरू भाई बहन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के खेल स्टेडियम परिसर में बुधवार को विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया. जहाँ उपस्थित श्रद्धालू व शिव शिष्य को जानकारी देते हुए भाई धनंज्य ने कहा परमात्मा का कोई नियम है ना जमात है ना कोई जात है ना कोई पात है ना कोई बुरे हैं ना कोई वेद है। सूर्य सबको रोशनी देता है पानी सबको प्यास बुझती है। हम और आप कितने टुकड़ों में बटे हैं। सबको राम और कृष्णा शास्त्रों की और धर्म की ज्ञान है। सभी मंदिरों में जाते हैं लेकिन उनके व्यवहारिक ज्ञान को नजर से देखेंगे तो विरोध होगा। शिष्य के रूप में आपका एक ही धर्म है स्वयं को जानना और स्वयं में डूबना। परमात्मा में सबसे गरिमा और सबसे महान मानव है। जीवन का दो पक्ष है एक लौकिक और एक परलौकिक, संसार में एक सन्यास ईश्वर को पाने के लिए घर छोड़कर चले गए हजारों वर्ष तक तपस्या किया। जिसको भारतीय शास्त्रों और साधुओं ने कहा वह अविनाशी है। शिव के अलावे किसी भी देवता देवी को मृत्यु पर विजय नहीं हुई है सारी स्थिति और परिस्थितियों को देखते हुए लगता है कि ईश्वर एक है। वहीं भाई कमलदेव ने मुख्य रूप से शिव चर्चा किया। मौके पर बॉलीवुड सिंगर मेघा, जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी, बहन सुनीता वाराणसी, भाई अमोद लेस्लीगंज, कार्यक्रम का आयोजक भाई अजित, अनिल, सकेंद्र, टीमा, पिंटू, नागेंद्र, बहन कमला, मीणा, सुनेशवरी, ममता, सोनी, बिशुनुदेव, गांधी सहित चतरा, प्रतापपुर, लावालौंग, चंदवा, लातेहार बालूमाथ हेरहंज सहित पलामू प्रमंडल के सैंकड़ो शिव शिष्य उपस्थित थे।

एक नजर में

## पुण्यतिथि पर याद किये गए झारखंड आंदोलन के प्रणेता जस्टिस एलपीएन शाहदेव


पुण्यतिथि मनाने विद्यालय प्रबंधन के लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के रोल गांव स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बुधवार को अलग झारखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता सह जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 12 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर उनके वंसज एवं विद्यालय परिवार के लोगो ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर झारखंड राज्य आंदोलन में उनके योगदान को याद किया। स्व. शाहदेव के वंशज शिक्षक लाल उदित नाथ शाहदेव, प्रशांत शाहदेव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह, प्रधानाध्यापक चंद्रमण राम समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव झारखंड आंदोलन के प्रणेता थे, न्यायाधीश होने के बावजूद आंदोलन के दौरान उनकी गिरफ्तारी हुई, यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। हम सभी को उनकी जीवनी से सिख लेने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक रन्दन मुंडा, प्रमोद कुमार, विनीत कुमार, प्रतिक कुमार साहू, संतोष पासवान, पौलुस करकेट्टा, कांति किरण टोप्पो, कविता कुमारी, अविनाश करकेट्टा समेत कई लोग मौजुद थे।

## शिव गुरू चर्चा कार्यक्रम कि कया गया आयोजन


शिव चर्चा में शामिल गुरू भाई बहन।

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में बुधवार को क्षेत्रीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि आलोक कुमार (डाल्टनगंज), नुनू मलार जिला संयोजक (लातेहार) उपस्थित थे। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शिव गुरु परिचर्चा का उद्देश्य है कि पूरे दुनियां के लोग शिव का शिष्य बन जाएं। शिव आज भी गुरु हैं और गुरु रहेंगे। उपस्थित शिव गुरू भाई बहनों ने चर्चा में भाग लेकर शिव शिष्यता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस शिव गुरु परिचर्चा में डाल्टनगंज, मनिका, चंदवा, बालूमाथ, कोमर, बारियातु, मैकलुस्कीगंज के साथ कई प्रखण्ड क्षेत्र के गांवों से भाग लिया। मंच में नाल वादक (रंजीत पासवान, लक्षण प्रसाद) समेत कई वादक उपस्थित होकर शिव के गुरु स्वरूप का भजन प्रस्तुत किये। मौके पर-श्यामलाल गोस्वामी, शंकर साव, अरुण विश्वास, संतोष पासवान, गणेश प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, दशरथ पासवान, त्रिवेणी साव, उदय यादव, ओम प्रकाश जायसवाल, समेत काफी संख्या में शिव शिष्य-शिष्या उपस्थित होकर गुरु कार्य में गति लाने का संकल्प लिया।

## वन विभाग की टीम ने तीन लकड़ी तस्कर को किया गिरफ्तार, साईकिल समेत साल चिरान जब्त



**गारू।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम बनाकर छापेमारी अभियान कुकू बिट में चलाया गया। विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ लोग चिरान (लकड़ी)की तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर गारू पूर्वी क्षेत्र की टीम द्वारा घेरेबंदी कर तीन तस्करों को साईकिल व चिरान सिल्ली के साथ पकड़ा गया। अवैध कटाई पर कड़ाई करने के निदेर्शानुसार कार्रवाई जारी है. इस संबंध मे गारू रेंजर उमेश कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टाफ के द्वारा सूचना पर हमने तुरंत कुकू बिट में टीम को घटनास्थल पर भेजी और तस्करों को धर दबोचा अपराधी लोग भागने लगे जिसमे तीन अपराधी को पीछा करके पकड़ा गया अन्य फरार हो गए, जिन्हे पकड़ने का अभियान जारी है। गिरफ्तार अपराधी रोशन तिर्की पिता विजय तिर्की, प्रेम तूरी पिता रामखेलावन तुरी व रमेश उरांव पिता बालेशर उरांव ग्राम अमवाटीकर के निवासी है। घटनास्थल से तीन साल के सिल्ली, 3 टांगी, 3 साइकल जब्त किया गया, गिरफ्तार तीनो अपराधी को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत लातेहार जेल भेज दिया गया है। टीम में राजेश कुमार प्रभारी वनपाल, रविकांत रवि वनरक्षी, रोहित कुमार वनरक्षी, जितेंद्र कच्छप वनरक्षी, जितेंद्र कुमार वनरक्षी समेत अन्य वनकर्मी शामिल थे।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का चंदवा पूर्व व पश्चिमी पंचायत सचिवालय में लगा शिविर


शिविर में मौजूद लोग।

**चंदवा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत बुधवार को चंदवा पूर्वी व पश्चिमी पंचायत सचिवालय सभा गार में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ विजय कुमार, मुखिया संगीता लकड़ा, पंसस मनिता देवी, भाजपा नेत्री मिनाक्षी देवी व युवा नेता रिकी वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इसके उपरांत इन्होने शिविर में मौजूद लोगो के बीच केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी। मिनाक्षी देवी व रिकी वर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के नीति व सिद्धांत पर कार्य कर रही है, केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाएं गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। उज्जवा योजना, उजाला योजना, पीएम किसान योजना, कोरोना काल के अब तक 80 करोड देशवासियों को प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त आनाज, जल जीवन मिशन योजना, पीएम आवास योजना जैसे कई योजनाएं संचालित है जिसका सीधा लाभ गरीबो तक पहुंच रहा है। इस दौरान मौजूद लोगो से संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपीन इन्होने की। शिविर में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक रहे मो०निजामुद्दीन के सेवानिवृत हो जाने के बाद उनके सम्मान में बुधवार को विद्यालय प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह का आयोजन विद्यालय की वर्तमान प्रधानाचार्य रूबी बानो के नेतृत्व में किया गया था। विदाई समारोह के तहत पूर्व प्रधानाध्यापक मो०निजामुद्दीन को स्कूली बच्चियों ने परंपरागत नृत्य से स्वागत कर स्टेज तक ले गए। उसके बाद उन्हें माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सहित उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बोलते हुए पूर्व प्रधानाध्यापक मो०निजामुद्दीन ने कहा की लागभग 30वर्ष तक बालूमाथ हाई स्कूल में अपना सेवा दिया। यह बिल्कुल घर जैसा हो गया था लेकिन आज सेवानिवृत हो रहे हैं दुखी जरूर है लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है की यहां के बच्चों ने उन्हें यह सम्मान दिया है। वही विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी बानो ने कहा विद्यालय परिवार उनके कार्यों को सदैव याद रखेगा उनके कुशल कार्यक्षमता एवं उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। वही शिक्षक कान्हा कुमार,निर्मल सिन्हा, निरंजन सिंह ने कहा कि यह सेवानिवृत्ति जरूर हुए हैं पर सेवा के दायित्व से नहीं इनके मार्गदर्शन की हमेशा हमें अपेक्षा रहेगी। ज्ञात हो की मो. निजामुद्दीन 27 अक्टूबर 1994 को विद्यालय में अपना योगदान दिया था और बीते 31 दिसंबर को सेवानिवृत हुए।

### बरवाडीह : बंध्याकरण के चार दिनों के अंदर महिला की हुई मौत, परिजनों और ग्रामीणों ने किया हंगामा

# बीडीओ ने सीएचसी पहुंच मामले की ली जानकारी, जांच का दिया निर्देश


ग्रामीणों से जानकारी लेते बीडीओ राकेश सहाय।

➲ स्वास्थ्य सहियाओं ने भी एनजीओ की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, लगाए आरोप


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अपनी लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। ताजा मामला ग्रामीण महिला संकुती देवी 26 वर्ष, पति दिलेश्वर भुइयां की मौत से जुड़ा हैं। जहां बुधवार को मृतिका के पति और ग्रामीणों के साथ स्वास्थ्य सहियाओ ने भी सीएचसी परिसर में जमकर बवाल काटा। हंगामा इतना हुआ की मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने सीएचसी पहुंच परिजनों की समस्या सुनी और उन्हें आश्वस्त करते हुए मामले को शांत कराया। दरअसल बीते तीन जनवरी को मोरवाई पंचायत के मंडल ग्राम अंतर्गत भुइयां टोली निवासी महिला सकुंती देवी 26 का बरवाडीह सीएचसी में बंध्याकरण का ऑपरेशन किया गया था। जिसके कुछ दिनों बाद 7 जनवरी को महिला की तबीयत बिगड़ी और घर पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बरवाडीह सीएचसी में एनजीओ के माध्यम से बंध्याकरण कराया जा रहा है, और मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी नही दी जाती है। वहीं मौके पर मौजूद स्वास्थ्य सहियाओं ने आरोप लगाया है कि वह कड़ी मशक्कत के बाद मोटिवेट कर महिलाओं को सीएचसी में बंध्याकरण कराने को तैयार करती है, लेकिन एनजीओ कर्मियों के द्वारा हम सहियाओं को ऑपरेशन केंद्र में अपने मरीज को देखने के लिए नहीं जाने दिया जाता है। खुद एनजीओ कर्मी जिन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में किसी प्रकार का अनुभव नहीं है, वह अंदर रहते हैं। इस दौरान सीएचसी की एक एएनएम के सहारे 30 महिलाओं का बंध्याकरण करा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि एनजीओ की गलती के कारण कई महिलाओं का टाका काटने के बाद जख्म पक कर बड़ा रूप ले ले रहा है। वहीं मृतिका महिला का टाका भी नहीं कटा था।

### मृतिका के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मिलेगा मुआवजा

इधर बीडीओ राकेश सहाय ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयवंत लकड़ा और एनजीओ कर्मियों से इस संबंध में गहनता से पूछताछ की। बीडीओ ने कहा कि यहां हर लगातार बंध्याकरण किया जा रहा है, लेकिन आज इस तरह का पहला मामला सामने आया है। महिला की मृत्यु किस परिस्थिति में और किन कारणों से हुई है, यह पोस्टमार्टम में स्पष्ट हो जाता लेकिन परिजनों ने महिला का पोस्टमार्टम कराए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया है। उन्होंने डॉ. जयवंत लकड़ा को मामले की जांच करने के साथ एनजीओ कर्मियों को निर्देशित किया कि संबधित गांव की सहिया को ऑपरेशन के दौरान अंदर रहने दिया जाए। वहीं उन्होंने जल्द से जल्द सभी प्रकिया को पूर्ण करते हुए मृतिका के परिजनों को सरकारी मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश भी सीएचसी प्रभारी को दिया है।

## भाजयुमो ने दिलाया मोदी को वोट देने का संकल्प



**बरवाडीह।** छिपादोहर मंडल में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकताओं ने बूथ नंबर 69 में पहुंच कर नए मतदाताओं से मुलाकात की। वहीं कार्यकताओं ने नए मतदाताओं से मेरा पहला वोट मोदी जी को संकल्प कराया गया और उन्हें वोट से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं से 24 जनवरी को लातेहार के बनवारी साहू कॉलेज में आहूत नए मतदाता सम्मेलन में शामिल होने को लेकर आमंत्रित किया। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, सुमंत यादव, अजय प्रसाद, अजय सोनी, मुन्ना गुप्ता, प्रदीप सिंह, भाजयुमो बृजमोहन सिंह, महामंत्री चंद्रदीप सिंह, पवन गुप्ता, मंत्री आयुष कुमार, गुड्डू सोनी, ओमप्रकाश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, राजू सिंह, पुटुन दयाल सिंह, अनिल सिंह, सुरेश सिंह, राजेंद्र सिंह और सुमित समेत काफी संख्या में भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 5 वर्षों से बंद डीसी ट्रेन शुरू सांसद विधायक ने दिखाई हरी झंडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राँची डीसी रेल लाइन में 5 साल से बन्द डीसी ट्रेन का परिचालन बुधवार से शुरू हो गया है। इसे लेकर लोगो में भारी खुशी उल्लास है कतरासगढ़ स्टेशन में डीसी ट्रेन का ठहराव पूर्व की भांति ही रहेगा। जिसका आज से ही शुरूआत हुआ है। ट्रेन के पहुंचते ही कतरास कोयलांचलवासियों के साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने ट्रेन के चालक-गार्ड का स्वागत किया.डीसी ट्रैन के ठहराव से लोगों में भारी खुशी है। वही विधायक और सांसद ने कहा कि डीसी रेल लाइन में 26 जोड़ी ट्रेन बन्द होने के पूर्व चलती थी।धीरे धीरे सभी ट्रेन शुरू होगा।आज हम सभी को डीसी ट्रेन मिल गई है रेल मंत्री प्रधानमंत्री जन हित भावना को देखते हुए कार्य कर रहे है। वही विधायक ने कहा कि जो लोग डीसी रेल लाइन में खतरा बताया बन्द होने की आशंका जाहिर कर रहे है,जो लोग षड्यंत्र रच रहे



है, उनलोगों को यह याद होना चाहिये कि केंद्र सरकार कतरासगढ़ स्टेशन के सौंद्रीयकरण के लिये 50 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। सौद्रीयकरण को लेकर कार्य शुरू है। इसलिए कोई बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास नही करे राज्य सरकार ने डीसी लाइन में बन्द ट्रेनों के शुरूआत के लिये कभी भी कोई प्रयास नही किया। रेल मंत्रालय को कभी इसे लेकर कोई अनुशंसा तक नही किया।सरकार को राज्य की खनिज संपदा लूटने से समय नही मिल रहा है। क्षेत्र की जनता की समस्या का समाधान करने का प्रयास हमलोगों का हमेसा जारी रहेगा। वही सांसद सीपी चौधरी ने कहा की डीसी ट्रेन को शुरू करने को लेकर कई बार रेल मंत्री से मिलने का काम किये।जिसका परिणाम है कि डीसी ट्रेन आज से शुरू हो गई है.बता दें, कभी कतरासगढ़ स्टेशन से होकर 26 ट्रेन गुजरती थी साथ ही ठहराव भी करती थी, इसी बीच, डीसी रेल लाइन को अभिप्रभावित बताकर ट्रेनों के परिचालन को बंद कर दिया गया था। सांसद विधायक के प्रयास से पुनः डीसी रेल का परिचालन शुरू किया गया।

## मांगो को लेकर कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जनता श्रमिक संघ (अ०) के कुसुंडा क्षेत्र संख्या -6 के अंतर्गत केडीएस के साइडिंग शाखा में 24 ठेका मजदूरों के बकाया वेतन, बोनस, एचपीसी के तहत वेतन का भुगतान एवं 6 माह से कार्य से बैठाये गये दो मजदूरों को रोजगार देने की मांग को लेकर परिवहन कंपनी एचटीओपीएलऔर एसटीजी कोल कैरियर के मनमानी तानाशाही रवैया के खिलाफ साइडिंग मे कार्यरत मजदूरों ने कोल ट्रांसपोर्टिंग कार्य को अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर धरने पर बैठ गए है। धरना का नेतृत्व कर रहे जनता श्रमिक संघ के क्षेत्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मजदूरों की समस्या को लेकर पूर्व मे कई बार पत्र के माध्यम से आंदोलन किया गया।

## बैंक मोड़ एसी मार्केट व भगवती कॉम्प्लेक्स की जांच के आदेश, लगा जुर्माना

**धनबाद।** धनबाद के बैंक मोड़ स्थित एसी मार्केट व भगवती कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग की जांच के आदेश दिए गए हैं। नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के आदेश पर सहायक नगर आयुक्त संतोषिणी मुर्मू नगर निगम की एनफोर्समेंट टीम के साथ दोनों मार्केट कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग की जांच करने पहुंचीं। यह जांच स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद कि गई। सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि जांच के क्रम में पाया गया कि एसी मार्केट के शौचालय का पानी सड़क पर बहाया जा रहा है। इसके लिए मार्केट पर 25 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। इसके साथ ही पाया कि मार्केट की हालत काफी जर्जर हो गई है।

## द चेंबर ऑफ कॉमर्स गोमो का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** गोमो अतिथि पैलेस में द चैंबर ऑफ कॉमर्स गोमो का वार्षिक अधिवेशन बुधवार को काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मथुरा प्रसाद महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, अध्यक्ष धीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राष्ट्रीय गान से किया। इस अधिवेशन में लगभग 400 सदस्यों की उपस्थिति रही। इस दौरान इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक श्री मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि व्यवसाई निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें किसी



भी तरह की समस्या हो तो हमें जरूर आवाज मैं हर समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयशरत रहूंगा। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार ने व्यवसायिकता पर बल देते हुए कहा कि व्यवसाई बाजार का अहम अंग होता है जिसे सभी लोगों के रोजमर्रा की जरूरतें व्यवसाईयों के माध्यम से ही पूरी होती है। वहीं पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामन नायक ने कहा कि सभी व्यवसाइ एक साथ काम कर रहे हैं या बहुत खुशी की बात है आगे भी इस तरह की एकता बनाए रखें और मिलजुलकर सभी कम करें यह मैं शुभकामना देता हूं।

## सिंदरी में एलआइसी कर्मियों ने एक घंटे के लिए किया राष्ट्रव्यापी हड़ताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एलआइसी सिंदरी कार्यालय में एलआइसी कर्मचारियों ने एक घंटे का राष्ट्रव्यापी हड़ताल को नाटकिय अंदाज में बुधवार को संपन्न किया। वक्ताओं ने हड़ताल की माँगों को बताते हुए कहा कि 1 अगस्त 2022 से दिए जा रहे वेतन पुनर्निर्धारण पर तत्काल वार्ता करने, एनपीएस कोष में प्रबंधकीय अंशदान को 14 प्रतिशत तक बढ़ाने, सभी संवर्ग में नयी नियुक्ति शुरू करने और कर्मचारियों, अधिकारियों के मुद्दों पर प्रबंधन की एकतरफा कार्यवाही बंद करने की माँग रखी गई है। एलआइसी सिंदरी



कर्मियों सुफिया, श्वेता सिंह, प्रवीण पाठक, रजनीकांत मिश्रा, नितिन कुमार और पाण्डेय ने माँगों को जायज बताते हुए कहा कि प्रबंधन इसपर सकारात्मक पहल करे और बिना देरी के वार्ता शुरू करे। राष्ट्रव्यापी हड़ताल का संचालन सिंदरी शाखा सचिव अर्जुन कुमार तिवारी ने किया। मौके पर बुद्धदेव कालिंदी, अनिमेष सहाय, आलोक सुब्रमण्यम, विकास कुमार साव, संजू कुमारी, सपन कुमार गोस्वामी, सुजाता सिंह, श्वेता कुमारी, प्रदीप कुमार सरदार, तारा पद सहिस, राजीव कुमार सिन्हा, बैद्यनाथ गुप्ता, अनवर हुसैन, रंजीत कुमार, शिव शंकर सिन्हा, ओम प्रकाश मौजूद थे।

## महाराणा प्रताप विचार मंच की समिति का हुआ पुनर्गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** महाराणा प्रताप विचार मंच के कार्यकारिणी समिति की सेक्टर 12 स्थित आवासीय कार्यालय में सम्पन्न बैठक में 28 जनवरी को सिटी पार्क वनभोज स्थल पर आयोजित मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम के निमित्त विस्तार से सकारात्मक चर्चा की गई। मंच के अध्यक्ष सहित अन्य सभी वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। महाराणा प्रताप विचार मंच की नई समिति के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह उपाध्यक्ष शत्रुंजय सिंह व रंजेश सिंह महामंत्री नागेन्द्र कुमार सिंह,सत्येंद्र नारायण सिंह मीडिया प्रभारी विद्या सागर सिंह सह मीडिया प्रभारी शशी कांत सिंह से मंच के कार्यक्रमों के सफल संपादन हेतु स्वयं सक्रिय सहभागिता निभाने एवं अन्य सदस्यों को सक्रिय करने हेतु विशेष रूप से अनुरोध किया गया।

## टोडल्स डेन पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने अपने स्कूली बच्चों के साथ मनाया पिकनिक

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत गोमिया स्थित संचालित टोडल्स डेनपब्लिक स्कूल प्रबंधनने अपने स्कुली बच्चों केसाथ पतरातु डैम में पिकनिक मनाया।इसके साथ ही स्कूल के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम भी किया। इस दौरान में पतरातु डैम का माहौल बहुत ही सुहाना था। पिकनिक में बच्चों ने तरह-तरह के खेल खेल का मजा भी लिया। इस दौरान बच्चों ने पतरातु डैम पर पिकनिक स्पॉट तथा शैक्षणिक भ्रमण शिक्षकों के साथ किया।इस मौके पर उप प्रधानाध्यापक विकाश कुमार बर्नवाल ने स्कूली बच्चों को पतरातु डैम की विशेषता बताई।

## सामाजिक एकता का संदेश देने के लिए पिकनिक का आयोजन : कृष्णा

**बेरमो।** समाज को नव वर्ष की शुभकामना देने, एकजुट करने और एक साथ बैठ भोजन कर सदभाव का माहौल बनाने की कोशिश के लिए फुसरो दामोदर नदी किनारे नयू स्टार क्लब फुसरो के सदस्यो के द्वारा पिकनिक सह सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कृष्ण कुमार, विजय सिंह और मनोज सिंह ने सामजिक एकता बल देते हुए कहा कि इस क्लब का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह क्लब बेरमो को दिशा देने का काम करता रहा है। हमें एकजुट होना है। इस अवसर पर डॉक्टर प्रह्लाद बरनवाल, विजय सिंह, कृष्ण कुमार, मनोज सिंह, मनोज शर्मा, संजय सिंह, दयानंद बरनवाल, बैभव चौरसिया, रवि छाबरा, विजय कुमार, नरेन्द्र सिंह, घनश्याम प्रसाद, मनोज गुप्ता आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।

## महिला लाभुकों को चूजा वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वावलंबन योजना के तहत रोटरी क्लब चास द्वारा कांड्रा पंचायत के रामडीह गांव की 18 ग्रामीण महिला लाभुकों के बीच मुर्गी के चूजे एवं बत्तख के चूजे का वितरण किया गया। मौके पर शिव प्रकाश ने कहा कि मुर्गी व बत्तख पालन से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। ग्रामीण आत्मनिर्भर बन स्वरोजगार से जुड़ेंगे। चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि रोटरी चास चूजा पालन के माध्यम से ग्रामीणों को जीविकोपार्जन कर उन्हें स्वावलंबी बनाना चाहती है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुमन ने ग्रामीणों को बतख पालन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारियां एवं रोग से बचाव के संबंध में अवगत कराया। रोटरी चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि बत्तख पालन कम समय में लाभ देने वाला व्यवसाय है। क्लब की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है।ग्रामीणों ने रोटरी चास द्वारा किए गए इस कार्य की प्रशंसा की।मौके पर रोटरी जिला 3250 की प्रथम महिला रोटेरियन रंजना बगड़िया सहायक जिला पाल संध्या राज डॉ पुष्पा डॉ परिंदा सिंह नरेंद्र सिंह माधुरी सिंह विनोद चोपड़ा मुकेश अग्रवाल मंजीत सिंह विनय सिंह प्रेम शंकर सिंह अर्चना सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्थानीय सेक्टर 4 एफ सूर्य मंदिर में भजन संध्या का आयोजन



**बोकारो।** अयोध्या पूजित अक्षत कलश के आगमन पर सेक्टर 4 एफ सूर्य मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। गायक अरुण पाठक वरिष्ठ गायक श्याम कुमार रमेन्द्र नारायण दुबे सहित जय शंकर वैद्य आलोक कुमार रुचि कुमारी पूनम सिंह निरंजन सिंह, रविभूषणजी तिवारी जी आदि ने भी भजन प्रस्तुत किए। तबले पर पं शिवपूजन मिश्र व हारमोनियम पर श्याम कुमार एवं आर एन दुबे ने संगति की। भास्कर सेवक समिति के सीबी मिश्र ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर में 22 जनवरी को होनेवाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश उत्साहित है। श्रद्धालुओं के बीच अक्षत व प्रसाद का वितरण किया गया।

## विहिप द्वारा पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र वितरण अभियान की समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्री राम मंदिर अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत आमंत्रण पत्र एवं भगवान श्री राम के चित्र वितरण अभियान की समीक्षा की गई। विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान को सफल बनाने के लिए सिद्धू कानू नगर चास में 45 बस्ती सह टोली का गठन कर इस कार्य को संपन्न किया जा रहा है। श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सिद्धू कान्हू नगर चास के वरिष्ठ सदस्य परशुराम शाह ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगवान श्री राम के भव्य एवं दिव्य मंदिर दर्शन के लिए आमंत्रण पहुंचाना है। रवि राजोरिया ने कहा कि 45 बस्ती में बस्ती प्रमुख के साथ इस अभियान को 1 जनवरी से 15 जनवरी तक संपन्न करने का कार्य किया जा रहा है।

## उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिया दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय के सभागार में डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी विषय पर सम्पन्न बैठक में समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से गणतंत्र दिवस को मनाया जाएगा।

उन्होंने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन को लेकर बोकारो क्लब को आरक्षित करने एवं अन्य तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिया। सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाइन मैदान सेक्टर 12 में मेडिकल टीम



को रखने को चिकित्सा पदाधिकारी को कहा। समारोह में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों व सरकार की योजनाओं की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। ससमय कार्यों को सुनिश्चित करने पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए प्रभारी प्रवर एवं नजारत उप समाहर्ता को संयुक्त रूप से प्राधिकृत किया गया। बैठक में परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा। मुख्य समारोह स्थल पर विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मेडल/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## धनसार थाना में जन सहयोग समिति का किया गठन

**धनबाद।** बुधवार 10 जनवरी को वरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार धनसार थाना परिसर में एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राजदेव सिंह ने किया। बैठक में पुलिस जन सहयोग समिति का गठन किया गया। थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने कहा कि जन सहयोग समिति पुलिस को सहयोग करने के लिए बनाया गया, सर्वसम्मति से जो जन सहयोग समिति बनाया गया जिसमें मदन महतो को अध्यक्ष एवं थाना प्रभारी राजदेव सिंह को सचिव बनाया गया, समिति के सदस्य मेवालाल खटीक, राणा चट्टराज, कुल्लू चौधरी, संतोष कुशवाहा, नवीन सिंह, टिंकू सिंह,मनोज चौहान,मो. इमरान को सहयोग समिति का सदस्य बनाया गया।

## एक नजर में

### अवैध कोयला लेकर जा रहे स्कूटर को पुलिस ने पकड़ा

**केंदुआ।** नए एसएसपी के आने से धनबाद मे कोयला चोरी पर लगाम लग गया है। पुलिस भी अब इसको लेकर एक्टिव दिख रही है। ताजा मामला धनबाद पुटकी भागाबाँध ओपी का है जहाँ ओपी प्रभारी राजीव तुरी ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भागाबाँध रेलवे साइडिंग के समीप से अवैध कोयला लेकर जा रहे स्कूटर को जब्त किया है। स्कूटर में करीब 6 बोरा कोयला लोड था। पुलिस के पहुँचते ही कोयला लेकर जाने वाले कई बाईक सवार भाग गए। वही भागाबाँध ओपी प्रभारी राजीव तुरी ने बताया कि किसी भी तरह के अवैध कार्य क्षेत्र में नहीं करने दिया जाएगा ।अवैध कार्य करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी

### रफ्तार का कहर पिकअप वैन ने बुजुर्ग को मारी टक्कर हुई मौत

**कतरास।** बुधवार को कतरास में रफ्तार का कहर देखने को मिला एक तेज रफ्तार पिकअप भैन ने नेशनल हाईवे 32 सोनारडीह के पास 66 वर्षीय बुजुर्ग को टक्कर मार दिया । जिस कारण मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। बताते चले कि बुजुर्ग व्यक्ति का नाम शंकर मिस्त्री था उम्र 66 वर्ष जो बढई बस्ती का रहने वाला था। मृतक अविवाहित था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर धमाबाँध पुलिस एवं सोनारडीह ओपी पुलिस पहुँचकर पिकअप वैन को जप्त कर लिया है, एवं आगे की कार्रवाई में जुट गई थी।

### किसान सभा का आयोजन

**राजगंज।** बुधवार को राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह सामुदायिक भवन के सामने किसान सभा का आयोजन किया गया।सभा में आसपास के सभी प्रगतिशील किसानो ने भाग लिया। सभा मे पटना से आए मुकेश कुमार ने उन्नत किस्म के बीज एवं नवीनतम तकनीक का उपयोग कर सब्जियों की खेती के संबंध में बताया।भिंडी,नेनुआ,करैली, खीरा, झींगा, बोदी, लौकी, कोहड़ा के बीजों की गुणवत्ता, खेती के तरीकों फसलों के रखरखाव, बचाव, सिचाई के उपाय आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया।इस अवसर पर किसानों के बीच बीजों का वितरण भी किया गया।मौके पर नुनाराम महतो, कविता महतो ,संजना महतो,रीमा देवी राजुबाला देवी, ललिता देवी, जयराम महतो आइशा देवी नुनीबाला देवी, फेनकी देवी,मुचकी देवी, रीता देवी आदि प्रमुख किसानों ने भाग लिया।

### वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह की पुत्री रिया सिंह बनीं सीए

**सिंदरी।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा नवंबर 2023 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा परिणाम में सिंदरी की रिया सिंह ने 415 अंक लाकर सिंदरी का नाम रौशन किया है। सीए फाइनल परीक्षा में धनबाद शाखा से 195 विद्यार्थियों में केवल 7 विद्यार्थियों ने दोनों ग्रुपों में अपनी योग्यता दिखाई है और रिया उनमें से एक हैं। सीए फाइनल की पहली प्रयास में सफल होने वाली रिया सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि माता पिता और शिक्षकों ने इस परीक्षा के लिए लगातार प्रोत्साहित किया। रिया के पिता पूर्व पार्षद सह वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह और माँ शोभा सिंह बिहार राज्य के गया जिला के पल्स टू हाई स्कूल की शिक्षिका हैं। पिता दिनेश सिंह ने बताया कि डिनोबली सिंदरी से वर्ष 2017 में दसवीं कक्षा में 90 प्रतिशत और 2019 में बारहवीं कक्षा में लायंस पब्लिक स्कूल सिंदरी से 97 प्रतिशत अंक लाकर पूत के पाँव पालने में ही दिखाई देने वाली कहावत चरितार्थ हो गई थी।

### चाचा ने 3 वर्षीय भतीजे की गला दबाकर कर दी हत्या

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के कुमारधुबी कोलियरी स्थित चाचा ने 3 वर्षीय भतीजे की गला दबाकर हत्या कर दी तथा जंगल में शव को फेंक दिया।इस संबंध में चिरकुंडा पुलिस द्वारा चाचा पिंटू राम को अपने गिरफ्त में लेकर पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है। जांच के दौरान पुलिस को पिंटू ने बताया कि उसके भाई शैलेश राम व पिंटू राम के बीच में रविवार को किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह उसके पुत्र को लेकर खिलाने के लिए लेकर चला गया और बंद पड़े फाईव के क्वेरी कोलियरी स्थित जंगल में ले जाकर भतीजा शिवराम का गला दबाकर मार दिया और शव को जंगल में ही छुपा दिया।

## पेज 1 का शेष

### नौसेना को मिला...

एडमिरल कुमार ने कहा कि आज दुनिया भर के देशों के लिए युद्ध के क्रम में स्वायत्त प्रणालियां पसंदीदा विकल्प बनती जा रही हैं। हमारे दोनों निकटतम पड़ोसियों के पास सामूहिक रूप से यूएवी की एक बहुत बड़ी सूची है। इसलिए एक राष्ट्र के रूप में और सशस्त्र बलों के रूप में हमें चुस्त और सतर्क रहकर इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना जारी रखें। भारतीय नौसेना पिछले दो दशकों से यूएवी का संचालन कर रही है, जो नौसेना के आत्मनिर्भर और 'फ्यूचर-प्रूफ' बल होने के 'विजन' का प्रतीक है। ऐसे परिष्कृत और विशिष्ट प्लेटफार्मों के स्वदेशीकरण को अपनाने और एकीकृत करने में सशस्त्र बलों के बीच अग्रणी के रूप में हमारे कद को भी मजबूत करती है।

उन्होंने आज नौसेना को सौंपे गये दृष्टि-10 यूएवी की खूबियों के बारे में बताया कि अत्याधुनिक सेंसर, उन्नत सहनशक्ति, उन्नत संचार क्षमताओं के साथ-साथ स्वचालित टेक ऑफ और लैंडिंग (एटीओएल) जैसी नयी पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के साथ इंटेलिजेंस, निगरानी और विश्वसनीयता बढ़ेगी। दृष्टि-10 आकाश में हमारी तीसरी आंख बन सकता है। इससे हमारी नौसेना भारत पर खराब नजर डालने की हिम्मत करने वाले किसी भी व्यक्ति पर निशाना साधने में सक्षम होगी। मुझे विश्वास है कि दृष्टि-10 यूएवी भारत के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हमारे भविष्य के नौसैनिक अभियानों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे दोस्तों और भागीदारों के सहयोग से समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### रामलला की किलकारियों...

31 मार्च 2013 को पहली बार दशरथ महल के सौंदर्यीकरण का प्रावधान यूपी सरकार ने किया, लेकिन 2017 तक प्रक्रिया जटिल कागजी प्रणाली में उलझकर रह गयी। कभी एस्टिमेट बनते तो कभी फाइल, एक टेबल से दूसरे टेबल तक जाने का यह क्रम चलता रहा। इस क्रम को बदलने का कार्य किया योगी आदित्यनाथ ने। योगी सरकार ने दशरथ महल के जीर्णोद्धार व सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को अमली जामा पहनाते हुए करीब तीन करोड़ रुपये के जरिये सत्संग भवन, प्रवेश द्वार, रैन बसेरा व यात्री सहायता केंद्र के निर्माण-पुनरोद्धार व सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को मूर्त रूप देना प्रारंभ किया। समाजवादी पार्टी की सरकार में 2.4 करोड़ का प्रावधान था, लेकिन इसकी फाइल घूमती रही और दिनोदिन लागत बढ़ती गयी। योगी सरकार ने करीब तीन करोड़ रुपये खर्च कर इसे सुसज्जित कर दिया। दशरथ महल में रैनबसेरा, यात्री सहायता केंद्र, प्रवेश द्वार व सत्संग भवन का कार्य कराने के लिए धन अवमुक्त किया गया था। रैन बसेरा, यात्री सहायता केंद्र का कार्य 2023 में पूर्ण हो चुका है। प्रवेश द्वार भी लगभग पूर्णता की ओर है। पहले यहां सत्संग भवन में केवल संरचना का कार्य पूर्ण हुआ था, पर अब यह सत्संग भवन भी 22 जनवरी के पहले बनकर तैयार हो जायेगा। 650 वर्ग मीटर में बने सत्संग भवन में मिट्टी, लेवलिंग, टाइल्स, फ्लोरिंग, विंडो, दरवाजे लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। उप्र निर्माण निगम की देखरेख में सत्संग भवन में मंच भी तैयार हो चुका है। एई बीवी निरंजन के मुताबिक सत्संग भवन में लगभग 300 से 350 सत्संगी एक साथ कीर्तन-भजन की गंगा में डुबकी लगा सकेंगे। एक दिसंबर से शुरू हुआ, निर्माण कार्य 22 जनवरी के पहले हर हाल में पूर्ण हो जायेगा।

# विश्वमित्र के रूप में आगे बढ़ रहा भारत

## मोदी ने किया वाइब्रेंट गुजरात समिट का उद्घाटन, बोले- भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देख रही दुनिया

**कुछ साल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा भारत : पीएम**



**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ, एक भरोसेमंद दोस्त, वैश्विक अर्थव्यवस्था के वृद्धि के एक इंजन, समाधान खोजने के लिए प्रौद्योगिकी के एक केंद्र और प्रतिभाशाली युवाओं के पावरहाउस के रूप में देखती है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्वमित्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के 10वें संस्करण के उद्घाटन के मौके पर मोदी ने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ साल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है। भारत एक ऐसा मित्र है, जिसपर भरोसा किया जा सकता है, एक ऐसा साझेदार है, जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है और एक ऐसी आवाज है, जो वैश्विक भलाई में विश्वास करता है और वह ग्लोबल साउथ की भी एक आवाज है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन, समाधान खोजने के लिए एक प्रौद्योगिकी केंद्र और प्रतिभाशाली युवाओं के पावरहाउस के रूप में देखती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया कई तरह की अनिश्चितताओं से घिरी हुई है, तब भारत दुनिया में विश्वास की एक नयी किरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में आगे बढ़ रहा है।

भारत ने दुनिया को उम्मीद दी है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं और उन्हें हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शुमार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज तेजी से बदलते हुए वर्ल्ड ऑर्डर (विश्व व्यवस्था) में भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं और दुनिया भर के निवेशकों को बताया कि अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष मनाएगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। इसलिए ये 25 साल भारत के लिए अमृतकाल हैं। इस मौके पर मोदी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को भारत-यूएई संबंधों में आई प्रगाढ़ता का श्रेय दिया।

## रिलायंस, टाटा, अडाणी और मारुति ने गुजरात में बड़े निवेश का किया एलान

**गांधीनगर।** देश के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अदाणी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन, लक्ष्मी मित्तल, निखिल कामत जैसे उद्योगपति मौजूद थे। वाइब्रेंट गुजरात समिट में अडानी, मारुति सुजुकी, टाटा, रिलायंस जैसी बड़ी कंपनियों ने गुजरात में अपनी नयी निवेश-योजना का खुलासा किया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अंबानी ने मोदी है तो मुमकिन है, शब्दों के साथ अपने भाषण की शुरूआत करते हुये कहा कि गुजरात हमेशा से उनकी कर्मभूमि रही है। रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रही है। उन्होंने कहा कि रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश सिर्फ गुजरात में किया गया है। गुजरात के ग्रीन एनर्जी सेक्टर में अगले 10 सालों तक रिलायंस अपना निवेश जारी रखेगा और वर्ष 2030 तक गुजरात की ग्रीन एनर्जी खपत का करीब आधा हिस्सा रिलायंस उत्पादित करेगा। अडाणी समूह ने गुजरात के लिए दो लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। गौतम अडाणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि 2047 तक भारत पूर्ण विकसित हो जाएगा। टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने कहा कि गुजरात और टाटा का रिश्ता वर्षों पुराना है। वर्ष 1939 से ही टाटा गुजरात में काम कर रही है। टाटा की 21 कंपनियां गुजरात में हैं और 50000 से ज्यादा टाटा के कर्मचारी गुजरात में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात टाटा के ईवी प्रोजेक्ट के लिए घर जैसा है। टाटा सी 295 डिफेंस एयरक्राफ्ट को बड़ौदा से धौलेडा तक विकसित करेगा। उन्होंने कहा कि 20-गीगावॉट बैटरी स्टोरेज की फैक्ट्री गुजरात में अगले दो महीनों में शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि साणंद उनकी कंपनी के सभी इलेक्ट्रिक वाहनों की तकनीक का केन्द्र बनता जा रहा है। मारुति सुजुकी मोटर्स के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि कंपनी अपना पहला बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन इस साल के आखिरी तक पेश करेगी और इसकी शुरूआत गुजरात से होगी। उन्होंने कहा कि कंपनी गुजरात में नई प्रोडक्शन लाइन पर 3200 करोड़ का निवेश करेगा।

## राम और सनातन विरोधी है कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही राम और सनातन विरोधी रही है। ठाकुर ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर के आमंत्रण को ठुकरा कर एक बार पुनः साबित कर दिया है कि वह राम और सनातन विरोधी है। ये वही कांग्रेस है, जिसने भगवान राम को काल्पनिक करार दिया था। कांग्रेस ने पुनः बाबरी मस्जिद बनाने की बात कही थी। कांग्रेस ने राम मंदिर के विरोध में कोर्ट में वकीलों की फौज खड़ी कर दी थी। उनका राम मंदिर कार्यक्रम में न जाना कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन धर्म को ठेस पहुंचाया। ये लोग राम को नकारते रहे हैं। कांग्रेस ने अनेक बार हिन्दुओं को नीचा दिखाने का काम किया है। कांग्रेस ने राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार किया है। आने वाले समय में जनता इनका बहिष्कार करेगी। कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम बताते हुए इसके निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

## टीडीपी सांसद ने दिया लोकसभा से इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** आंध्र प्रदेश की विजयवाड़ा सीट से सांसद केसिनेनी नानी ने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया है। वह तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) छोड़ वाईएसआर कांग्रेस में शामिल होंगे। वे बुधवार को वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख एवं मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी से मिले। इस्तीफा देने के बाद ट्वीट कर उन्होंने इसकी जानकारी दी और कहा कि मैंने विजयवाड़ा लोकसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा अध्यक्ष ओम बिरला को ईमेल के माध्यम से सौंप दिया है और उनसे मेरा इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जगन रेड्डी से शिष्टाचार भेंट हुई। राज्य की विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बेहतर भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण के प्रति उनके समय और प्रतिबद्धता के लिए वे आभारी हैं।

## 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : सीतारमण

**एजेंसी**

**2027-28 तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक होगी जीडीपी**



**गांधीनगर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके साथ ही सीतारमण ने कहा कि रुढ़िवादी अनुमानों के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। सीतारमण ने आयोजित वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संभव है कि हम वित्त वर्ष 2027-28 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे और हमारी जीडीपी उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगी। एक रुढ़िवादी अनुमान है कि वर्ष 2047 तक हमारी अर्थव्यवस्था कम-से- कम 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी। इस समय भारत लगभग 3.4 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। अभी अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी उससे आगे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7 I3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 7 I2 प्रतिशत रही थी। इस मौके पर सीतारमण ने कहा कि भारत को वर्ष 2023 तक 23 वर्षों के दौरान 919 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। इसमें से 65 प्रतिशत यानी 595 अरब डॉलर एफडीआई नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले आठ-नौ वर्षों के कार्यकाल में आया है। उन्होंने वित्तीय समावेशन का जिक्र करते हुए कहा कि बैंक खाता रखने वाले लोगों की संख्या 50 करोड़ हो गई है जबकि 2014 में 15 करोड़ लोगों के पास ही बैंक खाते थे।

## बेंगलुरु के मंदिरों में ड्रेस कोड लागू

**एजेंसी**




**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में मंदिर प्रबंधन ने बुधवार से एक ड्रेस कोड लागू किया। अब भक्तों को केवल भारतीय पारंपरिक ड्रेस में ही मंदिरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। कर्नाटक देवस्थान महासंघ और हिंदू जनजागृति समिति इस संबंध में मंदिरों के सामने बोर्ड लगाएगी और बुधवार से इस संबंध में सख्त नियम लागू करने को कहा है। ड्रेस कोड के अनुसार, पुरुषों को शॉर्ट्स, बरमूडा, फटी जींस, सीना दिखाने वाली टी-शर्ट पहनने की अनुमति नहीं है। वहीं, महिलाओं को शॉर्ट्स, मिडी, फटी जींस में मंदिरों के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी।बोर्ड ने श्रद्धालुओं से यह भी अपील की है कि वे अशोभनीय, अश्लील पोशाक पहनकर मंदिरों में प्रवेश न करें। इसमें यह भी कहा गया है कि मंदिर की पवित्रता की रक्षा करना परम धार्मिक कर्तव्य है। कर्नाटक मंदिर-मठ और धार्मिक संस्थान संघ ने पिछले महीने सभी मंदिरों के पुजारियों और ट्रस्टियों की बैठक बुलाई थी और जनवरी में नियम लागू करने का फैसला किया था। पहले अपील की गई थी और हिंदू संगठनों ने फैसले का समर्थन किया था। बेंगलुरु के वसंत नगर में श्री लक्ष्मी वेंकटरमण मंदिर के सामने इस संबंध में एक बोर्ड लगाकर मंदिरों के लिए ड्रेस कोड अभियान भी चलाया जाएगा।

## संसदीय कार्यपद्धति में परिवर्तन के लिए तैयार रहने की जरूरत: बिरला

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि संसद की कार्यपद्धतियों में समय तथा प्रौद्योगिकी के बदलावों के साथ बदलाव के लिए हमेशा तैयार रहने की जरूरत है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस संदर्भ में सचिवालय कर्मियों के लिए नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था पर भी बल दिया। श्री बिरला ने लोकसभा सचिवालय की स्थापना की 95वीं वर्षगांठ पर संसद भवन में आयोजित एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में संसद के दोनों सदनों की कार्य पद्धतियों में व्यापक बदलाव आए हैं और प्रौद्योगिकयों ने हमारी कार्य शैली को पूरी तरह से बदल दिया है। यह जरूरी है कि हम समय के साथ चलते हुए नवीनतम तकनीकों के लिए स्वयं को तैयार रखें। इसके लिए नियमित प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सीखते रहने की इच्छा रखने बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सचिवालय के कर्मियों का पी-20 सम्मेलन की सफलता में उनके परिश्रम का बड़ा योगदान रहा। साथ ही, अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से संविधान सदन से नए संसद भवन में स्थानांतरण का काम भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मोदी ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया है और यह स्वीकार्य नहीं है इसलिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए कांग्रेस पार्टी को जनता के बीच जाना होगा। श्री खड़गे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आयोजित पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में आम आदमी के मुद्दों पर ध्यान नहीं देने और निर्वाचित विपक्षी सदस्यों को अपनी आवाज उठाने से चुप कराने के लिए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया है और यह स्वीकार्य नहीं है. इसलिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए हमें जनता के बीच जाना होगा।राहुल गांधी ने सामाजिक, वित्तीय न्याय, मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, जाति-आधारित जनगणना और देश के लोगों के सामने आने वाले अन्य मुद्दों को उठाने के लिए यात्रा को चुना है।ह्व उन्होंने जोर दिया कि आज स्थिति अलग है और विपक्ष इंडिया गठबंधन के रूप में एकजुट है। इस एकजुटता से भाजपा में भ्रम की स्थिति देखी जा सकती है।

## मनोज तिवारी का गाना राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे रिलीज




**मुंबई।** अयोध्या में रामलला के मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। इससे पहले भाजपा सांसद और सिंगर-एक्टर मनोज तिवारी का बुधवार को भगवान राम को समर्पित एक गाना राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे... रिलीज हो गया है। यह गाना भगवान राम के प्रति उनकी आस्था को दर्शाता है और वे इस गाने के लिए अपने को गौरवान्वित महसूस भी करते हैं। इस गाने को मनोज तिवारी ने शीतल पांडे और अमित ढुल के साथ मिलकर गाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में भी तीनों दिख रहे हैं। इस गाने के बैक ग्राउंड में भगवान राम की छवि इनके भक्तिमय बना रहा है। मनोज तिवारी, शीतल पांडे और अमित ढुल का यह राम भजन राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे... ढुल एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है, जो ढुल एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर मनोज तिवारी ने कहा कि यह सच है कि हम सभी राम के थे, राम के हैं और राम के रहेंगे। हमें इस पर गर्व है। हम इस बात से भी गौरवान्वित हैं कि सनातन धर्म और रामचरितमानस की परम्परा से आते हैं। यह हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक समृद्ध विरासत है।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाकर इस विरासत को बढ़ाने का काम देश के सबसे प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने किया है। भगवान राम की महिमा अलौकिक है और उनके आगमन से पूरा देश हर्षित है। ऐसे में हमारा यह गाना सभी राम भक्तों के लिए है। उम्मीद है सभी को यह गाना पसंद आएगा। उल्लेखनीय है कि लंबे समय के बाद मनोज तिवारी कोई गाना लेकर आ रहे हैं, जिसका उनके फैंस को भी बेसब्री से इंतजार था। वहीं, भगवान श्री राम को लेकर बनने वाला यह अबतक का सबसे अनोखा गाना है, जो तेजी से लोगों के बीच में वायरल हो रहा है।

## 900 करोड़ क्लब में शामिल हुयी 'एनिमल'

रणबीर कपूर की एनिमल साल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में अपनी जगह बना चुकी है। एनिमल ने पठान, गदर 2, सभी को पीछे छोड़ दिया है। एनिमल ने रिलीज के 39वें दिन 36 लाख रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इस तरह देश में जहां फिल्म ने 550.86 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है, वहीं वर्ल्डवाइड इसने 900.50 करोड़ रुपये के ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। एनिमल ने घरेलू व वैश्विक स्तर पर सनी देओल की गदर-2 को मात देने में सफलता प्राप्त कर ली है।

## स्पीकर के निर्णय से सत्य की हुयी है जीत : शिंदे

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के दिए गए निर्णय से सत्य की जीत हुई है। सीएम शिंदे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को ठाकरे समूह के बचे 14 विधायकों को भी अयोग्य घोषित करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया है। इसलिए वे इस विषय पर कानूनविदों से चर्चा करेंगे। एकनाथ शिंदे ने कहा कि लोकशाही में बहुमत को महत्व है।

चुनाव आयोग ने इसी आधार पर शिवसेना के चुनाव चिन्ह धनुष बाण को उन्हें सौंप दिया था। इसी आधार पर विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी शिवसेना को ही असली शिवसेना माना है और उनके द्वारा नियुक्त चीफ व्हिप भरत गोगावले को ही चीफ व्हिप के रूप में मान्यता दी है।

## एक नजर में

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में तीन पुलिसकर्मियों समेत चार लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट जिले में बुधवार तड़के आतंकवादी हमले में तीन पुलिसकर्मियों समेत चार लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अज्ञात बदमाशों ने जिले के सिंधु राजमार्ग पर एक चेकपोस्ट पर तड़के स्वचालित बंदूकों से हमला कर दिया। हमले में तीन पुलिसकर्मियों समेत चार लोग मारे गये। पुलिस, सुरक्षा बलों और बचाव दल की टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और शवों को पास के अस्पताल में पहुंचाया।

### ताइवान में तेज बह रही बदलाव की बयार

**ताइपे ।** चीन की ओर से राजनीतिक और प्रशासनिक नियंत्रण की तमाम कोशिशों के बावजूद ताइवान में बदलाव की तेज बयार बह रही है और इसी कड़ी में एक समय देश के हर कोने में लगी तानाशाह जनरल चियांग काई शेक की मूर्तियां अब कहीं नजर नहीं आती। पहले ताइवान के किसी भी हिस्से में जायें, जनरल चियांग की उदार मुस्कान आपका स्वागत करती थी लेकिन अब यह दृश्य बहुत दुर्लभ है। लोकतांत्रिक ताइवान में अब अपने पूर्ववर्ती शासक के लिए जगह नहीं बची है और देश भर में लगी उनकी करीब 40,000 से अधिक मूर्तियां हटा दी गयी हैं।

### गेब्रियल अटल बने फ्रांस के प्रधानमंत्री

**पेरिस।** समलैंगिक ग्रेब्रियल अटल सबसे कम उम्र में फ्रांस के प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मैनुएल मैक्रां ने मंगलवार को 34 वर्षीय शिक्षा मंत्री गेब्रियल अटल को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। गेब्रियल अटल फ्रांस के पहले समलैंगिक प्रधानमंत्री भी हैं। मैक्रां ने एलिजाबेथ को हटाकर प्रधानमंत्री के तौर पर नए चेहरे को मौका दिया है। फ्रांस में साल के अंत में होने वाले यूरोपीय चुनावों से पहले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपनी शीर्ष टीम में फेरबदल करने की तैयारी कर रहे हैं। ताकि विपक्षी दल से बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मैक्रां खेमा धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ली पेन की पार्टी से लगभग आठ से दस प्रतिशत अंकों से पीछे चल रहे हैं। मैक्रां के करीबी सहयोगी अटल, जो कोविड महामारी के दौरान सरकार के प्रवक्ता के रूप में एक घरेलू नाम बन गए, निवर्तमान प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न की जगह लेंगे।

### चारमीनार एक्स. के तीन डिब्बे बेपटरी, छह घायल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद के नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गये जिससे छह यात्री घायल हो गये। दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राकेश ने बताया कि चेन्नई से हैदराबाद आ रही ट्रेन क्रमांक नंबर 12760 चारमीनार एक्सप्रेस नामपल्ली स्टेशन के पास पहुंची थी। इसी दौरान ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गये। घटना में छह लोग घायल हुए हैं जिन्हें सिकंदराबाद के लालागुडा रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद सामने आयेगा। राज्य के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने संबंधित अधिकारियों को घायल यात्रियों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिये हैं।

### 23 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा राष्ट्रपति भवन

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बताया कि गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी-2024 के कारण आम जनता के लिए राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा 23 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा। राष्ट्रपति भवन इससे पहले गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह की रिहर्सल के कारण 13 से 27 जनवरी के बीच प्रत्येक शनिवार को होने वाली रस्मी गार्डों की अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह को भी स्थगित करने की सूचना जारी कर चुका है। यह समारोह एक सैन्य परंपरा है, जिसमें राष्ट्रपति भवन के गार्ड समय-समय पर बदले जाते हैं। रायसीना हिल्स पर स्थित राष्ट्रपति भवन में प्रत्येक शनिवार को चेंज ऑफ गार्ड समारोह आयोजित होता है। गणतंत्र दिवस समारोह के कारण 13, 20 और 27 जनवरी को चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत आएंगे।

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26
Please cast your valuable
VOTE
for the post of
GENRAL SECRETARY
In favour of
ANIL KUMAR KANTH



Sl. No. 1
Chamber :- NEW BAR BHAWAN
Chamber No. S13 Third floor,
Civil Court, Ranchi, Jharkhand
Phone No. 9852219763,9304401200

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# सिधंल ने सभी को एक मंच पर खड़ा कर मंदिर आंदोलन को प्रखर बना दिया

**रामबहादुर राय**



लेकिन इसे कितने लोग जानते हैं ! दूसरी बात जो हुई वह अकल्पनीय थी। किसी की कल्पना से भी परे थी। वह यह कि विश्व हिन्दू परिषद में अशोक सिंघल जी ने नई जान डाल दी। इसमें ज्यादा वक्त नहीं लगा। विराट हिन्दू समाज के मंच पर संत-सन्यासी और धमार्चार्यों के जमावड़े से जो उर्जा निकली उसे उन्होंने बहुत वैज्ञानिक तरीके से अयोध्या आंदोलन में रूपांतरित कर दिया। भारतीय इतिहास के ज्ञात-अज्ञात पन्नों में जिन अभियानों और आंदोलनों का वर्णन मिलता है उनसे कहीं अधिक गहरा और व्यापक वह आंदोलन था जिसे अयोध्या आंदोलन कहते हैं। इसने हिन्दू समाज को आत्म विस्मृति से निकाला। नई चेतना से भरापूरा बनाया। क्या मजाल है ! कोई भी गहन शोधक नहीं मिलेगा जो अशोक सिंघल जी के बोले-कहे में से किञ्चित एक शब्द ऐसा नहीं खोज सकेगा जिसमें वे अयोध्या आंदोलन का श्रेय स्वयं लेते हों। तभी तो स्वामी सत्यमित्रानंद जैसे ऊँचे संत से सहज ही ये शब्द फूट पड़े कि 60 वर्ष की उम्र में ही अशोकजी को हमें महात्मा कह देना चाहिए था। भारत में तमाम प्रकार की उपासनाएं हैं, दार्शनिक मार्ग हैं लेकिन सब मार्गों के संत, महात्माओं, धमार्चार्यों को किसी एक मंच पर देश की, समाज की समस्याओं को हल करने के लिए जोड़ देने वाले व्यक्ति थे, अशोक जी सिंघल !

अयोध्या की मर्मांतक पीड़ा बहुत पुरानी रही है, सदियों पुरानी। आंदोलन की चिनगारी पाँच सौ साल पहले पैदा हुई थी। समय-समय पर न जाने कितने लोग अयोध्या की पीड़ा के समाहार के लिए सामने आए। जिन्होंने अयोध्या की महिमा-गरिमा की पुनः स्थापना में खुद को खपा दिया। उनसे भिन्न थे अशोक जी सिंघल। वे पहले व्यक्ति माने जाएंगे जो चिनगारी को दावानल बनाने में समर्थ हुए। जो असंभव था उसे संभव बनाया। ऐसी बड़ी सफलता से अहंकार आ ही जाता है। अशोक जी सिंघल संकल्पवान थे पर अहंकार रहित थे। ऐसा व्यक्तित्व दुर्लभ होता है। उन्होंने अयोध्या की पीड़ा को

अपने अंतर मन में उतारा। एक अनुभूति से गुजरे। जिसने उन्हें विकल बनाया। फिर क्या था ! ऐसा व्यक्ति चुप नहीं बैठता। उठता है और चल पड़ता है। वे चले अकेले। लेकिन कारवाँ बनाने के लिए नहीं, इतिहास रचने के लिए। अशोक जी सिंघल ने इतिहास रचा। समाज इतिहास की करवट का साक्षी बना। इसका रहस्य वे लोग जानते हैं जो उनसे मिले हैं। बातचीत की है। एक बातचीत में उन्होंने कहा कि ह्यराम जन्मभूमि का मामला क्यों जल्दी सिद्ध हो रहा है ? कहीं कोई पराजय नहीं है। शिवाजी के इतिहास को हम पढ़ते हैं, कहीं पराजय उनको मिली ही नहीं। जहाँ गए, वहीं से विजयी होकर लौटे। कितना महान आश्चर्य है ?ह्ल अयोध्या आंदोलन की गति जैसे ही तीव्र हुई अनेक सवाल उठे। कह सकते हैं कि वे सवाल उठाए गए। उनमें एक यह था कि क्या संत इस देश को चलाएंगे ? इस पर अशोक सिंघल जवाबी सवाल पूछते थे। ह्यतो मैं उनसे सवाल करता हूँ कि तब क्या तुम चलाओगे इस देश को ? संत ही तो चला रहे हैं। अरे भाई ! जिसको दिखता है, वही तो चलाएगा इस देश को ? जिसे दिखता ही नहीं, वह क्या चलाएगा ?

यह उनकी आस्था थी कि ह्यसंत महात्मा अपनी तपस्या और तपश्चर्या को लगाने के लिए तैयार हो जाएं तो कौन-सा ऐसा काम है जो सिद्ध न होता हो ?ह्ल बिल्कुल यही ठीक-ठीक घटित हुआ। कैसे और क्यों ? यही जानने-समझने की जरूरत है। इससे ही गहरे रूप से संबद्ध एक प्रश्न और है। वह यह कि अयोध्या आंदोलन में सबसे महत्वपूर्ण घटना कौन सी थी ? इसे इस तरह भी पूछ सकते हैं कि अयोध्या आंदोलन की वास्तव में नींव किस घटना से पड़ी ? कोई कह सकता है कि ताला खुलने से शुरूआत हुई। यह सच नहीं है। ताला खुलवाने में अशोक जी सिंघल की प्रत्यक्ष भूमिका तो नहीं थी पर उनके प्रयास से जो परिस्थिति पैदा हुई उसके कारण ही ताला खुला। विश्व हिन्दू परिषद ने उस समय ह्यराम जानकी रथह्ल निकाला था। वह गाँव-गाँव पहुँचा। उसका प्रभाव मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह पर पड़े बिना नहीं रह सकता था। वे सक्रिय हुए। प्रधानमंत्री राजीव गांधी और अरूण नेहरू को समझाया कि ताला खुलवाने के राजनीतिक लाभ क्या-क्या होंगे। इसे अशोक जी सिंघल इन शब्दों में कहा करते थे- ह्यसच बात तो यह थी कि अगर शाहबानो का मसला न होता तो रथ जरूर रुकता। जब रथ गाँव-गाँव पहुँच गया और संतों ने सरकार को चेतावनियाँ दीं तो इन्हें यानी उत्तर प्रदेश सरकार को लगा कि पूरा हिन्दू समाज जागृत है। गाँव-गाँव आ गया तो फिर सब उलट जाएगा। न जाने क्या हो ? वीर बहादुर के मन में प्रेरणा जागी कि यह ताला कैसे खुले ? और फिर उसे न्यायालय से खुलवायाह्ल वह ताला 1951 से लगा हुआ था।

अयोध्या आंदोलन की वास्तव में नींव इस घटना से नहीं पड़ी। इससे एक वातावरण बना। नींव पड़ी 10 नवंबर, 1989 को। उसी दिन राम जन्मभूमि मंदिर के लिए शिलान्यास हुआ। उसे अशोक जी सिंघल ने दैवेच्छा की संज्ञा दी। उस अवसर पर बाला साहब देवरस जी ने एक संदेश दिया। जो पत्थर की लकीर बन गई है। संदेश था- ह्ययह भारतीय राष्ट्रीयता की विजय है। महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत को रामराज्य के रूप में देखा था। जब उनके दृष्टिकोण को कोई संकुचित या सांप्रदायिक नहीं कह सकता तो यह राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य भी सांप्रदायिक नहीं है। रामराज्य की स्थापना की यह पहली कड़ी है।

उस ऐतिहाहसक घटना की इस संदेश में सही परिभाषा है। उसे घटित हुए 30 साल से ज्यादा हो गए हैं। तब लखनऊ और दिल्ली में कांग्रेस की सरकारें थी। कहाँ वीर बहादुर सिंह, राजीव गांधी और देवराहा बाबा ! क्या कोई सूत्र इन्हें सहज ही जोड़ता है ? सिर्फ ह्यदैवेच्छाह्ल ! लाखों संत महात्मा जो अपने आश्रमों, पीठों और मठों में रहा करते थे उन्हें अशोक सिंघल ने अपने विनय भाव से राम जन्मभूमि आंदोलन से जोड़ दिया। वे आंदोलन के समर्पित सेनानी बन गए। करोड़ों देशवासियों की आकांक्षा और रामभक्ति को उन्होंने कसौटी पर कसा। लोगों के समर्पण की शक्ति को जगाया। सत्ता और वह भी कथित रूप से सेकुलर की शरारत को राम के शरणागत किया। राजनीति के मायावी दाँव-पेच को अप्रभावी बनाया। चुनाव के चौसर पर राम जन्मभूमि आंदोलन को दाँव पर लगाए जाने के खेल को खत्म किया। तभी तो राजीव गांधी ने देवराहा बाबा का निर्देश स्वीकार किया। जाने-माने पत्रकार हेमंत शर्मा ने तब जो बड़ी खबर दी थी उसका यह अंश बहुत प्रासंगिक है-राम मंदिर शिलान्यास के बारे में महत्वपूर्ण फैसले अयोध्या या फैजाबाद में नहीं किए जा रहे। ये फैसले लखनऊ या नई दिल्ली में भी नहीं किए गए, बल्कि सब कुछ वृंदावन में देवराहा बाबा के आश्रम में तय हुआ। देवराहा बाबा ने ही विश्व हिन्दू परिषद के नेताओं को निर्देश दिए। पिछले हफ्ते डेढ़ घंटे की बातचीत के दौरान उन्होंने राजीव गांधी को भी निर्देश दिए। इसके बाद भी राजीव के दूत लगातार बाबा के संपर्क में रहे। अयोध्या में वही हुआ, जो इन बैठकों में तय हुआह्ल ह्यराम जन्मभूमि मंदिर के प्रबंधक न्यासी अशोक जी सिंघल ने ह्यजनसत्ताह्ल से बातचीत में

माना ह्यदेवराहा बाबा एक धार्मिक महापुरुष हैं जो हमारे हर कदम का मार्गनिर्देश करते रहे हैं। बाबा ने छह नवंबर को राजीव गांधी से कहा था कि उन्हें मंदिर निर्माण को विश्व हिन्दू परिषद की माँग का समर्थन करना चाहिए। बाद की घटनाओं से साफ है कि गांधी ने वही किया, जो बाबा ने उनसे कहा।

इसे एक बड़ा चमत्कार ही कहा जाएगा। दूसरा कोई शब्द नहीं है जो इसे व्यक्त करता हो। पर यह भी सच है कि वह चमत्कार अशोक सिंघल के प्रयासों की पराकाष्ठा का परिणाम था। उन्होंने एक दिन तय किया कि राम जन्मभूमि पर मंदिर के लिए प्रयास करना है। वह एक अभियान का संकल्प था। उसी से पहली धर्म संसद हुई। नई दिल्ली का विज्ञान भवन पहली बार संत महात्माओं के सम्मेलन का साक्षी बना। वह पहली धर्म संसद थी। एक अभिनव प्रयोग था। 1984 में 7-8 अप्रैल को संतों ने जो फैसले किए उसी से राम जन्मभूमि मुक्ति का अभियान प्रारंभ हुआ।

## राम भक्त वत्सल हैं, मित्र वत्सल हैं, प्रजा वत्सल हैं

**प्रो संजय द्विवेदी**

**श्रीराम** अपने जीवन की सरलता, संघर्ष और लोकजीवन से सहज रिश्तों के नाते कवियों और लेखकों के सहज आकर्षण का केंद्र रहे हैं। उनकी छवि अति मनभावन है। वे सबसे जुड़ते हैं, सबसे सहज हैं। उनका हर रूप, उनकी हर भूमिका इतनी मोहनी है कि कविता अपने आप फूटती है। किंतु सच तो यह है कि आज के कठिन समय में राम के आदर्शों पर चलता साधारण नहीं है। उनसी सहजता लेकर जीवन जीना कठिन है। वे सही मायनों में इसीलिए मयार्दा पुरुषोत्तम कहे गए। उनका समूचा व्यक्तित्व राजपुत्र होने के बाद भी संघर्षों की अविरलता से बना है। वे कभी सुख और चैन के दिन कहां देख पाते हैं। वे लगातार युद्ध में हैं। घर में, परिवार में, ऋषियों के यज्ञों की रक्षा करते हुए, आसुरी शक्तियों से जूझते हुए, निजी जीवन में दुखों का सामना करते हुए, बालि और रावण जैसी सत्ताओं से टकराते हुए। वे अविचल हैं। योद्धा हैं। उनकी मुस्कान मलिन नहीं पड़ती। अयोध्या लौटकर वे सबसे पहले मां कैकेयी का आशीर्वाद लेते हैं। यह विराटता सरल नहीं है। पर राम ऐसे ही हैं। सहज-सरल और इस दुनिया के एक अबूझ से मनुष्य। राम भक्त वत्सल हैं, मित्र वत्सल हैं, प्रजा वत्सल हैं। उनकी एक जिंदगी में अनेक छवियां हैं। जिनसे सीखा जा सकता है। अयोध्या का मंदिर इन सद् विचारों, श्रेष्ठ जीवन मूल्यों का प्रेरक बने। राम सबके हैं। सब राम के हैं। यह भाव प्रसारित हो तो देश जुड़ेगा। यह देश राम का है। इस देश के सभी नागरिक राम के ही वंशज हैं। हम सब उनके ही वैचारिक और वंशानुगत उत्तराधिकारी हैं, यह मानने से दायित्वबोध भी जागेगा, राम अपने से लगेगें। जब वे अपने से लगेगें तो उनके मूल्यों और उनकी विरासतों से मुंह मोड़ना कठिन होगा। सही मायनों में रामराज्य आएगा। कवि बाल्मीकि के राम, तुलसी के राम, गांधी के राम, कबीर के राम, लोहिया के राम, हम सबके राम हमारे मनों में होंगे। वे तब एक प्रतीकात्मक उपस्थिति भर नहीं होंगे, बल्कि तात्विक उपस्थिति भी होंगे। वे सामाजिक समरसता और ममता के प्रेरक भी बनेंगे और कर्ता भी। इसी में हमारी और इस देश की मुक्ति है।

आज के भारत का मिजाज अयोध्या में स्पष्ट दिखता है। आज यहां प्रगति का उत्सव है तो कुछ दिन बाद यहां परंपरा का उत्सव भी होगा। आज यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिनों बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। यही तो भारत है। विकास और विरासत की यही साझा ताकत भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगी।

# देश के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा गौरवशाली क्षण

**आर.के. सिन्हा**

अयोध्या या भारत ही नहीं, सारे संसार में राम की चर्चा है। भारत तो राममय हो ही चुका है। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। लगभग 500 वर्ष के दीर्घकालीन वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम पुनः पूरे विधि-विधान के साथ अपने जन्म स्थान में पुनः विराजमान होने वाले हैं। भगवान राम फिर अयोध्या लौटे हैं लेकिन उनके उस जन्मस्थान पर आखिर सभी पंथ, सभी संप्रदाय के लोग समय-समय पर क्यों आते जाते रहे हैं? क्योंकि, राम किसी संकीर्ण विचारधारा से नहीं बंधे हैं। राम ही भारत की प्राणशक्ति हैं। राम ही धर्म हैं। मानव शरीर की श्रेष्ठता और उदात्तता का सीमांत राम से ही बनता है। हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय हैं, वह राम ही हैं। इसीलिए तो यहां सिख गुरु नानकदेव भी आए और अयोध्या में जन्मे पांच जैन तीर्थंकरों ने भी अपने को राम की वंश-परंपरा से ही जोड़ा। बनारस से दलित संत रविदास भी रामदर्शन के लिए अयोध्या आए तो दक्षिण के आलावर संत भी। द्वैत सिद्धांत मानने वाले आचार्य भी। अद्वैत के प्रवर्तक शंकराचार्य और विशिष्टाद्वैत के बल्लभाचार्य भी अयोध्या आकर जन्मस्थान पर अपनी साधना में लीन रहे। निर्गुण कबीर भी राम को भजते हैं और सगुण तुलसी भी। भवभूति भी राम को जपते हैं।

तुकाराम से तिरुवल्लुवर तक के लिए राम पीड़ित, शोषित और वंचित की अभिव्यक्ति हैं। श्रीराम की अयोध्या कैसी है? अयोध्या लोकतंत्र की जननी है। आराधिका है। संरक्षिका है। अयोध्या का लोकतंत्र संविधान या परंपरा से नहीं आचरण की श्रेष्ठता से चलता है। अयोध्या का लोकतंत्र लोकमंगल से चलता है। और वहां बना राम मंदिर ? क्या जन्मस्थान पर बनी यह नई इमारत राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पत्थरों और कंक्रीट का महज एक मंदिर है? नहीं। ये बदलते भारत का प्रतीक है, जिसमें किसी अन्याय के प्रतिकार की ताकत है। इस मंदिर से हमारी परंपरा, संस्कृति, धर्म, सभ्यता, मान - सम्मान का गर्भनाल का रिश्ता है। अयोध्या का मंदिर श्रीराम का है। इस बीच, एक बात कहनी होगी कि अयोध्या में रामलला के मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा की जिस तरह से तैयारियां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में हुई उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के कामकाज के साथ मंदिर निर्माण के काम को भी देखा। वे रोज काम की प्रगति की जानकारी लेते रहे और अपने मंत्रिमंडल के साथियों व अफसरों को जरूरी निर्देश देते रहे। उनकी पैनी नजर के चलते ही राममंदिर में चल रहा निर्माण कार्य वक्त रहते पूर्ण हुआ।

बहरहाल, अयोध्या श्रीराम की थी, श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी। श्रीराम भारत के कण-कण में हैं। हमारे भाव की हर हिलोर में श्रीराम हैं। राम यत्र-तत्र, सर्वत्र हैं। जिसमें रम गए, वहीं राम हैं। यहां सबके अपने-अपने राम हैं। गांधी के राम अलग हैं, लोहिया के राम अलग। बाल्मीकि और तुलसी के राम में भी फर्क है। भवभूति के राम दोनों से अलग हैं। कबीर ने राम को जाना, तुलसी ने माना, निराला ने बखाना। राम एक हैं, पर राम के बारे में दृष्टि सबकी भिन्न है। त्रेता युग के श्री राम त्याग, शुचिता, मयार्दा, संबंधों



और इन संबंधों से ऊपर मानवीय आदर्शों की वे प्रति मूर्ति है, जिनका दृष्टांत आधुनिक युग में भी अनुसरण करने के लिए दिया जाता है।

मयार्दा पुरुषोत्तम राम आदर्श पुत्र, आदर्श राजा, आदर्श भ्राता ही नहीं वरन आदर्श पति भी हैं, जो आजीवन एकपत्नी व्रती रहे। भगवान श्री राम ने राजा होते हुए त्याग, संयम, धैर्य, सहयोग और प्रजा के प्रति सेवा भाव का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पत्नी वियोग के साथ नाना प्रकार के कष्ट सहे। ईश्वरीय अवतार होने के बावजूद मनुष्य रूप में अनेक कष्ट सहने के बावजूद इतिहास ने भी उनके साथ कम अन्याय नहीं किया। माता सीता पर मिथ्या दोषरोपण के कारण राम द्वारा सीता का परित्याग एक मात्र ऐसा प्रसंग रहा, जिसके कारण आज भी प्रभु श्रीराम नारीवादियों के कटघरे में खड़े दिखाई देते हैं।

हालाँकि, मूल वाल्मीकि रामायण में सीताजी के त्याग का ऐसा कोई प्रसंग नहीं मिलता। ऐसा माना जाता है यह प्रसंग बाद में तत्कालीन लेखकों तथा कवियों ने रामकथा की दिशा को मोड़ने या यूं कहें राम की छवि को धूमिल करने और सनातन संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने के लिए जोड़ा। ऐसा भी कह सकते हैं कि भविष्य में नारी के लिए मयार्दा और शुचिता के कड़े मानदंड स्थापित करने के लिए बाद में यह प्रसंग जोड़ा गया हो। लंका विजय के पश्चात अग्नि को साक्षी मानकर सीता माता को पूरे मन से अपनाने वाले प्रभु श्रीराम माता सीता का परित्याग करने के बजाय उनके साथ पुनः वनवास लेना अधिक श्रेयस्कर समझते।

लेकिन, इस अनर्गल प्रसंग ने प्रभु श्रीराम को निरपराध कटघरे में खड़ा कर दिया। वाकई सीता माता के साथ अन्याय हुआ या नहीं यह तो अतीत के गर्भ में है परंतु यदि श्रीराम पर मिथ्या दोष लगाया गया है, तो वाकई इस सूर्यवंशी महान प्रतापी और मर्यादित राजा के साथ हर युग में अन्याय हुआ है।

इस बीच, कुछ ऐसे कथित ज्ञानी भी हैं जो श्रीराम को काल्पनिक मानते हैं। वैसे उनके कहने से क्या फर्क पड़ता है। फर्क तब पड़ता, अगर वे हजारों वर्ष से जिस प्रकार जीवित है, हयात है, साक्षात है, वह न होते। वे केवल जीवित ही नहीं हैं, उनके नाममात्र ने मुर्दा बना दिए गए राष्ट्र को ऐसा संजीवन कर दिया उसने विश्व सत्ता को अपने स्थान वापस कर दिया, जैसे वामन अवतार ने राजा बलि को। उनका नाम मात्र धर्म का पर्याय बन गया। दशरथ पुत्र श्रीराम से अधिक, कहीं गुना अधिक काम तो राम नाममात्र से हुए। गांधीजी ने साफ कहा कि वे इस बात में पड़ना ही नहीं चाहते कि राम ऐतिहासिक हैं या नहीं। उनके लिए रामनाम ही उनकी शक्ति और उनकी प्रेरणा थी।

खैर, हिंदुत्व और सनातन धर्मावलंबियों के लिए अयोध्या में राममंदिर का निर्माण तथा भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एक गौरवशाली क्षण है और वर्तमान पीढ़ी बेहद भाग्यशाली

है जो, इन ऐतिहासिक क्षणों की साक्षी बनने जा रही है । वर्षों से प्रभु श्रीराम जन्मभूमि का विवाद न्यायालय के समक्ष लंबित था जिसमें प्रभु श्रीराम एक वादी के रूप में थे। दीर्घकाल के वनवास के पश्चात प्रभु श्रीराम को अयोध्या में उनका अपना स्थान प्राप्त हुआ

# श्रेष्ठ 10 कहानी-संग्रह और उनके कथाकार

**मनोज सिन्हा**




'रचनाकारों की सूची में असगर वजाहत, उदय प्रकाश, कुमार अम्बुज, सूर्यबाला, रूपा सिंह और संदीप मील के अलावा और भी कथाकारों के कहानी-संग्रह शामिल हैं..

मजाक'- कुमार अम्बुज

- समकालीन हिंदी साहित्य के एक महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर अम्बुज का यह दूसरा कहानी संग्रह है. 'किवाड़', 'क्रूरता', 'अनंतिम', 'अतिक्रमण', 'अमीरी रेखा' और 'उपशीर्षक' अम्बुज के प्रकाशित प्रसिद्ध कविता-संकलन हैं. 'इच्छाएं' नामक कहानी संकलन के बाद 'मजाक' से अम्बुज ने कथा-जगत में भी अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है. अम्बुज शब्दों के जादूगर हैं और अपने लेखन से वे संघर्षशील मनुष्य की वैचारिक और सामाजिक लड़ाई को रेखांकित करते है। आज के क्रूर सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में आम मानुष के पैरों तले की जिस जमीन को लगातार छीना जा रहा है, उसे फिर से पा लेने की शाश्वत आकांक्षा अम्बुज की इन कहानियों का अनुपेक्षणीय स्वर है. ये कहानियां चारों तरफ से घिरे मनुष्य के संकटों, उसकी रोजमर्रा की दारुण सच्चाइयों को पठनीय रूपकों, अनोखे मुहावरों में रखते हुए जिजीविषा के सर्वथा नये रूपों से हमारा परिचय कराती है। आज संसार में निजी एकांत तलाशने, धरना देने हेतु जगह मांगने या जीवन में खोया विश्वास जगाने, संबंधों में प्रेमिल चाह या कोई सहज मानवीय इच्छा भी किस कदर दुष्कर, प्रहसनमूलक और अव्यावहारिक हो चली है, इस विडंबना को इस संग्रह की कहानियों से बखूबी समझा जा सकता है.

- प्रकाशकः राजपाल एंड संस

'अन्तिम नीबू' - उदय प्रकाश

- नामवर सिंह लिखते हैं कि हिंदी साहित्य के पिछले सौ सालों में के इतिहास में कवि और कथाकार के रूप में समान रूप से लेखन करने वाले तीन ही लेखक हुए हैं, और वह हैं- जयशंकर प्रसाद, अज्ञेय और उदय प्रकाश. अगर हिंदी कहानी के पिछले सौ वर्षों में, मैं आठ नाम लूं, तो उसमें भी उदय प्रकाश सम्मिलित होंगे. ये आठ नाम हैं- प्रेमचन्द, जैनेन्द्र, अज्ञेय, यशपाल, फणीश्वरनाथ रेणु, भीष्म साहनी, हरिशंकर परसाई और निर्मल वर्मा. अभिनेता इरफान खान की नजर में वे विश्व साहित्य के ऐसे श्रेष्ठ कथाकार हैं, जो नंबरों से ऊपर है। कवि, आलोचक, प्राध्यापक, चिंतक, अनुवादक, निर्देशक उदय प्रकाश की साहित्यिक मेधा की बानगी समेटने वाले इस संग्रह में उनकी पहली कहानी भी है तो इस संग्रह के प्रकाशन तक की आखिरी कहानी भी. कथाकार के रूप में यह उनकी विशेषता है कि उनकी हर महत्त्वपूर्ण कहानी 'हिंदी कहानी' के परंपरागत सांचे को तोड़ती है. केवल इतना ही नहीं, कई बार वे अपने ही बनाये सांचे को तोड़ते है। वे एक ऐसे सर्जक हैं, जिन्हें उर्दू, मराठी आदि भारतीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच जैसी विदेशी भाषाओं में भी भरपूर सम्मान मिला है. तय है कि इस संग्रह के उल्लेख के बिना हिंदी कथा-साहित्य का वर्ष 2023 का फलक पूरा नहीं होता.

- प्रकाशकः वाणी प्रकाशन

जंगलगाथा' - लोकबाबू

इस संग्रह में 12 रोचक, अनूठी कहानियां संकलित है। समकालीन हिंदी कथा साहित्य में अपने कथ्य और प्रस्तुतीकरण के ठेठ देसी अंदाज के कारण लोकबाबू की अपनी एक पहचान है. किसानों के सवाल, आदिवासी जीवन, छोटे शहरों और कस्बों में मध्यवर्गीय परिवारों के चित्र उनके कथा-साहित्य का निर्माण करते है। इस संग्रह में छत्तीसगढ़ के वनांचल के अनदेखे जीवन का जीवंत वर्णन है. 'जंगलगाथा' कहानी जहां आदिवासी जीवन के उस प्रसंग को उजागर करती है, जिसके बहाने मध्यवर्ग की सामाजिक विडम्बना को देखा जा सकता है, तो 'मुखबिर मोहल्ले का प्रेम' नक्सली गतिविधियों के बीच डरे-सहमे एक प्रेमी जोड़े की कहानी है. 'होशियार आदमी' में कोरोना के भयग्रस्त जीवन की झलक है और 'मुजरिम' किसान आत्महत्या का विषाद पैदा करती है. सशक्त भाषा, स्थानीय बोली, मुहावरों की छटा और भारत के हृदय प्रदेश के जीवन का यह रंग-बिरंगा कोलाज निश्चय ही रुचिकर है.

- प्रकाशकः राजपाल एंड संस

सिस्टर लिसा की रान पर रुकी हुई रात' - विजयश्री तनवीर

- यह कथा-संग्रह उन बेहद मामूली औरतों के ना-तमाम किस्सों का जोड़ है जो अपने हालात या हादसों के चलते औचक ही खास हो गई। इन कहानियों में उन आम औरतों का उजास और अंधेरा, उनके आकर्षण और विकर्षण, उनके डर और पछतावे, उनके हासिल नाहासिल सिमटे हुए है। लेखिका का मानना है कि इनमें उनकी स्मृति में ठहरे कुछ अपनों की परछाइयां हैं, कुछ धुंधरित घटनाओं के अमिट चित्र हैं जिन्हें पन्नों पर उतारकर वह अपने मन-मानस पर रखे भार से मुक्त हो गई है।

- प्रकाशकः हिन्द युग्म

कूड़ा समय' - असगर वजाहत

1976 में देश में आपातकाल के दौरान वजाहत ने छोटी प्रतीकात्मक कहानियां लिखनी शुरू कीं और उनकी 'कोशिश यह रही कि शैली एक-सी न हो. कहीं वे पंचतंत्र की कहानियां जैसी लगें, कहीं वे आधुनिक मुहावरों में हों, कहीं केवल संवाद में हों, कहीं अमूर्तन हों तो कहीं सूफी परम्परा की कहानियां जैसी लगे। ये छोटी कहानियां अपने अर्थ और संदर्भ में छोटी नहीं थी।' लेखक का मानना है कि आज लोगों के दिमाग में धर्म, जाति, देश, एकाधिकारवाद, घृणा और नफरत का ऐसा कूड़ा भरा जा रहा है जिसके कारण चारों तरफ बढ़ती हिंसा देखने को मिलती है. उनके शब्दों में 'कूड़े को हटाने की कोशिश कूड़ा पहचानने से शुरू होती है.' यह संग्रह इस दिशा में एक छोटी-सी कोशिश है. हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकर असगर वजाहत का मानना है कि आज लोगों के दिमाग में धर्म, जाति, राष्ट्र आदि के नाम पर एकाधिकारवाद, घृणा और नफरत का ऐसा कूड़ा भरा जा रहा है, जिसके कारण चारों तरफ बढ़ती हिंसा देखने को मिलती है. उनके मुताबिक, 'कूड़े को हटाने की कोशिश कूड़ा पहचानने से शुरू होती है.' 37 लघु कहानियों का यह संग्रह इसी दिशा में एक छोटी-सी कोशिश है.

- प्रकाशकः राजपाल एंड संस

दुखाँ दी कटोरीः सुखाँ दा छल्ला' - रूपा सिंह

- ये कहानियां सुलगते-तपते अनुभवों की कहानियां है। ये कहानियां जैसे समय की एक नोक पर टिकी हैं, बंधी है। उनके ठिठके से चरित्र अपने भीतर वर्षों और कभी-कभी दशकों के तूफान छुपाये रखते है। इन कहानियों में किशोर होती बेटियों के अपने द्वन्द्व हैं, मां की अपनी फि क्र, दोनों के बीच सनसनाती वर्जनाओं के वे प्रदेश हैं जिन्हें लांघते हुए अमूमन हिंदी कथाकारों के पांव थरथराते है। लेकिन रूपा जैसे भाषा के स्थूल रूपों को छोड़ एक सूक्ष्म शब्दावली का निर्माण करती हैं और बहुत सहजता से ये कहानियां कह लेती है। सिहरती हुई पारदर्शी भाषा इन कहानियों को एक अलग त्वरता और तरलता प्रदान करती है. इन कहानियों में हिंदी की एक अलग सी भाषिक छौंक मिलती है जो कृष्णा सोबती की याद दिलाती है. पंजाबी की सोंधी खुशबू से भरी यह भाषा अपना एक पर्यावरण बनाती हैं, जो जितना दुख के धागों से सिला गया है उतना ही उल्लास के रंगों में डूबा हुआ है. दुख और सुख के दोनों किनारों को अपनी तरह से छूतीं ये कहानियां विभाजन की विभिषिका के बीच कोमल मन की संवेदनाओं और उनके बीच पनपे प्रेम से हिंदी के पाठकों के लिए एक नया संसार रचती है।

- प्रकाशकः वाणी प्रकाशन